लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -247, पृष्ठ -18+4, मूल्य- 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर, रविवार, 28 अप्रैल 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मौलिक चिंतन का ह्रास करती छाया शिक्षा प्रणाली व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 41.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 33 | सूर्यास्त 18 : 39



अक्षय की फिल्म खेल खेल में 6 सितंबर को होगी रिलीज...18

# पिछड़ी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने जा रही है कांग्रेस : योगी

## अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी की छूट की बात कर रहा विपक्ष

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)



- आरक्षण में से अल्पसंख्यकों के नाम पर 6 प्रतिशत हिस्सेदारी दे देगी कांग्रेस

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस हर व्यक्ति की संपत्ति का सर्वे कराकर संपत्ति का विभाजन करने की तैयारी कर रही है। सरकार बनने पर कांग्रेस पिछडी जाति के आरक्षण पर डकैती डालने का भी काम करने जा रही है उसमें से 6 प्रतिशत अल्पसंख्यकों के नाम पर आरक्षण मे हिस्सेदारी करने की तैयारी है। पहले आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी, अब अगर कहीं सुतली बम भी फटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि मेरा हाथ नहीं है।

वह शनिवार को औरैया में अजीतमल जनता महाविद्यालय में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को रुचि भोजन के नाम पर गोकशी करने की भी छूट देने की तैयारी कर रही है। विपक्षियों के मंसूबे अप संस्कृति को हमारी संस्कृति पर जबरदस्ती थोपने का प्रयास करने की तैयारी है। हमे उनके मंसूबे पूरे नहीं होने देने हैं। एक देश दो विधान नही चलेगे।

योगी ने कहा कि हम राम मंदिर ही नहीं बनाते हम आतंकवादियों और माफिया का राम नाम सत्य भी करना जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के भविष्य को सुरक्षित करने और विकसित करने के लिए तीसरी बार भी मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि इनकी यूपीए सरकार के समय में आतंकवादियों माफियाओं को संरक्षण मिलता था। इनके मंसूबे सही नहीं है, इन्हें गरीब किसानों से कोई सहानुभूति नहीं यह माफियाओं के साथ हैं। समाजवादी पार्टी के शासन में आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेने की पैरवी सरकार द्वारा की गई थी।

### क्या तीन तलाक की कुप्रथा को दोबारा लागू करेगी कांग्रेस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनके व्यक्तिगत कानून का अधिकार देने की बात करती है। तो क्या तीन तलाक की कुप्रथा, जिसे मोदी सरकार ने समाप्त किया है उसे दोबारा लागू किया जाएगा? क्या कांग्रेस शरिया कानून लागू करके देश का तालिबानीकरण करना चाहती है? कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के साथ धोखा है। देश की जनता को अगले पांच चरणों के चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखते हुए अपना निर्णय करना चाहिए।

### गोमांस पर क्यों चुप हैं इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए गोमांस मुद्दे पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने पूछा गोमांस पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी चुप क्यों हैं। क्या उनकी भी सहमति है। वह अपने घोषणा पत्र में लिख रहे हैं कि अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकार दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है, जो शेष समुदाय से अलग है। उन्होंने कहा कि ईवीएम पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं, जो कभी बैलेट लूटा करते थे। लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। योगी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि बीते वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी? 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी?

## जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत याचिका स्वीकार कर ली है। गत 25 अप्रैल को न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। गौरतलब है कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मामले में पूर्व सांसद के खिलाफ जौनपुर के लाइन बाजार थाने में 10 मई 2020 को आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।



# सीडीएस के जरिये महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल करने पर फैसला करे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी




- प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र से संयुक्त रक्षा सेवाओं (सीडीएस) परीक्षा के माध्यम से भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) और भारतीय सशस्त्र बलों की वायु सेना अकादमी में महिलाओं के प्रवेश की मांग करने वाले एक प्रतिवेदन पर आठ सप्ताह में निर्णय लेने को कहा है।

अदालत ने कुश कालरा की याचिका पर यह आदेश पारित किया। उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आईएमए, आईएनए और वायु सेना अकादमी और अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाली दिसंबर 2023 की अधिसूचना को चुनौती दी थी। इस मुद्दे पर याचिकाकर्ता का प्रतिवेदन अब भी अधिकारियों के पास लंबित होने के मद्देनजर, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी.एस. अरोड़ा की पीठ ने शुक्रवार को कहा कि प्रतिवादी को आठ सप्ताह के भीतर कानून के अनुसार प्रतिवेदन पर निर्णय लेने के निर्देश के साथ रिट याचिका का निस्तारण किया जाता है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अधिसूचना ने अनुचित रूप से महिलाओं को लैंगिक आधार पर आईएमए, आईएनए और आईएफए के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल होने से बाहर कर दिया क्योंकि यह केवल उन्हें ओटीए में शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए विचार करने की अनुमति देता है।

## उग्रवादी हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत, 2 घायल

इंफाल, एजेंसी

- मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के शिविर पर किया हमला

मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में सुरक्षा बलों के एक शिविर पर उग्रवादियों के हमले में सीआरपीएफ के दो जवानों की मौत हो गई और दो अन्य कर्मी घायल हो गए।

उग्रवादियों ने मोइरांग पुलिस थाना क्षेत्र के नारानसेना में आईआरबीएन (भारतीय आरक्षित वाहिनी) शिविर पर हमला किया। उग्रवादियों ने पहाड़ी की चोटियों से शिविर को निशाना बनाकर अंधाधुंध गोलीबारी की। गोलीबारी रात करीब साढ़े 12 बजे शुरू हुई और देर रात लगभग सवा दो बजे तक जारी रही। इस दौरान उग्रवादियों ने बम भी फेंके, जिनमें से एक बम सीआरपीएफ की 128 बटालियन की चौकी में फटा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान सीआरपीएफ के उप-निरीक्षक एन. सरकार और हेड कांस्टेबल अरूप सैनी के रूप में हुई है। हमले में निरीक्षक जादव दास और कांस्टेबल आफताब दास छर्रे लगने से घायल हो गए। अधिकारी ने कहा दोनों घायल जवानों को इंफाल के क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया है।

# मोदी सुपरमैन नहीं, महंगाई मैन बन गये हैं : प्रियंका

नई दिल्ली/लातूर, एजेंसी



- बोलीं- केंद्र सरकार के विभागों में 30 लाख पद खाली पड़े

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए शनिवार को कहा कि हर चुनावी सभा मे भारतीय जनता पार्टी भले ही उन्हें सुपरमैन की तरह पेश करती हो लेकिन देश की जनता समझती है कि वह सुपरमैन नहीं बल्कि महंगाई मैन है।

प्रियंका ने कहा कि भाजपा के नेता कहते हैं कि मोदी जी बहुत ताकतवर हैं, चाहें तो चुटकी भर में युद्ध रुकवा सकते हैं। तो मोदी ने बेरोजगारी और महंगाई क्यों नहीं कम की। दरअसल, इन्हें पता ही नहीं कि जनता के क्या संघर्ष हैं। वहीं, लातूर जिले के उदगीर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका नेता ने कहा कि केंद्र (सरकार के विभागों) में 30 लाख पद खाली पड़े हैं, जो पिछले 10 साल में नहीं भरे गए। 70 करोड़ लोग, विशेष रूप से नौजवान बेरोजगार हैं।

### एक नजर

#### सलमान के घर के बाहर गोलीबारी मामले में मकोका के तहत मुकदमा दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने 14 अप्रैल को बांद्रा स्थित अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना को लेकर शनिवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। शूटर विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) के अलावा सोनू कुमार चंदर बिश्नोई (37) और अनुज थापन (32) के साथ-साथ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई पर भी मकोका लगाया गया है।

#### मुंबई में अस्पताल में लगी आग, चार झुलसे

**मुंबई ।** कांदिवली पश्चिम में स्थित विन्स अस्पताल में शनिवार दोपहर आग लग गई जिसमें चार लोग झुलस गये। अग्निशमन अधिकारी अधिकारी ने बताया कि आग हॉस्पिटल के पिछले हिस्से में दोपहर 1:50 बजे लगी और दोपहर 2:05 बजे तक इस पर काबू पा लिया गया। आग सेंट्रलाइज एसी के तारों, कंप्रेसर और अन्य हिस्सों तक सीमित रही। हताहतों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर है।

#### सांड का सींग स्कूटी सवार युवक के सीने में आरपार

**हल्दूचौड़।** दोस्त के साथ लालकुआं से हल्द्वानी की ओर जा रहे धारचूला निवासी स्कूटी सवार युवक को हल्दूचौड़ में सांड ने टक्कर मारी जिसमें उसका सींग युवक के सीने के आरपार हो गया। राहगीरों ने घायल को निजी वाहन से तुरंत ही डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय हल्द्वानी पहुंचाया, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना में स्कूटी पर बैठा उसका साथी भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सैफनी के इमाम की अजमेर की मस्जिद में पीटकर हत्या

संवाददाता, सैफनी (रामपुर)



- सात वर्ष से मोहम्मदी मस्जिद में इमामत कर रहा था

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी कारी मोहम्मद माहिर की अजमेर की एक मस्जिद में अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी। पिता ने बताया कि माहिर दो दिन पहले ही अजमेर गया था।

सैफनी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी 25 वर्षीय कारी मोहम्मद माहिर पुत्र असलम करीब सात वर्ष से अजमेर के कंचन नगर की मोहम्मदी मस्जिद में रहकर इमामत करते थे। इसके साथ ही वह बच्चों को भी पढ़ाते थे। पिता असलम ने बताया कि शनिवार तड़के तीन बजे अजमेर से फोन आया कि उनके पुत्र माहिर की अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी है। बताया कि इमाम छात्रों के साथ अपने कमरे में सोए थे। रात को बदमाश लाठी-डंडे लेकर अंदर घुस गए और साथ में सो रहे बच्चों को डरा-धमका कर कमरे से बाहर निकाल दिया और उनपर हमला कर दिया।

## लैंडिंग गियर में खराबी, दिल्ली वापस लौटा विमान

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद जा रहा इंडिगो का एक विमान शनिवार दोपहर को लैंडिंग गियर में खराबी पाए जाने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया। उड़ान संख्या 6ई 129 का विमान में लगभग 170 लोग सवार थे।

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि विमान का जरूरी निरीक्षण किया जा रहा है, और यात्रियों को एक वैकल्पिक विमान उपलब्ध कराया जा रहा है। उड़ान भरने के बाद अचानक गियर में खराबी आने से विमान को लौटना पड़ा और उड़ान के लिए आपातकाल घोषित कर दिया गया था।

## कसाब को सजा दिलाने वाले वकील उज्जवल निकम को भाजपा से टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मुंबई उत्तर मध्य लोकसभा सीट से जाने माने वकील उज्ज्वल निकम को उम्मीदवार घोषित किया है। शनिवार को भाजपा की ओर से लोकसभा उम्मीदवारों की 15वीं सूची घोषित की गई जिसमें मुंबई उत्तर मध्य सीट से मौजूदा सांसद पूनम महाजन को इस बार टिकट नहीं दी । निकम ने वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में पकड़े गये पाकिस्तानी आतंकी अजमल कसाब को फांसी दिलवाने में बतौर सरकारी वकील अहम भूमिका निभायी थी। इसके अलावा उन्होंने 1993 के बम धमाकों, गुलशन कुमार हत्याकांड और प्रमोद महाजन हत्याकांड जैसे हाई प्रोफाइल मामलों में भी सरकारी पक्ष की सफलता पूर्वक पैरवी की थी। भाजपा ने इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए आठ उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी की।



## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' धारावाहिक में अभिनय कर चुके गुरुचरण सिंह का अपहरण

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में अभिनय कर चुके गुरुचरण सिंह के लापता होने पर दिल्ली पुलिस ने शनिवार को अपहरण का मामला दर्ज किया है। सिंह धारावाहिक में रोशन सिंह सोढ़ी का किरदार निभाते थे। अधिकारियों ने कहा कि यहां पालम क्षेत्र के निवासी 50 वर्षीय अभिनेता की तलाश के लिए कई टीम का गठन किया गया है। वह पांच दिन से लापता है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि सिंह को आखिरी बार 22 अप्रैल को दिल्ली हवाई अड्डे के निकट देखा गया था और वह सामान लिए हुए थे। उनके घर से दिल्ली हवाई अड्डे तक के मार्ग के बारे में और जानकारी एकत्र करने के लिए उनके आवास के नजदीक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने कहा कि पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।



# बच्चों को कमरों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंसते थे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### खुलासा : यतीम बता लोगों से जकात की मोटी रकम हड़प रहे थे मदरसा संचालक



- शुक्रवार को डबल डेकर बस से बरामद किए थे 97 बच्चे

**अमृत विचार:** बिहार अररिया जिले से यूपी के सहारनपुर के मदरसों में ले जाए जा रहे बच्चों को यतीम बताकर मदरसा संचालक जकात की मोटी रकम हजम कर रह रहे थे। बच्चों को खाने के नाम पर गुणवत्ता विहीन दाल-चावल परोसा जा रहा था।

छोटे-छोटे कमरों में बच्चों को भेड़ बकारियों की तरह ठूंसा जाता था। इन बातों का खुलासा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी व पूर्व सदस्य संगीता शर्मा के सामने बच्चों ने रो-रोकर कर किया। शनिवार को डॉ. शुचिता व संगीता शर्मा ने मोहन रोड स्थित राजकीय बाल गृह में रखे गये बच्चों से मुलाकात कर उनकी आपबीती जानी।

डॉ. शुचिता शर्मा के मुताबिक अयोध्या से बालगृह भेजे गये कुल 97 बच्चे हैं। सभी बच्चे बिहार के अररिया जिले के कई गांवों के हैं। सहारनपुर में तौसीख नामक युवक ने मदारूल उलूम रफीकिया और रिजवान ने मदरसा दारे अरकम नाम से नये मदरसे खोले हैं। यह बच्चे इन्हीं दोनों मदरसों में ले जाए जा रहे थे। सभी के परिवार में 8 से दस भाई हैं। इन सभी के अपने-अपने गांवों के सरकारी स्कूलों में भी नाम लिखा है।

इस बीच नये खुले मदरसों को चलाने के लिए इनके संचालक वहां पहुंचे। बच्चों के परिजन को झांसे में लेकर धार्मिक पढ़ाई कराने के नाम पर ले आए हैं। बच्चों ने बताया कि मदरसा संचालक उन्हें यतीम बताकर लोगों को जकात के नाम पर रकम हड़पते हैं। बच्चों ने बताया कि उनसे तीन मंजिला मकान पर ईंटें चढ़वाई जातीं थी। छोटे-छोटे कमरों में 15-15 बच्चों को रखा जाता है। गर्मी के दिनों में इन कमरों में पंखे नहीं लगे होते हैं। डा. शुचिता से बच्चों ने कहा कि वह लोग मदरसा में नहीं पढ़ना चाहते हैं, अपने घर जाना चाहते हैं। अयोध्या पुलिस मामले में जांच कर रही है। वह यह भी पता कर रही कि जिन मदरसों में बच्चों को ले जाया जा रहा था, वह मान्यता प्राप्त हैं या नहीं। संचालक भी असली हैं या नकली।

वर्ल्ड कप विजेता श्री कपिल देव द्वारा होम्योपैथिक रत्न अवार्ड से सम्मानित किए गए डॉक्टर अतुल मिश्रा



बर्निट कम्पनी के सीएमडी डॉ. नितीश चन्द्र दुबे, डॉक्टर राम जी सिंह (सीसी एच प्रेसिडेंट), डिप्टी सीएम श्री ब्रजेश पाठक जी, राज्य सभा सांसद पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा जी, श्री दया शंकर मिश्रा दयालू (आयुष मिनिस्टर), 1983 वर्ल्ड कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के भूत पूर्व कप्तान श्री कपिल देव जी, क्रिकेटर मदन लाल, केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे जी, कैलाश खेर, हरिओम पवार जी (राष्ट्रीय कवि) डॉक्टर कुमार विश्वास जी, (राष्ट्रीय कवि) और आजतक न्यूज़ चैनल के एंकर विक्रांत गुप्ता जी, जर्मनी से आए डॉक्टर शेर गिल की विशेष उपस्थिति में एक शानदार समारोह में डॉक्टर अतुल मिश्रा जी को होम्योपैथिक चिकित्सा रत्न सम्मान से कपिल देव जी ने सम्मानित किया।



सबका साथ सबका विकास सबका इलाज

रोगोन्मूलनम् | डा0 अतुल मिश्रा जर्मन होम्यो क्लीनिक | दीर्घजीवनम्

डॉ. अतुल मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S., R.N.S.H.M.C. (Gwalior)
M.D. (German Homoeo Gastro Liver Hospital)
& Dr. Herring German Homoeo Clinic
गेस्ट्रोलीवर एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया

डॉ. प्रीति मिश्रा
B.Sc., B.H.M.S. Indore
Mob.: 7800006601, 7800005505

त्वचा रोगः खुजली, मुँहासे, सफेद दाग, सोराइसिस, छाजन, मस्से, झाईया एक्जिमा दाद। श्वास रोगः छींक आना एलर्जी, जुकाम, अस्थमा, साइनोसाइटिस। पेट रोगः जलन गैस, अपचन, छाले, एसीडिटी, फैटी लीवर, कब्ज, गैस, बवासीर भगन्दर, मस्से। पथरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की थैली की पथरी। मूत्र रोगः पेशाब में जलन, प्रोस्टेट। हड्डी रोगः गठिया, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, सरवाइकल, साइटिका पुरुषों में रोगः शीघ्र पतन, स्वप्न दोष नपुंसकता, धातु रोग।



अटल अरोग्य®
जर्मन होम्यो क्लीनिक
आधुनिक मशीन द्वारा पूरे शरीर की निःशुल्क जाँच

बाल झड़ना एवं गंजापनः डैंड्रफ बालों का झड़ना व सफेद होना। मस्तिक का रोगः सर दर्द, अधकपारी, ट्यूमर, याददास्त में कमी, चिड़चिड़ापन। स्त्री रोगः बच्चे दानी की गाँठ, स्तन में गाँठ, बाँझपन, अनियमित महावारी, सफेद पानी। अन्य रोगः पैरालिसिस, मिर्गी, कमजोरी, नींद न आना, दाँतों की बीमारी पार्किन्सन, डिप्रेशन, एलाजाइमर, बी.पी., थॉयराइड, हार्निया, डायबटीज, हाथ पैरों में झनझनाहट व सुन्न होना।

अब नही कराना होगा आपरेशन, जटिल एवं असाध्य रोगों को जर्मन होम्योपैथिक दवाओं द्वारा सफल इलाज



उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार श्री बृजेश पाठक जी द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

विधान सभा अध्यक्ष मा. सतीश महाना जी का स्वागत एवं अभिनन्दन करते डा. अतुल मिश्रा



लखनऊ में एक कार्यक्रम के दौरान श्री केशव प्रसाद मौर्य (उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार) द्वारा डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. प्रीति मिश्रा को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



माननीय सांसद साक्षी महाराज जी से आशिर्वाद लेते हुए डॉ. अतुल मिश्रा

कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता "नन्दी" से एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त करते हुए अटल आरोग्य जर्मन होम्यो क्लीनिक के एमडी डा. अतुल मिश्रा व डा. प्रीति मिश्रा।



माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को स्मृति चिन्ह भेंट करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. अतुल मिश्रा

माननीय दयाशंकर मिश्र (दयालु) राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से सम्मान प्राप्त करते डॉ. प्रीति मिश्रा

फ्री परामर्श व जांच सुविधा
30 जून 2024 तक उपलब्ध
मुफ्त जाँच | मुफ्त परामर्श

कानपुर

घन्टाघर चौराहे के पास गणेश मन्दिर के सामने
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 3.00 से 4.00 बजे तक

मरियमपुर चौराहे के पास शनि मन्दिर के सामने नियर फजलगंज चौराहा
डॉ अतुल मिश्रा
प्रातः 8.00 बजे से 11.00 बजे तक सायं 6.00 बजे से 8.30 बजे तक
डॉ प्रीति मिश्रा
पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक (बृहस्पतिवार अवकाश)

ग्वालटोली- 12/226, ग्वालटोली, स्टेट बैंक के बगल में
(प्रत्येक बृहस्पतिवार) प्रातः 9.00 से 10.00 बजे तक

लाल बंगला-हरिजन्दर नगर चौराहा खालसा स्कूल के सामने बैंक ऑफ बड़ौदा वाली बिल्डिंग
(बृहस्पतिवार अवकास) अपरान्ह 01.00 से 02.00 बजे तक

इसमें निःशुल्क जांच व निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा

9889970047, 7052873333
8299527940, 6389040009

# मैकगुर्क की पारी ने दिल्ली को दिलाई जीत

## मुंबई इंडियंस को 10 रनों से हराया, जैक ने खेली 84 रनों की पारी, अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर 15 गेंद में बनाया अर्धशतक

नई दिल्ली, एजेंसी

जैक फ्रेसर मैकगुर्क की 27 गेंद में 84 रन की आतिशी पारी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में 10 रन से हराकर प्लेआफ की दौड़ के लिए दावा मजबूत कर लिया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली ने चार विकेट पर 257 रन बनाए जिसमें मैकगुर्क के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स ने 25 गेंद में नाबाद 48 रन जड़े । जवाब में पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 247 रन ही बना सकी। पिछले पांच मैचो में चौथी जीत के बाद दिल्ली अंकतालिका में दस मैचों में दस अंक के साथ पांचवें स्थान पर है जबकि मुंबई इंडियंस नौ मैचों में छह अंक लेकर नौवें स्थान पर है।

दिल्ली को ऑस्ट्रेलिया के 22 वर्ष के बल्लेबाज मैकगुर्क ने बेहतरीन शुरूआत दी और पहले विकेट के लिए अभिषेक पोरेल के साथ 44 गेंद में 114 रन जोड़े। उन्होंने आईपीएल में इस सत्र में सबसे तेज अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए सिर्फ 15 गेंद में पचासा जड़ा। मैकगुर्क 27 गेंद में 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स ने आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ पारी खेलते हुए सिर्फ 25 गेंद में नाबाद 48 रन बनाए जिसमें ल्यूक वुड को 18वें ओवर में जड़े पांच चौके और एक छक्का शामिल था ।

मुंबई की शुरूआत दिल्ली की तरह आक्रामक नहीं रही। ईशान किशन ने दूसरे ओवर में खलील अहमद को तीन चौके जड़कर हाथ खोलने शुरू किये थे लेकिन चौथे ओवर में ही मुंबई को रोहित शर्मा के विकेट के रूप में करारा झटका लगा । आठ गेंद में आठ रन बनाकर रोहित को खलील ने शाई होप के हाथों लपकवाया । अगले ओवर में सूर्यकुमार यादव ने मुकेश कुमार को दो चौके लगाये लेकिन ईशान (14 गेंद में 20 रन) इसी ओवर में अक्षर पटेल को कैच दे बैठे। खलील के अगले ओवर में छक्का और चौका जड़ने वाले सूर्य अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल सके और 13 गेंद में 26 रन बनाकर लिजाड विलियम्स को कैच देकर लौटे।

मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने जरूर कुछ अच्छे स्ट्रोक्स लगाये लेकिन जब टीम को उनसे कप्तानी पारी की जरूरत थी, वह क्रीज पर जमने के बाद अपना विकेट गंवा बैठे। इंपैक्ट खिलाड़ी रसिख सलाम ने 13वें ओवर में मुंबई को दोहरे झटके देकर उसकी उम्मीदों पर लगभग पानी फेर दिया। पहले हार्दिक (24 गेंद में 46 रन, चार चौके , तीन छक्के) ने प्वाइंट पर मुकेश को कैच दिया और फिर निहाल वढेरा ने विकेट के पीछे पंत को कैच थमाया। इस समय मुंबई को 43 गेंद में 118 रन की जरूरत थी और उसके पांच विकेट की बाकी थे। तिलक वर्मा ने अकेले किला लड़ाते हुए 32 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। वह आखिरी ओवर में रन आउट हुए। दिल्ली के लिये रसिख ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि मुकेश को भी तीन और खलील को दो विकेट मिले ।





बल्लेबाजी के दौरान ऋषभ पंत से बात करते मैकगुर्क। मुंबई को 10 रनों से हराने के बाद जीत की खुशी मनाते दिल्ली के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**114** रन दिल्ली के सलामी बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और अभिषेक पोरेल ने पहले विकेट के लिए बनाए महज 44 गेंद में।

**दिल्ली 257/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक मैकगुर्क का नबी बो चावला | 84 | 27 | 11/6 |
| अभिषेक पोरेल का ईशान बो नबी | 36 | 27 | 3/1 |
| शाई होप का वर्मा बो वुड | 41 | 17 | 0/5 |
| ऋषभ पंत का रोहित बो बुमराह | 29 | 19 | 2/2 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 48 | 25 | 6/2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 11 | 6 | 0/1 |

गेंदबाजी : वुड 4-0-68-1, बुमराह 4-0-35-1, तुषारा 4-0-56-0, चावला 4-0-36-1, पंड्या 2-0-41-0, नबी 2-0-20-1

**मुंबई 247/9** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 17

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ईशान किशन का अक्षर बो मुकेश | 20 | 14 | 4/0 |
| रोहित शर्मा का होप बो खलील | 8 | 8 | 1/0 |
| सूर्यकुमार का विलियम्स बो खलील | 26 | 13 | 3/2 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 63 | 32 | 4/4 |
| हार्दिक पंड्या का मुकेश बो सलाम | 46 | 24 | 4/3 |
| नेहान वढ़ेरा का पंत बो सलाम | 4 | 2 | 1/0 |
| टिम डेविड पगबाधा मुकेश | 37 | 17 | 2/3 |
| मोहम्मद नबी का होप बो सलाम | 7 | 4 | 0/1 |
| पीयूष चावला का होप बो मुकेश | 10 | 4 | 1/1 |
| ल्यूक वुड नाबाद | 9 | 3 | 0/1 |

गेंदबाजी : विलियम्स 3-0-34-0, खलील 4-0-45-2, मुकेश 4-0-59-3, कुलदीप 3-0-47-0, अक्षर 2-0-24-0, सलाम 4-0-34-3

## आज का मुकाबला

गुजरात टाइटन्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु — दोपहर 3:30 बजे

चेन्नई सुपर किंग्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद — शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 08 | 13 |
| युजवेंद्र चहल (राजस्थान) | 08 | 13 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 08 | 13 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 09 | 430 |
| ऋषभ पंत (दिल्ली कैपिटल) | 10 | 371 |
| सुनील नारायण (केकेआर) | 08 | 357 |

## खेल डायरी

### सेंथिलकुमार बैच ओपन स्क्वाश के सेमीफाइनल में



नई दिल्ली। राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार ने पेरिस में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को हराकर बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामिंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीय और विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर काबिज सेंथिलकुमार ने शुक्रवार रात 12,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामिंट के क्वार्टर फाइनल में पांचवें वरीय चेक गणराज्य के खिलाड़ी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हरा दिया। अब सेमीफाइनल में उनकी भिड़ंत हांगकांग के एंडीज लिंग से होगी। वहीं अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में एक अन्य पीएसए चैलेंजर टूर टूर्नामिंट एक्सप्रेशन सेंट जेम्स ओपन के क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय आकांक्षा सालुंखे यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त अलीना बुशमा से 29 मिनट में 7-11, 7-11, 8-11 से हार गईं।

### शीर्ष एथलीटों से कम नहीं भारतीय एथलीट

बेंगलुरु। भारतीय के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर का मानना है कि तोक्यो ओलंपिक में विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक से भारतीय खिलाड़ियों का विश्वास बढ़ा है और वे खुद को शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते हैं। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं। तूर ने शनिवार को यहां 'टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु' की पूर्व संध्या पर कहा, तोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है।



### ओलंपिक क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर माहेश्वरी

नई दिल्ली। भारत की माहेश्वरी चौहान दोहा में शॉटगन निशानेबाजों के लिए आईएसएसएफ ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिता में शनिवार को 25 के दो शानदार दौर के बाद शीर्ष पर है। शीर्ष छह निशानेबाज रविवार को फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। अभी एक और दौर का क्वालीफिकेशन बाकी है। इस आयोजन से भारतीय निशानेबाजों के पास पेरिस ओलंपिक का दो कोटा हासिल करने का मौका है।

### मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते आर्यन और जितेश

अस्ताना (कजाकिस्तान)। आर्यन (51 किग्रा) और जितेश (54 किग्रा) ने शनिवार को यहां एएसबीसी एशियन अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में अपने मुकाबले जीतकर पहले दिन भारत को जीत से शुरुआत कराई। आर्यन ने दक्षिण कोरिया के जो ह्योन वू को और जितेश ने चीनी ताइपे के चेन यू चेन को 5-0 के समान अंतर से हराया। अन्य मुक्केबाज जतिन (57 किग्रा), सागर जाखड़ (60 किग्रा) और यशवर्धन सिंह (63 .5 किग्रा) बाद में रिंग में उतरेंगे। जदुमणि सिंह एम (51 किग्रा), आकाश गोरखा (60 किग्रा), अजय कुमार (63 .5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) रविवार को अंडर-22 वर्ग में अपना अभियान शुरू करेंगे। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किग्रा) मंगलवार को महिलाओं के अंडर-22 वर्ग में उज्बेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। प्रीति ने पहले ही पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की कर ली है।

### आदर्श और मानसी बने ट्रायथलॉन चैंपियन

नई दिल्ली। भारतीय एथलीट आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल (01:02:03) और मानसी मोहिते (01:07.53) शनिवार को नेपाल के पोखारा में एशियाई ट्रायथलॉन में क्रमशः पुरुष और महिला चैंपियन बने। कौशिक विनायक मलंदकर (01:03:26) क्षेत्रीय चैम्पियनशिप में हमवतन सिनिमोल के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वहीं साई लोहिताक्ष केडी (01:07:20) और कृषिव पटेल (01:07:23) दक्षिण एशियाई पुरुष जूनियर वर्ग में शीर्ष दो स्थान हासिल करने में सफल रहे।

### भारतीय स्पिनर नहीं करा रहे स्पिन : मुरलीधरन

चेन्नई। श्रीलंका के दिग्गज गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन का मानना है कि भारत के युवा स्पिनर बड़े शॉट को रोकने की कोशिश में गेंद को स्पिन करने की कला से दूर हो रहे हैं। टेस्ट में 800 विकेट लेने वाले मुरलीधरन इंडियन प्रीमियर लीग टी20 में सनराइजर्स हैदराबाद के रणनीतिक कोच है। मुरलीधरन ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा भारत में समस्या यह है कि अधिकांश स्पिनर गेंद को स्पिन नहीं कर रहे हैं क्योंकि वे थोड़ी तेज गेंदबाजी कर रहे हैं।

# शंघाई में भारतीय तीरंदाजों का जलवा, चार स्वर्ण पदक जीते

शंघाई, एजेंसी



एशियन गेम्स की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम के नेतृत्व में भारतीय तीरंदाजों ने शनिवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप 2024 में कंपाउंड स्पर्धाओं में दांव पर लगे पांच स्वर्ण पदकों में से चार पदक अपने नाम किए। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति सुरेखा वेन्नम ने फाइनल में जगह बनाई और शूट-ऑफ में 2023 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता और शीर्ष वरीयता प्राप्त मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा को हराकर महिला कंपाउंड तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। पांच सेटों की समाप्ति के बाद स्कोर 146 की बराबरी पर रहा।

इस स्वर्ण पदक के साथ, ज्योति सुरेखा वेन्नम ने अक्टूबर में मैक्सिको के त्लाक्सकाला में होने वाले तीरंदाजी विश्व कप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया।

इस बीच, मौजूदा विश्व चैंपियन अदिति गोपीचंद स्वामी क्वार्टर-फाइनल में एंड्रिया बेसेरा से 144-142 से हार गईं। अवनीत कौर क्वार्टर-फाइनल में ज्योति के खिलाफ 143-142 से हार गईं, जबकि परनीत कौर तीसरे दौर में बाहर हो गईं। पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड में, प्रियांश को ऑस्ट्रिया के 2021 विश्व चैंपियन निको वीनर से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा, जिन्होंने 150 का परफेक्ट स्कोर बनाया, जबकि प्रियांश 147 का स्कोर बनाने में सफल रहे।

# यानिक सिनर और इगा स्वियातेक मैड्रिड ओपन प्री-क्वार्टर में पहुंचे



मैड्रिड। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर और इगा स्वियातेक शनिवार को अपने-अपने मैच जीतकर मैड्रिड मास्टर्स टेनिस के अगले दौर में पहुंचे। महिला एकल में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी स्वियातेक ने सोराना क्रिस्टिया को 6-1, 6-1 से हराकर आसानी से अंतिम-16 में अपनी जगह बना ली। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पोलैंड की यह खिलाड़ी सोमवार को विक्टोरिया अजारेंका या सारा सोरिब्स टोर्मो से भिड़ेंगी। पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी ने स्लोआने स्टीफंस को 6-1, 6-3 से हराकर अमेरिका की खिलाड़ी की सात मैचों के अजेय क्रम को रोक दिया। पुरुष वर्ग में सिनर ने इटली के हमवतन लोरेंजो सोनेगो को 6-0, 6-3 ये हराया। लोरेंजो के खिलाफ सिनर की यह पांच मैचों में पांचवीं जीत है। ब्राजील के क्वालीफायर थियागो मोंटेइरो ने दूसरे दौर में सातवीं रैंकिंग के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराया। इस मुकाबले से पहले क्ले कोर्ट पर पिछले 11 में से 10 मैच जीतने वाले सितसिपास रैंकिंग में 118वें स्थान पर काबिज मोंटेइरो की चुनौती पार नहीं पा सके।

# लखनऊ ने दिया राजस्थान 196 का लक्ष्य



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते लखनऊ के कप्तान केएल राहुल। ● एजेंसी

**लखनऊ 196/5** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो बोल्ट | 8 | 3 | 2/0 |
| लोकेश राहुल का बोल्ट बो आवेश | 76 | 48 | 8/2 |
| मार्कस स्टोइनिस बो संदीप | 0 | 4 | 0/0 |
| दीपक हुड्डा का पोवेल बो अश्विन | 50 | 31 | 7/0 |
| निकोल्स पूरन का बोल्ट बो संदीप | 11 | 11 | 1/0 |
| आयुष बडोनी नाबाद | 18 | 13 | 1/0 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 15 | 11 | 1/0 |

गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-41-1, संदीप 4-0-31-2, आवेश 4-0-42-1, अश्विन 4-0-39-1, चहल 4-0-41-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 | +0.698 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.972 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.577 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.148 |
| दिल्ली | 10 | 5 | 5 | 10 | -0.276 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.415 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.974 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.721 |

लखनऊ, एजेंसी

लोकेश राहुल और दीपक हुड्डा की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच 62 गेंद में 115 रन की साझेदारी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 196 रन बनाए। राहुल ने 48 गेंद में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 76 रन बनाये तो वहीं हुड्डा ने 31 गेंद में सात चौके की मदद से 50 रन बनाए। दोनों ने 11 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम की शानदार वापसी करवाई।

राजस्थान के लिए संदीप शर्मा ने 31 रन पर दो विकेट लिये जबकि ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और रविचंद्रन अश्विन को एक-एक सफलता मिली। बोल्ट ने शुरुआती दो गेंद में चौके खाने के बाद तीसरी गेंद पर क्विंटन डिकॉक (आठ) की पारी को खत्म किया। संदीप शर्मा ने पिछले मैच के शतकवीर मार्कस स्टोइनिस बोल्ड कर टीम को बड़ी सफलता दिलायी।

शुरुआत में थोड़ी धीमी गति से खेलने वाले राहुल और हुड्डा ने पावर प्ले के बाद बड़े शॉट खेलने शुरू किये। राहुल को हालांकि किस्मत का साथ मिला जब संदीप की गेंद उनके बल्ले में लगने बाद बेहद मामूली अंतर से स्टंप्स से टकराने से बचती हुई छह रनों के लिए चली गयी। एलएसजी ने आठवें ओवर से गति पकड़ी जब राहुल ने आवेश के खिलाफ दो छक्के जड़कर 21 रन बटोरे।

हुड्डा ने 11वें ओवर में गेंदबाजी के लिए दोबारा आये बोल्ट के खिलाफ 18 रन बटोर कर मौजूदा सत्र का अपना पहला पचासा पूरा किया।

अश्विन ने रोवमन पोवेल के हाथों हुड्डा को आउट कर इस शानदार साझेदारी को तोड़ा। अश्विन का यह मौजूदा आईपीएल में सिर्फ दूसरा विकेट है। हुड्डा के आउट होने के बाद राजस्थान के गेंदबाजों ने रनों पर अंकुश लगाना शुरू किया और इसका फायदा संदीप ने खतरनाकर निकोल्स पूरन (11) को आउट कर उठाया। पूरन संदीप की बाउंसर को डीप बैकवर्ड लेग पर बोल्ट के हाथों में खेल गये। राहुल भी इसी अंदाज में आवेश का शिकार बने। आयुष बडोनी (नाबाद 18) कृणाल पंड्या (नाबाद 15) तेजी से रन जुटाने में नाकाम रहे जिससे राजस्थान ने एलएसजी को 200 रन के अंदर रोक दिया।

# हम्पी, हरिका और वैशाली करेंगी फिडे महिला ग्रां प्री में नेतृत्व

नई दिल्ली, एजेंसी

ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी, हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली की तिकड़ी 2024-2025 फिडे महिला ग्रां प्री सीरीज में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगी। इसमें भाग लेने वाली सभी 14 खिलाड़ियों ने क्वालीफाइंग शर्तों को पूरा करने के बाद महिला ग्रां प्री में अपने स्थान अर्जित किये हैं। शेष छह खिलाड़ियों को प्रत्येक छह टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा नामांकित किया जाएगा।



इस आयोजन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में क्लासिकल टाइम फॉर्मेट की तीन महिला विश्व चैंपियन तान झांग्ये (2017-2018), एलेक्जेंड्रा कोस्टेनीयुक (2008-2010) और मारिया मुजिकचुक (2015-2016) के साथ पूर्व रैपिड विश्व चैंपियन हम्पी, कैटरीना लैग्नो और अन्ना मुजिकुक भी शामिल हैं। मौजूदा चैंपियन जू वेनजुन ग्रां प्री सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी जगह महिला विश्व रैपिड और महिला विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप 2018 उप विजेता सरसादत खदेमलशरीह को मिली है। वह अप्रैल 2024 फिडे रेटिंग सूची के अनुसार क्वालिफिकेशन हासिल करने की कतार में अगली खिलाड़ी थीं। अक्टूबर 2023 में, फिडे ने महिला ग्रां प्री नियमों में बदलाव की घोषणा की।

**बराबरी की टक्कर** — पिछला मैच जीतने के बाद गुजरात को मात देना चाहेगा बेंगलुरु, लगातार दो मैच में हार चुकी है चेन्नई

# आरसीबी के खिलाफ गुजरात की निगाह सुधार पर

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को यहां होने वाले मैच में उसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मध्यक्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम नौ मैच में आठ अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर काबिज है। अगर उसे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स से आगे पहुंचना है तो उसे जीत हासिल करनी होगी। इन दोनों टीम के भी आठ अंक हैं।

गुजरात जायंट्स को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। मोहित शर्मा (10 विकेट), उमेश यादव (7 विकेट), संदीप वारियर (5 विकेट) ने काफी रन लुटाए हैं जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह उमरजई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) और मयंक मार्कंडेय (सनराइजर्स ) का सामना करते हुए शानदार अर्धशतक जड़े। वहीं सलामी बल्लेबाज विराट कोहली और फाफ डु प्लेसी लगभग हर मैच में रन जुटाने की जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा रहे हैं। गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज भी आरसीबी से प्रेरणा लेना चाहेंगे। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने इस आईपीएल में 300 से अधिक रन बनाए हैं, लेकिन गुजरात टाइटन्स का मध्यक्रम उनकी तरह खेलने में सक्षम नहीं रहा है।




## सनराइजर्स से जीतने को बेताब है सीएसके

चेन्नई। लगातार हार का सामना करने वाली गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में मजबूत सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। नए कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की अगुआई में सत्र में अच्छी शुरुआत करने वाली सीएसके को पिछले दो मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स ने दो बार हराया है। सीएसके को अपने ही मैदान चेपक स्टेडियम में हारते हुए देखना बहुत ही विरले होता है लेकिन मार्कस स्टोइनिस के शानदार शतक की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने 210 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। सीएसके आठ मैच में चार जीत और इतनी ही हार से तालिका में पांचवें स्थान पर है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटंस के भी आठ अंक हैं। इसलिए सीएसके अपनी लय में वापसी के लिए बेताब होगी क्योंकि अब प्लेऑफ की दौड़ तेज हो जाएगी। सीएसके रविवार को तीसरे नंबर पर चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी जिसने इस सत्र में दो बार आईपीएल के उच्चतम स्कोर का रिकॉर्ड तोड़ा है, लेकिन पिछले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। सीएसके की बल्लेबाजी कप्तान गायकवाड़ और फॉर्म में चल रहे शिवम दुबे के इर्द गिर्द घूमती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता: एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ | www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919



मरहमताबाद हवाई पट्टी पर खड़ा हेलीकॉप्टर व बाहर आते पूर्व सीएम अखिलेश यादव। अमृत विचार



रोड शो करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव। अमृत विचार

### मरहमताबाद में 3.12 अरब रुपये से बनी हवाई पट्टी

**शिवली।** जनपद की इकलौती हवाई पट्टी का प्रस्ताव 2014 में समाजवादी पार्टी की सरकार में पास हुआ था। वर्ष 2015 में करीब 3 .12 अरब रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था राइट्स ने हवाई पट्टी का निर्माण शिवली क्षेत्र के भेवान, मरहमताबाद व बारनपुर कहिंजरी के क्षेत्रों को मिलाकर करीब तीन किलोमीटर लंबा व तीन सौ मीटर चौड़ी हवाई पट्टी का काम शुरू कराया था, जो वर्ष 2017 में पूरा हो गया था। वर्ष 2018 में नागरिक उड्डयन विभाग ने हवाई पट्टी पर राजकीय विमान उतारकर टेस्टिंग की गई थी।

○ सपा सरकार में बनी हवाई पट्टी पर उतरा पूर्व सीएम का हेलीकॉप्टर ○ रोड शो कर अखिलेश यादव ने भाजपा पर कसे तंज

# 'भाजपा सरकार ने वेयर हाउस में रखे अपने पोषित माफिया'

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** आज हमारे हेलीकॉप्टर ने मरहमताबाद की हवाई पट्टी पर लैंड किया तो बहुत से सारस उड़ कर गए है। इससे लगता है कि हवाई पट्टी प्रदेश के राजकीय पक्षी का केंद्र है। इसमें हवाई जहाज उतरते हो चाहे न उतरते हों, लेकिन सारस और चिड़िया खूब आते है। यह बात कन्नौज लोकसभा से सपा प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को रसूलाबाद विधानसभा की गहरा स्थित मरहमताबाद हवाई पट्टी में उड़नखटोला से उतर कर रोड शो के दौरान कही।

शनिवार को मरहमताबाद हवाई पट्टी से से बाहर निकलते हुए सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने उनके कार्यकाल के कामों को बंद कर दिया है। सपा कार्यकाल में हवाई पट्टी बनी थी। तभी से बदहाल पड़ी है।

एक बार शुरूआत में प्लेन उतार कर टेस्टिंग की गई थी। उसके बाद से भाजपा ने हवाई पट्टी में कोई काम नहीं किया हैं। उन्होंने कहा कि हवाई पट्टी के आसपास के गांव के लोगों को जलभराव की समस्या है। बीजेपी ने उसको भी दूर नहीं किया है। भाजपा सरकार ने माफियाओं के लिए एक वेयर हाउस बनवाया है। उसी में सभी पोषित माफिया रखे जा रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा भाजपा सरकार में जितने भी पेपर हुए, सभी पेपर लीक हुए। एक भी साफ भर्ती नहीं हो पाई है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री शिव कुमार बेरिया, कल्लू यादव, प्रमोद यादव, नीरज सिंह गौर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बाद में पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला रसूलाबाद की ओर रवाना हो गया।

### रोड शो की वजह से डायवर्ट किए गए वाहन

■ **शिवली।** शनिवार को मरहमताबाद से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के रोड शो के शुरू होने के बाद पुलिस ने शिवली, रसूलाबाद मार्ग पर भेवान से वाहनों को रसूलाबाद की ओर न भेज कर औनहां से असलतगंज होते हुए रसूलाबाद भेजा। रोड शो में वाहनों का लंबा काफिला व भारी भीड़ होने के चलते सड़क यातायात करीब दो घंटे तक प्रभावित रहा।

### संविधान व लोकतंत्र बचाने को जनता उखाड़ फेंकेगी सरकार: अखिलेश यादव



रसूलाबाद में पूर्व सीएम के रोड शो में उमड़ी भीड़।

**रसूलाबाद।** मरहमताबाद हवाई अड्डा से होते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव रोड शो करते हुए रसूलाबाद क्षेत्र के कहिंजरी गांव में पहुंचे। जहां जिला पंचायत सदस्य मटल्लू यादव व अब्बास खान ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद काफिला आगे बढ़ते हुए अंगदपुर में शिवसिंह यादव ने कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहां से पहाड़ीपुर से होते हुए रसूलाबाद आते ही विकास नगर स्थित आंबेडकर पार्क मे अतहर खां भुट्टो ने कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया। यहां पूर्व सीएम ने डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद केशव नगर में कुलदीप यादव, झींझक तिराहा पर इंडिया गठबंधन के सपा लोहिया वाहिनी अध्यक्ष वीरू कुशवाहा, कांग्रेस जिला सचिव आशुतोष पाठक उर्फ सलोनी, आनंद बाबू द्विवेदी, तिरान सिंह, जितेंद्र सिंह, विजय गुप्ता ने स्वागत किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में ऐसा ऐतिहासिक कार्यक्रम कभी नहीं हुआ। पिछले सरकार ने जो 2014 में वादे किए थे, वह सब जुमले बनकर रह गए हैं। किसानों की आय दोगुनी, नौजवानों को दो करोड़ व हर साल नौकरी देने का वादा झूठ साबित हुआ। उन्होंने कहा था महंगाई कम होगी, यह सब उनका जुमला निकला। महंगाई और बढ़ गई है। पूर्व सीएम ने कहा कि पिछली सरकार में दस परीक्षाएं निरस्त हुईं। नौजवानों का एक तिहाई जीवन चला गया। इसके बाद रसूलाबाद चौराहा पर हाजी फैजान खान, सोहेल व पुष्पेंद्र यादव ने स्वागत किया। यहां प्रेसवार्ता में कहा कि जो लोग डबल इंजन सरकार की बात कर रहे थे। वह लोग एक स्वयं ही गायब हैं। रोड शो के दौरान रसूलाबाद कस्बे में लोगों ने अपनी छतों से पूर्व सीएम पर फूलों की वर्षा की।

# परिषदीय स्कूलों में अब एनसीईआरटी की पुस्तकें

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● कक्षा एक व दो के पाठ्यक्रम में किया गया बदलाव



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति 2020 के तहत इसी सत्र से राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्य पुस्तकें पढ़ाई जानी हैं। इसके तहत कक्षा एक में पढ़ाई जा रही पाठ्यपुस्तक कलरव की विदाई हो गई है। अभी इसी पुस्तक में बच्चे हिंदी, गणित, अंग्रेजी और आंशिक संस्कृत पढ़ते थे। अब यह अलग-अलग विषय होंगे। कक्षा एक में संस्कृत नहीं पढ़ाई जाएगी। इसी तरह कक्षा दो के पाठ्यक्रम में भी बदलाव किया गया है।

राज्य शिक्षा संस्थान ने एनसीईआरटी के कक्षा एक एवं दो के पाठ्यक्रम को प्रदेश के अनुकूल (कस्टमाइज) किया है। इसके तहत कक्षा दो में हिंदी की पाठ्यपुस्तक किसलय के स्थान पर बच्चे सारंगी-दो पढ़ेंगे। गणित में गिनतारा के स्थान पर आनंदमय गणित-दो तथा अंग्रेजी विषय में मृदंगम-दो पुस्तक पढ़ेंगे। नई पुस्तकों के साथ बच्चों के लिए विशेष रूप से अभ्यास पुस्तिका (वर्क बुक) भी तैयार की गई है। इससे वह अभ्यास कर विषय को जल्दी और अच्छे ढंग से सीख सकेंगे। हिंदी और गणित की अभ्यास पुस्तिका को राज्य शिक्षा संस्थान, लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ) तथा विक्रमशिला संस्थान ने संयुक्त रूप से तैयार किया है। इसके अलावा अंग्रेजी की पुस्तक मृदंगम को आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (ईएलटीआई) ने कस्टमाइज कर अभ्यास पुस्तिका तैयार की है। इस बाबत बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि कक्षा एक एवं दो के विषयों की अभ्यास पुस्तिका से बच्चे आसानी से और रोचक ढंग से पढ़ाई कर सकेंगे। इससे उन पर पढ़ाई का दबाव महसूस नहीं होगा। नई शिक्षा नीति में इस पर विशेष जोर दिया गया है।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अबकी बार 400 पार
हर बूथ 400 पार
देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री आदरणीय
श्री अमित शाह जी नुमाईश पण्डाल, इटावा में
विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे...
आप सभी अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार सादर आमंत्रित हैं;
28 अप्रैल 2024, रविवार दोपहर 02:00 बजे नुमाईश पण्डाल, इटावा में सम्बोधित करेंगे...
निवेदक
लंबरदार नायक
शिव करन नायक
चिंटू नायक प्रधान
मंगल नायक
संत कुमार नायक
विनोद नायक
फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार
प्रो. (डॉ.) रामशंकर कठेरिया
प्रत्याशी 41- लोकसभा क्षेत्र इटावा
कमल का बटन दबाएं, भाजपा को विजयी बनाएं BJP
Follow me on: DrRamshankarKatheria

## एक नजर

### अधेड़ ने संदिग्ध हालात में फांसी लगाकर दी जान

**पुखरायां।** गौर गांव निवासी एक अधेड़ ने संदिग्ध हालात में फांसी लगा कर जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। आत्महत्या का कारण पुलिस पता नहीं लगा सकी है। भोगनीपुर क्षेत्र के गौर गांव निवासी श्रीपाल (65) ने गांव के बाहर लगे बबूल के पेड़ में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। उपनिरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर पीएम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लाइन पार करते वक्त ट्रेन से कटा युवक

**पुखरायां।** हलधरपुर गांव के समीप रेलवे लाइन पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के नोनापुर गांव निवासी सागर (32) शनिवार को हलधरपुर गांव के समीप से निकली झांसी-कानपुर रेलवे लाइन पार कर रहा था। तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लोगों की सूचना पर कोतवाली के उपनिरीक्षक आनंद कुमार मौके पर पहुंचे।

# डंपर और कार में सीधी भिड़ंत ससुर-बहू समेत तीन की मौत

## बीमार पिता का इलाज कराने जा रहा था परिवार, डंपर चालक मौके से फरार

कार्यालय संवाददाता, बिधनू



डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त कार।

- नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर माधवबाग बाजार के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** हमीरपुर हाईवे पर माधवबाग बाजार के पास ओवरटेक करते समय तेज रफ्तार डंपर ने कार में सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में ससुर, बहू और कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घायल बेटे और नाती को पुलिस ने प्राथमिक उपचार के बाद हैलट में भर्ती कराया है। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों की सूचना पर बिधनू पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार के दरवाजे को काटकर घायलों को बाहर निकाला। घायल युवक अपने पिता का इलाज कराने के लिए परिवार समेत हैलट जा रहा था।

फतेहपुर जिले के जहानाबाद कस्बा निवासी हाशिम (52) ने बताया कि उनके पिता हबीब (85) की शनिवार की दोपहर अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। पिता को हैलट में दिखाने के लिए उन्होंने डिघरुवा निवासी अमौली ब्लॉक के सफाई कर्मी पंकज वर्मा (34) की कार बुक की थी। हाशिम अपनी पत्नी हुश्नआरा (45), बेटे अमन (18) के साथ पिता हबीब को लेकर हैलट आ रहे थे। रमईपुर क्रॉस करने के बाद हमीरपुर हाईवे पर जब माधवबाग बाजार के पास पहुंचे, तभी नौबस्ता की ओर से आए तेज रफ्तार डंपर ने ओवरटेक करते हुए उनकी कार में सामने से टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

भीषण हादसे के बाद राहगीरों ने डंपर चालक को दौड़ाया, लेकिन वह डंपर छोड़कर मौके से भाग निकला। राहगीरों ने हादसे की सूचना बिधनू पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से कार का दरवाजा कटर से काटकर घायलों को बिधनू सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चालक पंकज वर्मा, बीमार बुजुर्ग हबीब और बहू हुश्नआरा को मृत घोषित कर दिया। वहीं हाशिम और अमन को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हैलट रेफर कर दिया। बिधनू थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया है। परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है।

### हादसे के बाद एक घंटे जाम रहा हाईवे

- कार और डंपर की आमने-सामने भिड़ंत के बाद हमीरपुर हाईवे पर भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएनसी की क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाकर यातायात सुचारु करवाया। इस दौरान करीब एक घंटे तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवा कर यातायात सामान्य करा दिया गया है।

### एक साथ तीन मौतों से मचा कोहराम

- सड़क हादसे में ससुर बहू व कस्बे के ही चालक की मौत की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया। जहानाबाद कस्बे में जिसको भी हादसे की जानकारी हुई वह मृतकों के घर की ओर दौड़ पड़ा। वहीं हादसे की जानकारी के बाद मृतकों के परिजन शहर की ओर रवाना हुए।

## आतिशबाजी की चिंगारी से दुकान व गृहस्थी जली

- शादी में द्वारचार के दौरान हो रही थी

**मूसानगर।** शादी के दौरान आतिशबाजी की चिंगारी से आग लग गई। जिससे दुकान व गृहस्थी का सामान चलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

सरांय गांव निवासी नसीम अहमद के घर सामने मुगल रोड किनारे शुक्रवार रात एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह चल रहा था। जिसमें द्वारचार के समय हो रही आतिशबाजी की चिंगारी उड़कर उनके छप्पर में जा गिरी। चिंगारी ने देखते ही देखते आग का रूप ले लिया। आग की लपटें देखकर घर के सभी लोग बाहर की ओर भागे और सूचना दमकल को दी। इसी दौरान आग ने घर के आगे रखे खोखे को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग से गृहस्थी का सामान व खोखे में रखा दुकान का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंचे लेखपाल राजेश पटेल ने बताया कि क्षति का आकलन कर मुआवजे के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

## सार-संक्षेप



रसूलाबाद में कार्यक्रम के दौरान मौजूद विधायक व भाजपा नेता। अमृत विचार

### मोदी और राम नाम की एक साथ चल रही लहर

**रसूलाबाद।** कस्बा सुभाष नगर में विधायक पंकज सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों का गठबंधन नहीं ठग बंधन है। मोदी विश्व स्तर पर छा गए हैं। इस समय मोदी और राम की लहर साथ-साथ चल रही है। भाजपा ने जो विकास कार्य कराए हैं। किसी भी सरकार ने आज तक नहीं कराया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि अपने बूथ को मजबूत करें। इस दौरान सांसद सुब्रत पाठक, विधायक पूनम संखवार, कैलाश राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष देवशरण कमल, जीतू त्रिपाठी, गौरव सिंह, गणेश शंकर तिवारी, प्रीतू सिंह, घनश्याम शुक्ला आदि रहे।





पोस्टर से जागरूकता का संदेश देते सिठमरा स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

### मीना मंच की बालिकाओं ने बनाई मानव श्रृंखला

**कानपुर देहात।** सिकंदरा उच्च प्राथमिक स्कूल में मीना मंच के माध्यम से चर्चा करते हुए बच्चों को जानकारी दी गई। इस दौरान मीना मंच की बालिकाओं ने मानव श्रंखला बनाकर व पोस्टर से जागरूकता का संदेश दिया। सिठमरा के परिषदीय में मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है, मुझको भी आगे बढ़ाना है, गीत के साथ प्रधानाध्यापक शनेंद्र सिंह तोमर ने स्कूल हर दिन आएं, आओ परिवेश बदलें, एक कदम स्वच्छता की ओर, चुप्पी तोड़ो, दर्पण की ओट में, आओ मिलकर करें प्रयास, विषयों पर कहानी के माध्यम से मीना मंच की बालिका सभा में चर्चा की। जेंडर इक्विटी के मास्टर ट्रेनर नवीन कुमार दीक्षित ने बाल विवाह, दहेज प्रथा व इसके कानून का दुरुपयोग, भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए मीना मंच के बच्चों को आगे आकर जन जागरूकता अभियान चलाने के बारे में जानकारी दी। सुगम कर्ता मायादेवी ने की बालिकाओं को अपने गांव का शत-प्रतिशत नामांकन, ठहराव के द्वारा सुशिक्षित बनाकर सामाजिक बदलाव लाने के बावत बताया। शिक्षक गुंजन पांडेय ने कहा कि बालिकाओं की जिज्ञासाओं का शमन, रचनात्मक लेखन, नेतृत्व क्षमता संवर्धन, जिज्ञासाओं का निदान, शिक्षा से जोड़ना एवं सहयोग की भावना का विकास करना है। इस मौके पर अनुदेशक प्रियंका यादव, सपना, शिखा, वैष्णवी, दिव्या, शिवानी, श्रेया आदि बच्चे मौजूद रहे।





ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण करती चुनाव प्रेक्षक। अमृत विचार

### प्रेक्षकों ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का लिया जायजा

**कानपुर देहात।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को लेकर अकबरपुर लोकसभा अंतर्गत सामान्य प्रेक्षक कादंबरी बालकवाड़े व पुलिस प्रेक्षक चैत्रा एन ने डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति की उपस्थिति में ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया गया। शनिवार को प्रेक्षकों ने निरीक्षण के दौरान ईवीएम कक्षों में लगाई गई सील व सीसीटीवी कक्ष आदि का जायजा किया। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय अंतर्गत सुनिश्चित की जाएं। साथ ही सीसीटीवी कैमरे संचालित रहे। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा और बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए। प्रेक्षकों ने अतिरिक्त ईवीएम व सीडी कक्षों को भी देखा। कहा कि मतदान व मतगणना आदि से संबंधित सभी व्यवस्थाएं शीघ्र दुरुस्त कर ली जाएं। जिससे लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप संपन्न कराया जा सके। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, एसडीएम अवनीश कुमार सिंह, सीओ तनु उपाध्याय समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापकों से निपुण कार्ययोजना पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



उत्कृष्ट शिक्षण पर शिक्षक को माला पहनाकर सम्मानित करते बीईओ।

- कंपोजिट विद्यालय बिवाईन के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार टीचर ऑफ द मंथ बने

**अमृत विचार।** अकबरपुर बीआरसी में शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई। जिसमें एआरपी टीम द्वारा निपुण कार्य योजना पर चर्चा की गई।

बैठक का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार पटेल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एआरपी अजय कटियार ने निपुण भारत मॉनिटरिंग सेंटर पर विद्यालय के डैश बोर्ड की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एआरपी नवजोत यादव ने पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन के संबंध में बताया। प्रेरणा पोर्टल पर डिजिटल रजिस्टर्ड नाम से मॉड्यूल विकसित किया गया। सभी प्रधानाध्यापको को जानकारी देकर मॉड्यूल के आधार पर ऑनलाइन उपस्थिति लगाने पर चर्चा हुई। एआरपी मंजुल मिश्रा ने दीक्षा एप के उपयोग और प्रशिक्षण की संपूर्ण जानकारी दी। समावेशी शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता के संबंध में एआरपी सतेंद्र कुमार ने बताया। एआरपी ज्योत्सना गुप्ता ने शत-प्रतिशत बालिका नामांकन, जीवन कौशल शिक्षा के महत्व को समझाया। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड अकबरपुर से राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2024 में चयनित छात्रों व उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया। इसी क्रम में क्रमशः प्राथमिक विद्यालय बाढ़ापुर, बैरागीहार, संगसियापुर, तोड़ा मोहम्मदपुर व उच्च प्राथमिक विद्यालय तोड़ा मोहम्मदपुर के प्रधानाध्यापकों को प्रवेशोत्सव के उत्कृष्ट आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। बीईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को अपने कार्यों और दायित्वों का बोध कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कार्यशैली में अनुशासन के महत्व को समझाया। कहा कि वे छात्र उपस्थिति बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाकर प्रयास करें। माह अप्रैल 2024 में 90 फीसदी से अधिक छात्र उपस्थिति के विद्यालय क्रमशः प्राथमिक विद्यालय गुलजारीपुरवा और मंसुरा के प्रधानाध्यापकों को बधाई दी गई। वहीं कंपोजिट विद्यालय बिवाईन के प्रधानाध्यापक सतीश कुमार को टीचर ऑफ द मंथ के खिताब से सम्मानित किया गया। बैठक में शरद द्विवेदी, सुरेंद्र कटियार, मोहम्मद इस्लाम, उपदेश कुमार, शहनाज, पुष्पा देवी, विकास द्विवेदी, वंदना गौतम, राधा दुबे सहित अन्य प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# एक्सरे मशीन न लगने से भटकते रहते मरीज

संवाददाता संदलपुर

- हवासपुर सीएचसी में रेडियोलॉजिस्ट भी नहीं तैनात

**अमृत विचार।** मरीजों की सुविधा के लिए सीएचसी हवासपुर में रखी एक्सरे मशीन इंस्टॉल न होने व रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने से धूल फांक रही है। ऐसे में मरीज एक्सरे के लिए जिला अस्पताल या फिर दूरदराज की प्राइवेट लैब में जाने को मजबूर हो रहे हैं।

हवासपुर व संदलपुर क्षेत्र के लोगों को चौबीस घंटे चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवासपुर का निर्माण कराया गया है। अस्पताल में एक्सरे व अल्ट्रासाउंड की सुविधा न होने के कारण मरीजों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा था। मामूली चोट के साथ सड़क हादसों में घायल होने वाले एवं मारपीट में आए घायलों का एक्सरे न होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल या कानपुर हैलट रेफर किया जाता था। लोगों की मांग पर शासन ने हवासपुर सीएचसी में पिछले दिनों एक्सरे मशीन उपलब्ध करा दी गई लेकिन उसे अभी तक इंस्टॉल नहीं किया गया है। साथ ही रेडियोलॉजिस्ट की भी तैनाती नहीं है। एक्सरे सुविधा न होने से लोगों को जिला अस्पताल अकबरपुर या फिर सिकंदरा जाना पड़ता है। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर मुनीष कुमार ने बताया कि जिस कंपनी से एक्सरे मशीन आई है। वहीं के कर्मचारी आकर मशीन को इंस्टॉल करेंगे।

# देश का विकास हमेशा युवा कंधों पर रहा निर्भर





संबोधित करते भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी मंचासीन सांसद व अन्य।

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- माती ईको पार्क में हुआ भाजपा का अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र का सम्मेलन

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी का अकबरपुर लोकसभा सम्मेलन ईको पार्क माती में संपन्न हुआ। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष ने युवा वर्ग को देश का भविष्य बताया।

शनिवार को सम्मेलन में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा से आए हुए युवाओं को संबोधित करते हुए कहा युवा देश का भविष्य हैं और देश का विकास युवाओं के कंधे पर ही हमेशा से निर्भर करता रहा है। भाजपा के साथ आज युवा खड़ा है। युवाओं के दम पर हम विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा अपराधियों को संरक्षण देने का काम करती है। जमीन पर कब्जा और सरकारी नौकरी पर डाका डालने का काम सपा सरकार ने किया है। निहत्थे कार सेवकों पर गोली चलाने का काम सपा सरकार ने किया। मोदी सरकार इस समय पांचवी अर्थव्यवस्था पर खड़ी है और आगे पांच सालों में तीसरे स्थान पर होगी। अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य अंतिम पंक्ति पर बैठे व्यक्ति का विकास करना है। सबका साथ सबका सम्मान के सिद्धांत पर हम चलते हैं। मोदी एवं योगी सरकार में योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को समान रूप से मिल रहा है। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परवेश कटियार ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिंह देकर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, राजेश तिवारी, डॉक्टर सतीश शुक्ला, राम प्रकाश कुशवाहा, जितेन सिंह गुड्डन, रविंद्र सिंह चौहान, शिवांग मिश्रा, अंकित गुप्ता, विकास मिश्रा, ऋषि सिंह, अतुल चंदेल आदि मौजूद रहे।



सम्मेलन में मौजूद लोग।

# कीचड़ से भरी ऊधौंपुर रजौली गांव की गलियां

संवाददाता सिकंदरा



ऊधौंपुर रजौली की नाली व सड़क।



ऊधौंपुर रजौली गांव की सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

- सफाई कर्मचारी पर गांव न आने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**अमृत विचार।** ऊधौंपुर रजौली गांव में गंदे पानी के भराव में मच्छर पनप रहे हैं। जिससे लोगों को बीमारी फैलने का भी डर सता रहा है। सफाई कर्मचारी के न आने से गांव में गंदगी का अंबार लगा हुआ है और गलियां कीचड़ से बजबजा रही हैं। जिससे ग्रामीणों में ग्रामीण व्याप्त है।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के ऊधौंपुर जरौली गांव निवासी सर्वेश राजपूत समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इस कदर जलभराव और कीचड़ से सड़ांध की स्थिति है कि ग्रामीणों को आने-जाने में मुंह पर कपड़ा लगाकर निकालना पड़ता है। कीचड़ युक्त पानी में मच्छर पनप रहे हैं। जिससे बीमारियां फैलने का भी अंदेशा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार तो कीचड़ में स्कूली बच्चे गिरकर चुटहिल हो चुके हैं। वहीं दोपहिया व साइकिल सवार भी आए दिन गिरकर हादसे का शिकार होते हैं। समस्या निदान के लिए कई बार ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव को जानकारी दी गई, लेकिन अभी तक हालात जस के तस बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि गांव में तैनात सफाई कर्मचारी कभी-कभार ही आता है और खानापूरी कर नदारद हो जाता है। इस संबंध में राजपुर बीडीओ हरिगोविंद गुप्ता ने बताया कि ब्लाक में सफाई कर्मचारी कम हैं। इसलिए यह समस्या पैदा हो रही है। जल्द ही रोस्टर लगवा कर गांव में सफाई कराई जाएगी।

**राहत की बात** | बीस दिन के अंदर करें ऑनलाइन आवेदन, 30 हजार प्रति हेक्टेयर मिलती क्षतिपूर्ति

# फसल जलने पर मंडी परिषद देगी क्षतिपूर्ति

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



आग से जली फसल। फाइल फोटो

**अमृत विचार।** गेहूं की फसल पक कर लगभग तैयार हो गई है और कटाई-मड़ाई भी शुरू हो गई है। दिन में सूर्य की तपन के साथ तेज हवा चल रही है। ऐसे में अग्निकांड भी बढ़ जाते हैं। हर वर्ष आग की चपेट में गेहूं की सैकड़ों बीघा फसल जलकर राख हो जाती है। इससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। फसलों की क्षतिपूर्ति में फसल बीमा किसानों के जख्म पर मरहम भी नहीं बन पाता। वहीं फसल नुकसान पर मंडी परिषद भी हानि का अंश किसानों को क्षतिपूर्ति के रूप में देती है।

गेहूं की कटाई और मड़ाई से पहले किसान सतर्क रहें और आग से बचाव के इंतजाम करें। किसान जिन खेतों के ऊपर से बिजली के तार दौड़े हैं। वहां फसल की कटाई सबसे पहले कर लें, अन्यथा उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। गेहूं की कटाई किसान मजदूरों के साथ हार्वेस्टर मशीन से भी कराते हैं। ऐसे में हार्वेस्टर से निकली चिंगारी, अन्य खामियों व लापरवाही से छह माह की मेहनत पूरी तरह से देखते-देखते जलकर राख हो जाती है। आग लगने से होने वाले फसल नुकसान पर किसानों को खेत खलिहान अग्नि दुर्घटना सहायता योजना से आर्थिक मदद की जाती है। किसान घटना के बीस दिन के अंदर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

खसरा, खतौनी के साथ नुकसान वाले क्षेत्रफल व फसल का नाम, बैंक पासबुक, आधार कार्ड के साथ विवरण दर्ज करना होता है। राजस्व विभाग से रिपोर्ट लेकर व कर्मचारी सत्यापन करते हैं। दो गवाह, खेत की फोटो व अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट भी देना अनिवार्य होता है।

इस संबंध में रूरा के मंडी सचिव कपिल कुमार गुप्ता ने बताया कि गेहूं की फसल में आग लगने से नष्ट होने पर 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से क्षतिपूर्ति दिया जाता है। साथ ही मड़ाई के दौरान थ्रेसर से दुर्घटना में किसानों को दिव्यांगता आने पर भी शासन की ओर से आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाती है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा एनटीपीसी अभिलेखों में पूरा नाम SHEETAL PRASAD SHARMA अंकित है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम SHEETAL PRASHAD SHARMA दर्ज है। अत: एनटीपीसी अखिलेखों में भी मेरा शुद्ध नाम SHEETAL PRASHAD SHARMAदर्ज किया जाए। -शीतल प्रशाद शर्मा पुत्र तिलकराज शर्मा कर्मचारी संख्या - 080154, निवासी - A E -104, एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार-रायबरेली

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **दुफाना पुत्री भजन पत्नी झब्बूलाल, निवासी- ग्राम-नसीपुर मजरे मंसारा, थाना- असंद्रा, जनपद बाराबंकी** सशपथ बयान करती हूं कि मेरे भाई नकछेद पुत्र भजन निवासी पूरे लोधे सिंह मजरे बम्हरौली कोतवाली हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी करीब 20 वर्षो से लापता हैं। इस दौरान इन्हें न देखा गया और न ही कोई सूचना है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम (ARSUMA) था जिसे मैने बदलकर (ARSHUMA JAMEEL) D/o Mohammad Muzammil jameel, रख लियाा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। Add 424/381 gari peer khan Near farooq tehki Chowk Lucknow

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विनोद कुमार पुत्र सूरजपाल निवासी- सूर्ज बक्शखेडा, लोदीपुर, परगना खीरों, तह0 लालगंज, जनपद-रायबरेली**, यहकि मेरे अलग-अलग दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सूरजपाल व सूर्यपाल अंकित है जबकि सूरजपाल उर्फ सूर्यपाल एक ही व्यक्ति है और मेरे पिता के रूप में जाने जाते है।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम पुराना नाम (MOHAMMAD TAHQEER) था जिसे बदलकर मैने अपना नाम (MOHD TAHQEEQ) रख लियाा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। MOHD TAHQEEQ S/o MOHD HAFEEZ, ADDRESS - 117/47 JAMBOOR KHANA LUCKNOW - 226001

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **शेर बहादुर पुत्र गनेश प्रसाद, निवासी- मान खेड़ा मजरा कनकहा थाना व तहसील मोहनलालगंज जिला लखनऊ**, मेरे 02 पुत्र लवकुश यादव व आशू यादव हैं। मेरा छोटा पुत्र आशू शराबी व्यक्ति है इन लतों के कारण काफी पैसा बर्बाद कर चुका है। आये दिन लड़ाई झगड़ा करता है मेरे व परिवार जनों द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर अपने पुत्र आशू यादव को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ यदि भविष्य में उसके द्वारा किसी घटना को अंजाम दिया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी आशू यादव की होगी मेरे व अन्य पारिवारिकजनों की नहीं।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **श्रीमती परवीन पत्नी मो0 अहमद, निवासिनी-542 पीएन 28एन, निकट-मायावती होटल, असियामऊ, थाना-ठाकुरगंज, लखनऊ** मेरे पुत्र मो0 आसिफ पुत्र मो0 अहमद व बहू श्रीमती कहकशां पत्नी मो0 आसिफ परिवार व अन्य लोगों के साथ लगातार गलत-व्यवहार व आचरण करते है, उक्त दोनों लोग (पुत्र व बहू) लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व से घर से अलग हो चुके हैं, आसिफ शराब के नशे में बहू कहकशां व मायके वालों के साथ आकर मार-पीट व गाली गलौज करते हैं उनसे क्षुब्ध होकर पुत्र व बहू उपरोक्त को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है व उनसे अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य या लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगें, मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

# हीलाहवाली : तेरह सालों से नहीं बन सका बिंदकी बाईपास

## अधूरे बाईपास के कारण नगर में हर घंटे लगता है भारी जाम, क्षेत्रीय लोग परेशान

चुनावी मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** करीब 13 साल पहले बाईपास का निर्माण शुरू हुआ था जो अभी तक पूरा नहीं हो सका। जिससे बिंदकी नगर में जाम की समस्या बनी रहती है। कुछ किसान वाजिब मुआवजा की मांग को लेकर अड़ गए, रूठे किसानों को मनाने की कई बैठकें हुईं, प्रशासनिक अधिकारी और पीडब्ल्यूडी अधिकारी भी राहत नहीं दे सके। जिले के जनप्रतिनिधियों ने गतिरोध को खत्म करने के प्रयास किया लेकिन बाईपास को धरातल पर उतारने की कोशिश सफल नहीं हुई।

बिंदकी व्यवसायिक नगरी होने से जनपद सहित आसपास के जनपद बांदा, रायबरेली, उन्नाव, हमीरपुर का व्यापार जुड़ा है। जहां सैकड़ों की संख्या में लोगों का आना जाना रहता है और नगर की आबादी करीब 40 हजार की है। वहीं नगर के मुख्य मार्ग में फैला कारोबारियों का अतिक्रमण के चलते वाहनों का हर समय जाम लगता है, जो किसी नासूर से कम नहीं है।

मार्ग दुर्घटना में कइयों की जाने चली गईं, कई लोग घायल भी हो चुके हैं। लेकिन हर बार चुनाव में बड़े-बड़े बात करते हुए आश्वासन तो दिया जाता है लेकिन इस समस्या का हल नहीं निकल सका।

लोगों का कहना है कि यदि बाईपास निर्माण पूरा हो जाये तो जहां लोगों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। वहीं नगर के अन्दर होने वाली मार्ग दुर्घटनाओं में कमी आएगी।



अधूरा पड़ा बाईपास। अमृत विचार

### सड़क बना दी पर नहीं दिया मुआवजा

कई किसानों का आरोप है कि उनकी भूमि पर पीडब्ल्यूडी ने सड़क बना दी लेकिन उन्हें मुआवजा नहीं दिया गया। ये किसान सालों से मुआवजा की मांग करते आ रहे हैं। जिसका निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

### चुनाव में किए जाते हैं बड़े-बड़े वादे

सरकारें तो बदलती गई और उनके साथ जिले के विधायकों और सांसदों के वायदे भी वक्त के साथ बदलते रहे लेकिन बाईपास का निर्माण आज भी अधूरा पड़ा है। उसका मुख्य कारण पांच किमी लंबे बाईपास के कुछ किसानों को वाजिब मुआवजा दिया जाना है।

### क्या कहते हैं लोग



जिले की सांसद के दो कार्यकाल भी इस प्रोजेक्ट का निराकरण नहीं करा सकीं। जबकि सत्ताधारी दल के जिलाध्यक्ष भी नगर के ही रहे। अधूरे बाईपास का निर्माण जल्द पूरा होना चाहिए।

-सुनील कुमार



सरकार चाहे जिसकी हो, सभी ने बाईपास के मुद्दे पर दिलचस्पी नहीं दिखाई। यदि बाईपास की समस्या हल हो जाए तो विकास की उम्मीदें जगेंगी। समस्या का हल कराकर बाईपास का कार्य पूरा हो जाना चाहिए था।

-हरिओम

## ट्रक की टक्कर से ऑटो के परखचे उड़े

**बिंदकी-फतेहपुर।** गंगा किनारे कटरी से हरी सब्जी लाद कर नगर आ रहा ऑटो रिक्शा को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसके परखचे उड़ गए। ऑटो रिक्शा में सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

शनिवार की सुबह लगभग 5:00 बजे कोतवाली क्षेत्र के तेंदुली गांव में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से गंगा कटरी से हरी सब्जी ला रहा ऑटो रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। सब्जी सड़क में बिखर गई और ऑटो रिक्शा क्षतिग्रस्त होकर सिमट गया। ऑटो रिक्शा में सवार दिनेश 25 वर्ष पुत्र रामस्वरूप, गोकुल 16 वर्ष पुत्र धर्मेंद्र तथा बृजेश 28 वर्ष पुत्र देशराज तीनों निवासी भरोसा का पुरवा मजरे दुलीखेड़ा थाना बारा सगवर जनपद उन्नाव तथा ऑटो में ही सवार आकाश 12 वर्ष पुत्र परशुराम निवासी काजी खेड़ा कोतवाली बिंदकी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। मौके पर भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से दिनेश, बृजेश तथा आकाश की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# आफत : गर्मी का मौसम लोगों के लिए बना मुसीबत

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पारा 40 के पार पहुंचने से बढ़ा गर्मी का सितम
- शनिवार को 2.5 डिग्री सेल्सियस चढ़ा पारा

**अमृत विचार।** कड़ी धूप और गर्म हवाएं लोगों को घरों में ही कैद करने को मजबूर कर रही हैं। शनिवार को बादल और धूप के बीच 40 डिग्री से लुढ़क कर 39 डिग्री सेल्सियस पर टिका रहा लेकिन गर्म हवाओं से लोगों का सफर करना मुसीबत भरा रहा। आंधी की तरह चल रहीं गर्म हवाएं लोगों को बीमार कर रही हैं। अप्रैल में मई-जून की तरह मौसम होने से लोगों की दिनचर्या बुरी तरह से प्रभावित हो रही है।

धूप के साथ गर्म हवाओं की तेजी लोगों के हौसलों को पस्त करती रही। सड़कों पर कम वाहन और गिनती के लोग नजर आए। जिनको जरूरी काम रहा। उन लोगों ने ही दोपहर में सफर करना मुनासिब समझा। सफर करने वाले रास्ते में गन्ने, मौसम व बेल का जूस पीकर पानी की कमी को पूरा कर रहे हैं।

शाम को धूप की तेजी के बजाय उमस लोगों को पसीने-पसीने कर रही है। उमस बढ़ने से लोगों की नींद में खलल पड़ रहा है। शुक्रवार की रात से मौसम में कुछ परिवर्तन हुआ। तेज हवा के साथ आसमान में बादल मंडराने लगे। शनिवार की सुबह ही बादल और धूप के बीच लुकाछिपी का खेल चलता रहा। दोपहर में गर्म हवाएं लोगों को परेशान करती रहीं।



कड़ी धूप में इस तरह निकलते बच्चे व अभिभावक।

### पेड़ की छांव खोजते दिखे राहगीर

इन दिनों लोगों के लिए गर्मी आफत बन चुकी है। सुविधा सम्पन्न लोग कूलर के साथ गर्मी का असर कम कर रहे हैं। वहीं संसाधन विहीन गरीब मकानों के कमरों में गर्मी से आजिज आ चुके हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में ऐसे लोग पेड़ों की छांव में सुहावनी हवा के बीच दोपहर का समय बिता रहे हैं।

### अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान बढ़ा

शनिवार को अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 16 किमी की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं। वहीं एक दिन पूर्व शुक्रवार को अधिकतम 40 व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा था।

गर्मी से बचाव करते रहें। धूप में बेवजह निकलने से बचें। यदि दोपहर के वक्त किसी जरूरी काम से बाहर जाना है तो सिर ढंक कर ही निकलें। पानी की बोतल साथ में रखें। समय समय पर पानी अवश्य पीते रहें।

-डा. रघुनाथ सिंह, फीजिशियन

### गन्ना जूस की बिक्री बढ़ी

इन दिनों गन्ने के जूस की बिक्री बढ़ गई है। शहर के पटेल नगर चौराहा, शादीपुर चौराहा, पत्थर कटा चौराहा, सिविल लाइंस, बाकरगंज समेत विभिन्न चौराहों पर गन्ने की रस की बिक्री बढ़ गई है।

# इंसान के साथ-साथ बीमार हो रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- वाहनों की ड्यूटी कटवाने को आरटीओ को मिले 350 आवेदन
- किसी के वाहन का एक्सीडेंट हुआ तो किसी का इंजन सीज

**अमृत विचार।** चुनाव का दिन जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है उसी तेजी के साथ चुनाव ड्यूटी कटवाने के लिए आवेदनों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। चुनाव ड्यूटी में लगे लोग बीमारी की वजह बताकर ड्यूटी कटवाने के लिए परेशान हैं तो वहीं चुनाव कार्य में लगे वाहन भी बड़ी संख्या में अनफिट होते जा रहे हैं।

वाहनों को चुनाव कार्य से मुक्त करने के लिए महीने भर में आरटीओ ऑफिस में करीब 350 आवेदन आ चुके हैं। जिसमें अलग अलग वजहें बताई जा रही हैं। लोकसभा चुनाव में आरटीओ की ओर से 15 सौ से अधिक वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। अब ऐसे में लगातार आवेदन मिलने पर अफसरों का कहना है कि जायज वजहों के बाद ही ड्यूटी काटी जा सकेगी, किसी तरह की हीला हवाली पर गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन रद्द करने के साथ ही वाहन मालिकों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

**केस 01** शहर के शांतिनगर निवासी एक लोडर के मालिक ने आवेदन किया है कि उनकी गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ है। उसने अभी मरम्मत नहीं कराई है, ऐसे में उसके वाहन की ड्यूटी काट दी जाए।

**केस 02** अमौली के एक कार पहिया वाहन के मालिक ने गाड़ी का इंजन सीज होने की बात प्रार्थना पत्र में कही है। पत्र में कहा है कि वाहन की स्थिति खराब है ऐसे में चुनाव कार्य में न लगाया जाए।



डयूटी कटवाने के आवेदन मिल रहे हैं। जायज वजहों के अलावा ड्यूटी नहीं कटेगी। हीला-हवाली पर रजिस्ट्रेशन रद्द करने के साथ ही वाहन मालिकों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

-पुष्पांजलि मित्रा गौतम, एआरटीओ प्रशासन

## पॉलीटेक्निक के छात्र ने फांसी लगा दी जान

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग स्थित मैदा मिल के समीप किराए के मकान में रह रहे पालीटेक्निक के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोनभद्र जनपद के थाना अनपरा बाजार निवासी अभिषेक दीक्षित (21) पालीटेक्निक का छात्र था और नऊवाबाग स्थित मैदा मिल के समीप किराए के मकान में रहता था। शुक्रवार की शाम संदिग्ध अवस्था में उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद जहां मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया वहीं छात्र द्वारा आत्महत्या किए जाने का कारण ज्ञात नहीं हो सका।

# परिषदीय स्कूलों में नहीं बढ़ रही नामांकन संख्या

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शिक्षकों के लिए बच्चों की संख्या बढ़ाना बना सिरदर्द
- गर्मी के चलते स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति भी प्रभावित

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में यूं तो नया सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। लेकिन विद्यालय में नामांकन बढ़ाना शिक्षकों के लिए सिरदर्द साबित हो रहा है। जिस रफ्तार से जिले में बच्चों के नामांकन हो रहे हैं उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिक संख्या में बच्चों के नामांकन हो सकेंगे।

बच्चे परिषदीय विद्यालयों की बजाय निजी विद्यालयों की ओर ज्यादा रुझान कर रहे हैं। जिन क्षेत्रों में परिषदीय विद्यालय हैं उनके निकट के निजी विद्यालयों में बच्चों की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। परिषदीय विद्यालय में स्कूल चलो अभियान पर खासा फोकस किया गया। बीएसए पंकज यादव ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों के भी दायित्व निर्धारित कर दिए हैं। जिसमें 6 से 14 वर्ष आयु के सभी बच्चों के नामांकन पर जोर दिया जा रहा है। माहौल बनाने को डोर टू डोर सर्वे के साथ ही विद्यालय स्तर पर रैली भी कराये जाने के निर्देश दिये गए हैं। विद्यालय स्तर पर स्कूल जाने को छात्र छात्राओं के नामांकन कराने को विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं।

### आचार संहिता भी आ रही आड़े

चुनावी आचार संहिता को देखते हुये यह भी निर्देश है कि स्कूल चलो अभियान में किसी भी व्यक्ति की ओर से किसी भी तरह से राजनीतिक लाभ प्राप्त नहीं किया जाए। शिक्षक अभिभावक बैठक में उस विद्यालय में पूर्व में शिक्षा प्राप्त कर चुके प्रमुख लोगों की उपलब्धियों पर चर्चा करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन अधिकांश शिक्षकों की चुनाव ड्यूटी लग जाने से काम प्रभावित हो रहा है।

बेसिक शिक्षा विभाग ने नामांकन पर जोर लगाया है। विभागीय स्तर से चुनाव के बीच में स्कूल चलो अभियान कितना कारगर होगा। सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

-पंकज यादव, बीएसए

### बच्चे गेहूं कटाई में जुटे

भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और गेहूं की कटाई का भी काम चल रहा है तो ऐसे में बच्चों की नामांकन संख्या बढ़ने की संभावना कम ही दिखाई पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर चुनाव को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में अध्यापक बीएलओ का काम कर रहे हैं। इसके अलावा नामांकन बढ़ाने में सबसे अधिक समस्या बच्चों की आयु का होना है। क्योंकि पहली अप्रैल को बच्चे की आयु 6 वर्ष पूरी होने पर ही कक्षा-1 में दाखिला का प्राविधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं की कटाई के समय माता पिता खेतों में काम करने जाते हैं तो अपने बच्चों को भी साथ में ले जाते हैं। ऐसे में बच्चों की नामांकन प्रक्रिया प्रभावित होने की संभावना है।

# किरायेदार पर जेवरात चोरी करने का आरोप

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** शादी समारोह में पहुंचने पर बैग में भरा कीमती जेवरात गायब होने से हड़कंप मच गया। युवती ने किरायेदारों पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मामले की तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

खागा के केनाल रोड पर एक किराए के मकान में सुनील अपनी पत्नी रीमू व बच्चों के साथ रहता है। बताया कि वह बेकरी की दुकान चलाता है। शुक्रवार को उसकी पत्नी रीमू रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए बैग में कीमती जेवरात भरकर पहुंची। वहां जैसे ही बैग खोला तो जेवरात गायब होने के बाद वह सन्न रह गई। कोतवाली पहुंचकर मकान में रह रहे अन्य किरायेदारों पर जेवरात चोरी करने की आशंका जताई। बताया कि सोने चांदी के जेवरात जिसकी कीमत करीब तीन लाख रुपये है जो बैग से गायब है। पुलिस किरायेदारों को कोतवाली बुलाकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

## बाइक की टक्कर से युवक घायल

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली के शांतिनगर के समीप जीटी रोड पर देर शाम रोड किनारे खड़े 42 वर्षीय युवक को पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। थरियांव थाना क्षेत्र के कासिमपुर बीबीहाट गांव का विवेक भारती शुक्रवार की शाम लगभग सात बजे शांतिनगर ठाकुर युगराज सिंह डिग्री कालेज के पास बाइक के साथ खड़ा था। तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। सरकारी एंबुलेंस ने घायल को जिला चिकित्सालय पहुंचाया।

# सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता ही सच्ची मित्रता

**थरियांव-फतेहपुर।** क्षेत्र के मलवा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन शनिवार को समापन किया गया। अंतिम दिन भी कथावाचक पंडित कमल किशोर शुक्ल ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाकर भक्तों को मित्रता की सच्चाई को सामने रखा।

उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को और बिना बताए ही मदद कर दे। लेकिन आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता खत्म हो जाती है। कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से श्रीकृष्ण को अपना मित्र बताते हैं और अंदर जाने की बात कहते हैं। तभी एक प्रहरी श्रीकृष्ण को बताता कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की यह बात सुनकर भगवान श्रीकृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र सुदामा को गले लगा लेते हैं।

# बेरहमी से हुई थी महिला की हत्या

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** महिला की हत्या कर शव को बोरे में भरकर यमुना किनारे फेंका गया था। शव का पोस्टमार्टम हुआ तो चेहरे पर कई चोट के निशान मिले। बताया कि किसी वजनी चीज से प्रहार होने के चलते नेजल बोन (नाक की हड्डी) हड्डी टूट गई। जिससे उसकी मौत हुई।

खागा के कल्लनपुर निवासी भट्ठा मजदूर सारजन चौहान की पत्नी संध्या तीन दिन पूर्व गायब हो गई थी। ससुरालीजन ताला जड़ कर फरार हो गए थे। मायके पक्ष की सूचना पर पुलिस ने भूसे की झाल में बंद संध्या का शव गांव से दूर इजूरा गंगा घाट से बरामद किया था। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति जेठ, जेठानी समेत सात पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की है। कुछ ससुरालीजनों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। सीओ खागा ब्रजमोहन राय ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। ग्रामीणों के मुताबिक सारजन एक सप्ताह पूर्व ही गोरखपुर से गांव आया था। संध्या के गायब होने के बाद से ही वह भी गायब हो गया था। परिजनों का आरोप है कि हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगा सारजन फिर गोरखपुर चला गया है। पुलिस उसको जल्द पकड़ने का दावा कर रही है।


प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


लोक सभा चुनाव-2024 | शुभ मुहूर्त के लिए पंडितों के यहां दस्तक दे रहे प्रत्याशी, भाजपा एवं बसपा का टिकट घोषित, सपा प्रत्याशी का अभी हो रहा इंतजार

# ताम-झाम के साथ नामांकन की तैयारी, शुभ मुहूर्त का इंतजार



कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले में पांचवें चरण में होने वाले लोस चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। तामझाम दिखाते हुए प्रत्याशियों के साथ नामांकन करने के लिए दल रणनीति बनाते हुए तैयारी में जुट गए हैं। माहौल बनाने के लिए अधिक से अधिक भीड़ के साथ पहुंचने की तैयारी चल रही है।

जिले में पांचवें चरण में 20 मई को चुनाव संपन्न कराया जाएगा। उसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से कमर कस चुका है। शुक्रवार से नामांकन भी प्रारंभ हो गए हैं। कई प्रत्याशी नामांकन के लिए शुभ मुहूर्त निकलवा रहे हैं, इसके लिए ज्योतिषाचार्यों के यहां दस्तक दी जा रही है। इसके लिए किसी ने संगठन के पदाधिकारी को लगा रखा है तो कोई कार्यकर्ता की मदद से यह सब करा रहा है। उसके लिए पंडित जी को भी खुश किया जा रहा है, इससे मुहूर्त की डेट सही निकल जाए। सभी दल अभी से अपना-अपना नामांकन करने के लिए जुलूस में भीड़ जुटाने में जुटे हैं। साथ ही नामांकन के लिए शुभ मुहूर्त भी निकलवा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही चुनावी तपिश तेज होने लगी है। आने वाले दिनों में दोआबा में दिग्गजों के दहाड़ने की उम्मीद है। 29 अप्रैल को बसपा और एक मई को भाजपा प्रत्याशी के नामांकन करेंगे। इस दौरान दोनों दलों के बड़े नेताओं के मौजूद रहने के संभावना है। वहीं सपा प्रत्याशी के नाम की घोषणा अभी तक नहीं हुई है।

### बसपा प्रदेश अध्यक्ष के आने की उम्मीद

बसपा प्रत्याशी डॉ. मनीष सिंह सचान की मानें तो सोमवार को नामांकन करने की तैयारी है। नामांकन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष समेत कई नेता शामिल होंगे। वह शनिवार को एक सेट दाखिल करने की तैयारी में थे पर अवकाश होने के कारण अब सोमवार को पर्चा दाखिल करने की सम्भावना है।

### एक मई को भाजपा प्रत्याशी करा सकती हैं नामांकन

भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति एक मई को अपना नामांकन दाखिल कर सकती हैं। भाजपा पदाधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की जिले में मौजूदगी रहेगी।

# महत्वपूर्ण होंगे 23000 नए मतदाता

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाता पहली बार करेंगे वोट की चोट

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही चुनाव अभियान में तेजी भी आ गई है। जिले में कुल 19.35 लाख से अधिक मतदाता है जो प्रत्याशियों की हार जीत का फैसला करेंगे। इनमें वैसे तो सभी महत्वपूर्ण हैं लेकिन पहली बार मतदाता बने युवाओं में ज्यादा जोश माना जाता है और इनका वोटिंग प्रतिशत भी ज्यादा रहने की उम्मीद होती है।

ऐसे में फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र में 18 से 19 आयु वर्ग की जो 23 हजार मतदाता हैं उनकी इस चुनाव में काफी महत्वपूर्ण भूमिका है। यह मतदान करेंगे और इनका मतदान प्रत्याशियों की हार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा। इस साल 1 जनवरी 2024 को 18 साल की आयु पूरी करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए थे इन्हें शामिल करने के बाद पूरे लोकसभा क्षेत्र में ऐसे 23000 से अधिक मतदाता हैं जिनकी आयु 18 से 19 वर्ष के बीच में है। अब यह मतदाता 20 मई को लोकसभा सीट के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करने के लिए ईवीएम का बटन दबाएंगे और उनका वोट काफी महत्वपूर्ण है। लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें शामिल हैं। जिनमें सदर विधान सभा, अयाह-शाह, बिंदकी, जहानाबाद, हुसेनगंज, खागा विधान सभा क्षेत्र शामिल हैं। यदि 18 से 19 आयु वर्ग की वोटरों की संख्या के हिसाब से देखें तो ऐसे वोटर सबसे ज्यादा सदर विधानसभा क्षेत्र में हैं जबकि ऐसे वोटरों की सबसे कम संख्या जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र में है। वोट बनने के बाद अब यह वोटर भी मतदान की प्रतीक्षा कर रहे हैं और चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ने के लिए उनके वोट की चोट करने की उम्मीद भी है।



# एचटी लाइन में टेंट का पोल टकराने से एक की मौत, मचा कोहराम

## टेंट मालिक व गांव के बच्चों समेत पांच झुलसे, हादसे से खुशियों का माहौल गम में बदला

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** हथगाम थाना क्षेत्र के केशवपुर मेल्हैया गांव में स्वागत गेट हाईटेंशन लाइन में टकराने से टेंट हाउस कर्मी की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। वहीं टेंट मालिक व गांव के चार अन्य युवक झुलस गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हथगाम थाना क्षेत्र के केशवपुर मेलहैया निवासी सोनू की बहन की शादी शुक्रवार को थी। हथगाम थाना क्षेत्र के इटैली निवासी राम सिंह का पुत्र कपिल पाल (20) टेंट कर्मी था। वह टेंट मालिक सत्यम मौर्या के सहयोग से स्वागत गेट लगा रहा था। गांव के दीपक प्रजापति (15), अर्जुन प्रजापति (11), मोहित प्रजापति (14) भी सहयोग में टेंट का पाइप संभाले थे। गेट का पाइप हाईटेंशन लाइन में छूने से करंट दौड़ गया। घटना से अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे। गेट को लकड़ी के सहारे गिराया। सभी की हालत गंभीर देखकर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने कपिल को मृत घोषित कर दिया। बाकी सभी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं परिजनों में कोहराम मचा रहा। बताया कि कपिल तीन भाइयों विजय पाल, ज्ञान पाल से छोटा था।

### हाईवे से दूर मिला युवक का शव, हादसे की आशंका

**फतेहपुर।** एक अज्ञात युवक का शव झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। पास में खेत पर काम कर रहे किसान ने शव को देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के शिनाख्त के लिए आस पास के गांव में फोटो पोस्ट की गई है। पुलिस के अनुसार किसी वाहन से टक्कर लगने के कारण सड़क से 200 मीटर दूर झाड़ियों में गिरने से मौत हुई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के नऊवाबाग हाईवे पेट्रोल पंप के पास झाड़ियों में एक युवक का खून से लथपथ शव पड़ा था। पास के खेत में काम कर रहे किसान ने झाड़ियों में शव देखकर पुलिस को सूचना दी। शव मिलने की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव का शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। मृतक के सिर पर चोट के गहरे निशान हैं। शरीर पर पैंट शर्ट के अलावा एक पैर में चप्पल पहने हुए है। जिस जगह पर युवक का शव मिला है, वहां पर कुछ लोगों ने बताया कि मृतक तीन दिन से आस पास देखा जा रहा था। शानिवार सुबह इसका शव झाड़ियों में पड़ा था। कोतवाली प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने बताया कि सड़क किनारे किसी वाहन के टक्कर लगने से 200 मीटर दूर झाड़ियों में गिरने से युवक की मौत हुई है। फिर भी जिस तरह से शव मिला है, उसको देखते हुए हर पहलू पर जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## पुलिस ने दो के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**बिन्दकी।** नगर क्षेत्र के अलग अलग मोहल्ले पर मारपीट के दो मामलो पर पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार करते हुए दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाही करते हुए न्यायलय के समक्ष पेश किया। नगर के कजियाना मोहल्ला में नल में पानी भरने को लेकर अफसीन 35 वर्ष, सलमान व फरीदा पत्नी कल्लू में मारपीट हो गई। जिसमें अफसीन गंभीर घायल हो गई। महिला परिजनों के साथ कोतवाली पहुंच कर तहरीर दी। पुलिस ने महिला का मेडिकल कराकर एफआईआर दर्ज किया। वहीं दूसरी मीरखपुर मोहल्ला निवासी धर्मेंद्र ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई दुवेन्द्र ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर किया है। वही पुलिस ने मारपीट के आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# जेईई मेंस की परीक्षा में चमके महर्षि के सितारे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- कुशल इंजीनियर बन कर करना चाहते हैं देश की सेवा
- 10 से 12 घंटे की पढ़ाई कर दिखाई अपनी प्रतिभा


नैतिक वाजपेयी।


आयुषी यादव।


प्रकृति।

**अमृत विचार।** सीबीएसई बोर्ड से संचालित शहर के महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाया है। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित जेईई मेंस की परीक्षा में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बीते वर्षो की तरह इस वर्ष भी अपनी सफलता का परचम लहराया।

मेधावी बच्चों ने इस परीक्षा में सफलता हासिल कर विद्यालय सहित जिले का नाम रोशन किया है। महर्षि विद्या मन्दिर की छात्रा प्रकृति ने अखिल भारतीय स्तर पर 99.08 पर्सेंटाइल, आशीष बाजपेयी 99.6 पर्सेंटाइल, विख्यात श्रीवास्तव 98.4 पर्सेंटाइल और आयुषी यादव 98.26 पर्सेंटाइल प्राप्त किए। प्रकृति ने कहा कि उनका उद्देश्य जेईई एडवांस में सफल होकर प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेश पाना है। वह अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों व माता-पिता को देती हैं। वहीं आशीष बाजपेयी व विख्यात श्रीवास्तव आईआईटी करके देश की सेवा करना चाहते हैं। इस परीक्षा के लिए उन्होंने 10-12 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की।


विख्यात श्रीवास्तव।

बड़ी से बड़ी परीक्षा में भी कामयाबी हासिल की जा सकती है।

उन्होंने अपनी शुभकामना देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा में अपना स्थान बनाना बड़ी बात है। यह सफलता बच्चों की कड़ी मेहनत अभिभावकों एवं शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन से प्राप्त हुई है।

वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जीवन में सदैव अवसर आते रहते हैं। योजनाबद्ध तरीके से तैयारी कर

# मंडी समिति की दुकानों में लगी भीषण आग

संवाददाता, बिंदकी फतेहपुर

- व्यापारियों तथा फायर ब्रिगेड ने मिलकरआग पर पाया काबू

**अमृत विचार।** शुक्रवार की रात को मंडी समिति की दुकानों में आग लग गई। लोगों ने देखा तो हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने एक दूसरे को मोबाइल द्वारा सूचित किया। व्यापारियों तथा फायर ब्रिगेड ने मिलकर आग को बुझाया। लगभग 3 घंटे बाद आग बुझी तब तक कई लाख रुपये की संपत्ति जल गई।

नगर के कुंवरपुर रोड मंडी समिति परिसर के अंदर शुक्रवार की देर रात को दुकानों में आग लग गई। आगे ने विकराल रूप धारण कर लिया। पास ही रहने वाले व्यापारी नेता शिवम गुप्ता को जानकारी लगी तो उन्होंने मोबाइल द्वारा अन्य व्यापारियों को सूचित किया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंची। पानी की समस्या के कारण आग बुझाने में परेशानी आ रही थी। नगर पालिका के भी पानी के टैंक मांगे गए। व्यापारियों ने बाल्टी के द्वारा भी आग को बुझाया।


धू-धूकर जलतीं दुकानें।

करीब तीन घंटे बाद आग के प्रकोप को रोका जा सका। आग की चपेट में आकर नवीन गुप्ता के फॉर्म, नवीन ट्रेडर्स सुनील गुप्ता के बोरों की दुकान, राजू गुप्ता कक्कू के गुड़ की गोदाम तथा आनंद गुप्ता के गोदाम में भारी नुकसान हो गया। लाखों रुपए की संपत्ति जल गई। हालांकि ज्ञानेंद्र गुप्ता, पप्पू गुप्ता के कुमार ट्रेडिंग के गोदाम के बगल स्थित दुकानों का नुकसान होने से बच गया। व्यापारी नेता शिवम गुप्ता ने इस बात पर नाराजगी जाहिर की कि मंडी समिति के अंदर पानी का तथा बिजली का भारी अभाव है।

# बूथ अध्यक्ष होता है पार्टी का शक्तिशाली आधार : प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर


- अयाह-शाह विधान सभा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन गाजीपुर में हुआ सम्पन्न
- राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शनिवार को अयाह-शाह विधान सभा क्षेत्र के गाजीपुर कस्बे में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर जोश भरा।

उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य में सरकारें हमारे बूथों के निष्ठावान कार्यकर्ता की अपार शक्ति के बदौलत है। हमारी पार्टी की राष्ट्रीय विचारधारा के साथ ही आन्तरिक सुरक्षा व विकास की गति को जन-जन तक पहुंचाने का काम बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में बूथ का कार्यकर्ता करता है। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने भी कार्यकर्ताओं से उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से रखा। स्थानीय विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि आज देश राष्ट्रीय समृद्धि और खुशहाली की ओर बढ़ रहा है।


कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि एवं कार्यकर्ता। अमृत विचार

जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते हुए कहा जा सकता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी इस बार चार सौ पार जरूर करेंगे। इस अवसर पर सुधांशु श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह चौहान, प्रभुदत्त दीक्षित, सुशील चन्देल, डॉ शिवप्रसाद त्रिपाठी, ओम मिश्रा, आशीष तिवारी, पुष्पराज पटेल, अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, ज्ञानेंद्र सचान, मनोज मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह, सन्तोष द्विवेदी, नीरज सेंगर, शिवप्रताप सिंह, सुरेश परमार, चिदानंद शुक्ला, निर्मल सिंह चौहान, आशुतोष विश्वकर्मा, पार्टी के बूथ अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# निष्पक्ष और निडर होकर करें मतदान : एसडीएम

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए उप अधिकारी खागा ने कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों का स्थलीय भ्रमण कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से विद्यालय के शिक्षकों, ग्राम प्रधान व अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मतदाताओं से संपर्क कर अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी धाता भी उनके साथ मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में शासन की मंशा के अनुरूप मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जगह-जगह कार्यक्रमों के आयोजन किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में विधान सभा चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले पोलिंग बूथ पर मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से उप जिला अधिकारी खागा अतुल कुमार गंगवार, खंड शिक्षा अधिकारी धाता संजय कुमार सिंह के साथ परिषदीय विद्यालय खैरई जूनियर हाई स्कूल घरवासीपुर एवं कोट


गांवों का भ्रमण करते एसडीएम खागा अतुल कुमार गंगवार व अन्य।

विद्यालय में बूथों का स्थलीय भ्रमण किया। बूथों की मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। विद्यालय के बच्चों अध्यापकों, ग्राम प्रधान एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली में भाग लिया। उप जिला अधिकारी श्री गंगवार ने मतदाताओं को मतदान में भाग लेने के लिए शपथ भी दिलाई। गांव में संपर्क के समय मतदाताओं से अपील की की सभी मतदाता निष्पक्ष तथा निडर होकर मतदान करें। साथ ही बच्चों को भी मतदान के महत्व से परिचित कराया और कहा कि आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव में बच्चे अपने अभिभावकों को प्यार से जिद कर मतदान के लिए प्रेरित करें। मतदान के लिए प्रेरणा के उद्देश्य से लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूकता पैदा करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सिंह कई विद्यालयों में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरुक कर चुके हैं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक धर्मराज, अभिषेक शुक्ला, शशिधर शुक्ला, दीपिका बाजपेई, भानुमति जाकिर अली किंशुक कुमार, राहुल पांडे सहित ग्राम प्रधान व अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रधान गांव में लगवाएं कैमरे : एसपी

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- एसपी की अध्यक्षता में खखरेरू थाना परिसर में बैठक सम्पन्न
- अधीनस्थों को चुनाव को लेकर एसपी ने दिए दिशा निर्देश

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए एवं क्षेत्र की पुलिसिंग ब्यवस्था व पुलिस की आवाम के प्रति व्यवहारिक कार्यशैली की सत्यता को परखने के लिए शनिवार को खखरेरु थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसपी उदय शंकर ने की।

एसपी श्री सिंह ने उपस्थित ग्राम प्रधानों व व्यापारियों व अन्य लोगों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने स्थानीय पुलिस की व्यवहारिक कार्यशैली व अपराध नियंत्रण की सत्यता के बावत जानकारी हासिल की। समस्याओं को जानकर उनके निस्तारण के दिशा निर्देश मातहत पुलिस कर्मियों को दिए। थाना प्रभारी समेत सभी हल्कों के इंचार्जों व महिला एवं पुरुष सिपाहियों को अराजकता फैलाने वाले लोगों को


पीस कमेटी की बैठक में मौजूद गणमान्य लोग। अमृत विचार

चिन्हित कर उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कहा कि फरियादियों के साथ मानवीय एवं मित्रवत ब्यवहार करने व अपराधियों के साथ सख्ती से पेश आने व बुजुर्गो एवं महिलाओं के साथ शालीनता व अदब से पेश आते ही उनसे उनकी समस्याएं जान समस्याओं के त्वरित निस्तारण को कहा। इस अवसर पर सीओ ब्रज मोहन, थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार राव, नगर अध्यक्ष ज्ञान चन्द्र केशरवानी, बुद्दा महाराज समेत अन्य तमाम गणमान्य लोग शामिल रहे।

## नौ थानों में मिले 150 गुंडे, शिकंजा कसा

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव में गड़बड़ी की आशंका पर पुलिस ने बिंदकी क्षेत्र के नौ थानों में साढ़े चार हजार पर निरोधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस ने 150 पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है।

पुलिस शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए थानावार पुराने मामले में वांछित व आराजकता फैलाने वालों को चिह्नित करके पाबंद की कार्रवाई शुरू किए है।

सीओ बिंदकी सुशील कुमार दुबे ने कहा कि चुनाव में मनमानी करने वालों को पुलिस चिह्नित कर रही है। माहौल खराब करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से साथ पेश आएगी।

**150 पर मिनी गुंडा एक्ट :** बिंदकी तहसील क्षेत्र के नौ थानों की पुलिस ने अराजकता फैलाने वाले 150 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# सपा प्रत्याशी पर असमंजस बरकरार, अभी नहीं खुले पत्ते

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में जिला कार्यकारिणी की हुई परेड
- मुखिया के मूड से टिकट असमंजस में, नामांकन प्रक्रिया की हो चुकी शुरुआत

**अमृत विचार।** चुनावी दंगल की तारीखें घोषित हो गई हैं लेकिन फतेहपुर की हॉट सीट पर सपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। सूत्र बताते हैं कि शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में टिकट के दावेदारों के अलावा जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों को बुलाया गया। सपा मुखिया ने जिले की नब्ज टटोलने के बाद एक ओहदेदार पदाधिकारी के टिकट मांगने पर अनफिट बता दिया।

दोआबा में ताल ठोंकने वालों की तस्वीर अभी साफ नहीं है। इंडिया गठबंधन में फतेहपुर लोकसभा की सीट सपा के खाते में है। सपा ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं। जिससे कुर्मी व क्षत्रिय दावेदार कयासों के बीच असमंजस की स्थिति है। दावेदार जोर आजमाइश में जुटे हैं। ऐसे में संगठन के नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक की निगाहें आलाकमान पर टिकी हैं। सूत्र बताते हैं शुक्रवार को टिकट के दावेदार और कार्यकारिणी कमेटी के पदाधिकारी मुख्यालय पहुंचे थे। सपा मुखिया के समक्ष प्रदेश के एक ओहदेदार पदाधिकारी के टिकट मांग लेने पर सपा मुखिया सीट नहीं जीत पाने की नसीहत दी, जब सीट जीतने की बात दोबारा दोहराई गई तो मुखिया ने साफ शब्दों में कहाकि सीट नहीं जीती तो पद छीन लूंगा। नेता जी का तेवर देख सभी खामोश रहे। इस दौरान दो पूर्व सांसद निषाद व कुर्मी बिरादरी के मौजूद थे। जिनमें एक पूर्व सांसद ने टिकट की दावेदारी कर रखी है। सपा मुखिया ने क्षत्रिय दावेदार व पूर्व जिलाध्यक्ष से पूछा कि आप भी टिकट मांग रहे थे, क्षत्रिय दावेदार ने कहाकि टिकट मांग रहे हैं और इसके बाद किसी से कुछ कहे बिना बीच से उठ कर चले गए। मुखिया के इस मूड से फतेहपुर हॉट सीट पर टिकट को लेकर असमंजस की स्थित बनी हुई है।

### बड़े चुनाव में दिलचस्पी नहीं दिखाते परदेसी वोटर

**फतेहपुर।** लोकसभा या फिर विधान सभा जैसे बड़े चुनावों में परदेशी वोटर अपनी दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। शायद यही कारण है कि बड़े चुनावों की अपेक्षा स्थानीय चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ जाता है। परदेशी वोटर छोटे चुनाव में तो अपने बूथ पर पहुंच कर मतदान करते हैं लेकिन अन्य चुनावों में कोई न कोई बहाना बनाकर दूरी बना लेते हैं। दरअसल लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़े, इसके लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न तरीकों से लोगों को जागरूक करते हुए वोट जरूर डालने की अपील की जा रही है। लेकिन इन सबके बीच उन वोटरों के लिए क्या प्लानिंग है जो अपने घरों से बाहर रहकर परदेश में मेहनत मजदूरी कर रहे हैं, यह स्पष्ट नहीं है। देखा जाए तो लगभग हर गांव से दर्जनों लोग दिल्ली, गाजियाबाद, हरियाणा, सोनीपत, लखनऊ, नोयडा आदि बड़े शहरों में मेहनत मजदूरी कर रहे हैं।

### बसपा ने उतारा कुर्मी प्रत्याशी

बसपा लोकसभा सीट से कुर्मी प्रत्याशी डॉ .मनीष सचान को उतारा है। जिले में करीब डेढ़ लाख कुर्मी मतदाता हैं। राजनैतिक पंडितों की मानें तो ऐसे में सपा ने यदि कुर्मी प्रत्याशी दिया तो भाजपा की साध्वी को हैट्रिक लगाना आसान होगा। यदि क्षत्रिय प्रत्याशी पर सपा ने दांव लगाया तो त्रिकोणीय चुनाव हो सकता है। भाजपा, बसपा ने जहां चुनाव में पूरी ताकत झोंक दी, वहीं सपा अपना प्रत्याशी नहीं उतार सकी।

डॉक्टर की सलाह

फूड प्वाइजनिंग के मरीज पहुंचने लगे अस्पताल, बाल रोग की ओपीडी में 50 फीसदी बच्चे पेट दर्द के पहुंच रहे

# बाहर के खाने से अधिक नुकसानदायक है बासी खाना

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बदन झुलसाने वाली गर्मी के बीच लोग इस गलतफहमी में फूड प्वॉइजनिंग के शिकार हो रहे हैं कि बाहर खुले में बिक रहे खाने के सामानों से अच्छा घर में पका हुआ खाने का सामान होता है भले ही वह बासी हो। ऐसे लोग बासी खाना खाकर बीमार होकर जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। डॉक्टर उन्हें समझा रहे हैं कि खाना या नाश्ता घर का है या बाहर का इससे अधिक महत्वपूर्ण है कि वह ताजा होना चाहिए। ताजा खाद्य पदार्थ बाहर का भी हो तो फूड प्वॉइजनिंग का खतरा उतना नहीं रहता जितना बासी खाने से होता है।

शादी-विवाह का समय शुरू होने व तापमान 40 डिग्री के ऊपर जाने के बाद से जिला अस्पताल में फूड प्वाइजनिंग के मरीज पहुंचना शुरू हो गए हैं। वरिष्ठ फिजीशिएन डॉ. एनके सक्सेना के मुताबिक मरीजों से पूछने पर पता चल रहा है कि उनमें से अधिकांश को बासी नाश्ता या खाना खाने के बाद ही पेट में शिकायत हुई है। उन्होंने बताया कि मरीजों से बातचीत में पता चला है कि वह बाहर खुले में बिक रहे खाने के सामानों को नुकसानदायक समझ रहे हैं। लेकिन घर में बने बासी खाने को वह उतना नुकसानदायक नहीं मानते। ऐसे मरीजों को डॉक्टर समझा रहे हैं कि गर्मी बढ़ने पर खाने में बैक्टीरिया बहुत तेजी से बढ़ने लगते हैं। इससे खाना जल्द खराब हो रहा है। ऐसे में बासी खाने को खाने से लोग बीमार पड़कर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

### 40 डिग्री के ऊपर तापमान में तेजी से बढ़ते हैं बैक्टीरिया

- वैसे तो बैक्टीरिया 5 डिग्री तापमान के ऊपर पारा पहुंचते ही बढ़ने लगते हैं। लेकिन तब इनकी गति धीमी होती है। लेकिन जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है वैसे ही बैक्टीरिया के पनपने की गति तेज होती जाती है। पारा 40 डिग्री के ऊपर जाने लगता है तो बैक्टीरिया के पनपने की गति इतनी तेज हो जाती है कि कुछ ही मिनट में इनकी संख्या कई गुना हो जाती है।

### बच्चे अधिक हो रहे बीमार, पहुंच रहे अस्पताल

- बच्चों का पाचन तंत्र ही नहीं बल्कि रोग प्रतिरक्षातंत्र भी वयस्कों की अपेक्षा कमजोर होता है। इससे बच्चे बासी खाना खाते ही फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आ जा रहे हैं। बाल रोग की ओपीडी में 50 फीसदी तक बच्चे पेट की समस्या परेशान आ रहे हैं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मूलचन्द्रा का कहना है कि पूछते ही बच्चों के परिजन एक झटके में कहते हैं कि बाहर का कुछ नहीं खिलाया है। ऐसे लोगों को समझाया जा रहा है कि खाना बाहर का हो या घर का इससे अधिक महत्वपूर्ण है कि खाना कितनी देर पहले का पका है। डॉक्टर बच्चों को कुछ भी बासी खिलाने से मना कर रहे हैं।

### ऐसे करें बचाव

- खाना या नाश्ता बनते ही ठंडा होने के पहले खा लें।
- खाना रखना मजबूरी हो तो रेफ्रीजरेटर या ठंडे पानी के बर्तन में रखें।
- बच्चों को एक घंटे से ज्यादा का पका खाना न खिलाएं।
- शरीर में पानी और नमक की कमी न होने दें।

### खराब हुए भोजन की ऐसे करें पहचान

- भोजन का रंग बदलने लगता है।
- भोजन का स्वाद बदल जाता है।
- भोजन से अजीब गंध आने लगती है।
- भोजन पहले की अपेक्षा मुलायम हो जाता है।
- भोजन की ऊपरी सतह पर फंफूद दिखने लगती है।

## हस्ताक्षर अभियान के साथ फैलाई जागरुकता

**धाता।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए अन्य सामाजिक संगठन प्रयासरत हैं। विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले की धाता इकाई के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ईश्वरदीन भगवत सिंह महाविद्यालय डेंडासई में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मेरा वोट मेरा गर्व, हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिसमें लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए मतदान करने का संकल्प लिया। जिला संयोजक अभय राज मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी परिषद एक गैर राजनीतिक छात्र संगठन है जो सदैव राष्ट्रहित व छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाज में काम करता है। वर्तमान समय पूरे देश में लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है। परिषद के कार्यकर्ता भी 100 प्रतिशत मतदान करने के लिए संकल्पित है।

# डीएम ने गाड़ी में स्टीकर लगा कर दिया मतदान का संदेश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शुरू हुआ स्टीकर लगाओ मतदाता जगाओ अभियान

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने को लेकर जहां जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है तो वहीं शनिवार को स्टीकर लगाओ, मतदाता जगाओ, अभियान का शुरू किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम सी. इंदुमती ने अपने हाथों से अपनी गाड़ी में स्टीकर लगाकर अभियान का उद्घाटन किया।

लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व, इस भाव से कहीं भी नजर पड़े सिर्फ यही दिखे कि 20 मई को मुझे मतदान करना है, इसके लिए स्वीप के अंतर्गत स्वीप आइकॉन डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने फतेहपुर का अभिमान, 20 मई को करें मतदान, के स्टीकर्स लगाओ मतदाता जगाओ अभियान चलाया गया। अभियान का उद्घाटन जिला निर्वाचन अधिकारी सी इंदुमती द्वारा अपनी गाड़ी में स्टीकर लगाकर किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋशांत श्रीवास्तव ने स्वीप आइकॉन के साथ मिलकर अपनी गाड़ियों व अन्य सभी अधिकारियों की गाड़ियों में स्टीकर्स लगाए। उसके बाद अभियान को गति देते हुए एआरएम विपिन कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में डिपो की रोडवेज बसों में स्टीकर्स लगाए गए। साथ ही बस में बैठे यात्रियों को फतेहपुर के समग्र विकास के लिए 20 मई को स्वयं के साथ साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

# संदिग्ध हालात में पाइप गोदाम व टायर की दुकान में लगी आग

## लाखों का सामान जलकर राख, दमकल व स्थानीय लोगों ने आग पर पाया काबू

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज



आग से जला सामान। अमृत विचार

- दो घंटे बाद पहुंची दमकल की टीम, रात ढाई बजे की घटना

**अमृत विचार।** देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में पाइप की गोदाम व टायर की दुकान में आग लग गई। आग की लपटों को देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे दुकान स्वामियों ने पुलिस को सूचना देकर आग बुझाने के प्रयास किया। लगभग दो घंटे बाद पहुंची दमकल की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से राहत कार्य कर आग पर काबू पाया। तब तक लाखों रुपये का सामान जलकर राख गया।

नगर के जीटी रोड गोपाल नगर स्थित कोल्ड स्टोरेज के सामने सरदार पंप स्टोर की गोदाम व फिरोज खान की टायर की दुकान में शुक्रवार की रात लगभग 02.30 बजे संदिग्ध परिस्थितियों के चलते आग लग गई। आग की तेज लपटों को उठता देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और मौके पर भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंचे दुकान स्वामियों के आग देख होश उड़ गए। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने का कार्य किया और दमकल को सूचना दी। लगभग दो घंटे बाद पहुंची दमकल की टीम ने राहत कार्य कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक गोदाम में रखा पीवीसी पाइप, सबमर्सिबल पंप व दुकान में रखे टायर, ट्यूब आदि सामान जलकर राख हो गया। सरदार भरदुर सिंह ने बताया कि आग लगने से गोदाम में रखा लगभग 48 लाख का सामान जलकर राख हो गया। मोहल्ला मुजाहिद नगर निवासी फिरोज खान ने बताया कि आग से लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है जबकि 18,500 की नकदी भी जल गई। दुकानदारों का कहना है कि बारात में चली आतिशबाजी की चिंगारी से दुकान में आग लगी है। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच की।

## इलेक्ट्रिक सामान की दुकान से कॉपर के तार की रील चोरी

**कन्नौज।** दुकान में घुसे चोर ने कॉपर के तारों की गरारी चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट आरोपी के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

शहर के मोहल्ला मीरवैश्य टोला निवासी राहुल सिंह पुत्र सुधीर सिंह ने बगिया फजल इमाम मोहल्ला निवासी साहिल पुत्र मोहम्मद कासिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसकी मीरवैश्य टोला में इलेक्ट्रिक की दुकान है।

पीड़ित पक्ष के मुताबिक 25 फरवरी को दुकान पर पिता बैठे थे। उसी समय साहिल दुकान पर पहुंचा और पिता को चकमा देकर दूसरे दरवाजे से घुसकर कॉपर के तार की गरारी चोरी कर ली। जब वह दुकान पर पहुंचा तो गरारी गायब होने पर सीसीटीवी फुटेज देखी तो उसमें साहिल की हरकत कैद थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश तेज की है। फिलहाल पुलिस के हत्थे आरोपी नहीं चढ़ा है।

# कल वापस हो सकते हैं दो प्रत्याशियों के पर्चे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 29 अप्रैल को नामांकन पत्र वापस लेने व चुनाव चिह्न वितरण होगा
- नोटा समेत 18 उम्मीदवार मैदान में, ईवीएम में 16 की जगह होती

**अमृत विचार।** जांच में 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज होने के बाद 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में डटे हैं। नोटा भी ईवीएम में बिना नामांकन के रहता है। चर्चा है कि 29 अप्रैल को दो-तीन प्रत्याशियों के पर्चे वापस हो सकते हैं। अगर ऐसा न हुआ तो हर बूथ पर दूसरी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन लगानी पड़ेगी। कारण, एक मशीन में नोटा समेत 16 उम्मीदवारों के नाम व चिह्न होते हैं।

लोकसभा क्षेत्र कन्नौज से वर्तमान भाजपा सांसद सुब्रत पाठक, सपा से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व बसपा से इमरान बिन जफर समेत कुल 17 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि 25 अप्रैल तक कुल 28 दावेदारों ने पर्चे दाखिल कर उम्मीदवार पक्की कर ली थी। 26 अप्रैल को पर्चों की जांच के बाद 11 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र अलग-अलग कमियां बताकर जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने खारिज कर दिए थे। अब 17 प्रत्याशी ही बचे हैं। इसमें राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से दो प्रत्याशी (पिता-पुत्र) प्रो. रामबख्श वर्मा व आलोक वर्मा मैदान में डटे हैं। भाजपा प्रत्याशी की पत्नी नेहा पाठक निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया है।

इसके अलावा सपा व भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ता के परिजन भी चुनाव लड़ रहे हैं। माना जा रहा है कि इनमें से ही दो-तीन पर्चे वापस हो सकते हैं। उसके बाद ही सोमवार को दोपहर में चुनाव चिह्न बांटे जाएंगे।

## मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

**तालग्राम, कन्नौज।** झारखंड के गिरीडिही थाना बागोहर ताहरनारी निवासी चालक शिवनारायण यादव कंटेनर में बाइक लादकर गुड़गांव से गोरखपुर जा रहा था। कंटेनर में एक अन्य युवक भी सवार था। शुक्रवार की देर रात एक्सप्रेस-वे के किमी संख्या 179 अमोलर अंडरपास के निकट चालक को नींद आ गई। इससे कंटेनर अनियंत्रित होकर आगे चल रहे वाहन से टकरा गया। दुर्घटना में चालक व कंटेनर में सवार युवक घायल हो गया। मौके पर पहुंची तालग्राम पुलिस व सुरक्षा अधिकारी ने बचाव कर्मियों के सहयोग से उपचार उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार राजस्थान के बालोतरा थाना गीडा निकीड़ी निवासी चालक सवाईराम ट्रक में मक्का लादकर हरियाणा जा रहा था। तभी शनिवार की सुबह चालक को नींद आ गई और ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। इससे चालक घायल हो गया। जिसे यूपीडा एम्बुलेंस में उपचार दिया गया।

# छात्रों की यूनिफार्म के लिए खातों में धन भेजने की कवायद शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जारी किए कई निर्देश
- प्रेरणा पोर्टल पर सत्यापन व आधार कार्ड पर दिया गया जोर



**अमृत विचार।** नए शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए छात्र-छात्राओं को निशुल्क यूनिफार्म के लिए डीबीटी के जरिए लाभ देने की तैयारी शुरू करने को कहा गया है। अभिभावकों के खातों में रुपये भेजने के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने गाइड लाइन जारी कर दी है। इसके तहत कई निर्देश दिए गए हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन छात्र-छात्राओं को यूनिफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा व स्टेशनरी के लिए छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को 1200-1200 रुपये (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) मिलता है। महानिदेशक कंचन वर्मा ने जारी किए पत्र में कहा है कि प्रोन्नत छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों का ब्योरा संबंधित शिक्षक के प्रेरणा पोर्टल के लॉगिन और डीबीटी मोबाइल एप पर है। विद्यार्थियों के अगली कक्षा में प्रोन्नत होने का सत्यापन भी शिक्षकों को करना है। ब्योरे में अगर किसी तरह का संशोधन करना है तो समय रहते शिक्षक पूरा कर दें। नए प्रवेश पाए विद्यार्थी व उनके अभिभावकों का ब्योरा प्रेरणा पोर्टल व एप से पंजीकृत किया जाएगा। साथ ही आधार कार्ड प्रमाणित होगा।

महानिदेशक ने कहा है कि अगर विद्यार्थी के माता-पिता में से कोई जीवित नहीं है तब ही किसी रिश्तेदार का आधार कार्ड अभिभावक के रूप में प्रमाणित होगा। इसका प्रमाण पत्र प्रधान या सभासद से लिया जाएगा। प्रमाण पत्र को विद्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा।

स्कूल शिक्षा के महानिदेशक ने जारी आदेशों में साफ कहा है कि जिन छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड अब तक नहीं बना है या संशोधन कराना है तो ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विभागीय आधार मशीनों या न्याय पंचायत संसाधन केंद्रों पर श्रीटॉन इंडिया लिमिटेड की ओर से सत्यापित आधार नामांकन केंद्र से पूरा कराया जाए। महानिदेशक के पत्र में जिले के अन्य किसी आधार नामांकन केंद्र से भी कार्ड बनवाने का जिक्र है।

## पंख पोर्टल से कराई जाएगी छात्रों की करियर काउंसलिंग

**गुरसहायगंज-कन्नौज।** कक्षा 09 से 12 तक के छात्रों को पंख पोर्टल पर वर्तमान शैक्षिक प्रणाली के तहत ऑनलाइन कॅरियर काउंसलिंग के लिए ट्रेड ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया।

नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के निर्देशन पर यह आयोजन छात्रों के लिए किया जा रहा है। काउसिंलिंग ऑनलाइन की जाएगी।

शनिवार को शिक्षक व नोडल अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने छात्रों को इसकी जानकारी दी। पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथियों में बच्चों को ऑनलाइन काउंसलिंग कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता, दिग्विजय सिंह, अमीर हम्ज़ा, सूर्यभान सिंह, सुनील सिंह, बृजेश गंगवार आदि शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

# महिला ने प्रेमी से कराई थी पति की हत्या

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज

- पत्नी, प्रेमी व उसके दोस्त को पुलिस ने पकड़ा
- इलेक्ट्रिक स्कूटी व हत्या में प्रयुक्त पत्थर बरामद



पुलिस अभिरक्षा में हत्योरोपी मृतक की पत्नी व प्रेमी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** किरायेदार से चल रहे पत्नी के प्रेम प्रसंग का विरोध करने पर युवक को मौत के घाट उतारने का मामला प्रकाश में आया है। युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया तो पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस ने हत्यारोपी पत्नी, प्रेमी व उसके साथी को इलेक्ट्रिक स्कूटी व हत्या में प्रयुक्त पत्थर को बरामद कर मृतक की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि आरोपी अनुज ने प्रियांशु पटेल उर्फ बन्टू के मकान में किराये पर कमरा ले रखा था। वहां रहने के दौरान उसकी पत्नी प्रान्ची से बातचीत होने लगी। दोनों में प्रेम प्रसंग हो गया। एक दिन प्रियांशु ने दोनों को कमरे में आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। इस पर प्रियांशु ने प्रान्ची की पिटाई की थी। फिर उससे कमरा खाली करा लिया। इसके बाद भी वह प्रान्ची से फोन पर बात करता रहा। इसी बीच प्रान्ची ने उसके साथ पति प्रियांशु को रास्ते से हटाने का षडयंत्र रचा। उसने अपने साथी अतुल जाटव को इस काम के लिए तैयार किया। 06 अप्रैल को वह व अतुल गुरसहायगंज आए और फोन कर प्रियांशु को बुलाया। तीनों ने शराब पी। प्रान्ची ने पति को घर पर मारने से मना कर दिया। कहा कि घर से बाहर मारना है और इसे दुघर्टना दिखाना है। 07 अप्रैल की सुबह प्रियांशु उसे व अतुल को बस अड्डा छोड़ आया। दोनों फर्रुखाबाद चले गए जहां बस अड्डे के पास दोनों होटल में कमरा लेकर रुके और शाम होने का इंतजार किया। शाम होने पर शराब की बोतल खरीदी और एक बड़ा सा पत्थर बैग मे रख लिया। इसके बाद अनुज ने प्रान्ची के मोबाइल पर फोन किया और प्रियांशु को भेजने के लिए कहा। इसके बाद प्रान्ची ने प्रियांशु को स्कूटी लेकर रामगंज तिराहे पर भेज दिया। इसके बाद अनुज व अतुल प्रियांशु को स्कूटी पर बीच मे बैठा कर गुरु कृपा कालेज के पहले ही सर्विस रोड पर ले गए। यहां सड़क किनारे आम के पेड़ के नीचे बैठकर प्रियांशु को अधिक शराब पिला दी। अतुल ने उसके दोनों हाथ पकड़े और अनुज ने सिर मे पत्थर से कई वार कर हत्या कर दी। इसके बाद शव को खीचकर सड़क किनारे बिजली के खंभे के पास रखकर दुर्घटना का रूप दे दिया और पास में ही स्कूटी भी गिरा दी। सड़क किनारे बगिया मे पत्थर को फेंक दिया। घटना को अंजाम देकर दोनों जीटी रोड से बस पकड़ कर कानपुर चले गए। सेन्ट्रल रेलवे स्टेशन के पास होटल में कमरा लिया और उसके बाद ट्रेन पकड़ कर इन्दौर चले गए। कोतवाली पुलिस ने मृतक की मां अमोलर के ग्राम ढिपारा निवासी आशा देवी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पत्नी व प्रेमी को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा है। अमरोहा थाना हसनपुर ग्राम बसीकला निवासी अतुल जाटव की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# पालिका और राजस्व टीम ने मतदान को किया जागरूक

संवाददाता, छिबरामऊ-कन्नौज



घर-घर जाकर जानकारी देते ईओ सुनील कुमार सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने की लगातार मुहिम चलाई जा रही है। नगर पालिका व राजस्व विभाग की टीम ने शनिवार को नगर एक मोहल्ले में मतदाताओं को लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए जागरूक किया।

नगर पालिका के वार्ड गांधी नगर और गोविंद नगर के लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह एवं राजस्व विभाग की टीम के लेखपाल विमल मिश्रा ने घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र देते हुए लोगों को जागरूक किया। गांधी नगर और गोविंद नगर वार्ड के नागरिकों के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनावों में अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं नगरपालिका के सभासद किशनपाल, नीरज मिश्रा, प्रदीप, अमरदीप, प्रवेश, सलाउद्दीन, राजीव कुमार एवं सफाई नायक उपस्थित रहे।

# दहेज के लिए विवाहिता से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

- सदर कोतवाली में पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज



**अमृत विचार।** दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट की जा रही है। मामले में पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ एएसपी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मझपुर्वा निवासी साहिदा पुत्री हफीज ने सदर कोतवाली में शहर के मोहल्ला पति जहांगीर पुत्र हासिम, सास परवीन, ननद नूरी, भांजा ओसामा के खिलाफ रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसका निकाह 15 नवंबर 2023 को जहांगीर के साथ हुआ था।

निकाह के बाद से ही कम दहेज को लेकर पति समेत अन्य ससुरालीजन मारपीट करने लगे। इस को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया। इस पर सुलह के बाद पति व अन्य ससुरालीजन उसे ससुराल ले गये। इसके बाद फिर से मारपीट शुरू कर दी गई। ननद का पुत्र उस पर गलत नजर रखने लगा। इसकी शिकायत उसने पति से की तो उन्होंने कहा कि जब तक अतिरिक्त दहेज नहीं लाती तब तक एसा ही होगा। वह चार माह पहले गर्भवती हो गई। इसके बाद भी ससुरालीजन उससे मारपीट करते और भूखा रखते। कहते कि तुझे व तेरे बच्चे को भूखा मार देंगे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दहेज की खातिर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**कन्नौज।** दहेज की मांग कर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। ठठिया थाना क्षेत्र के गांव सतौरा निवासी शहनाज पुत्र हसरुद्दीन ने सदर कोतवाली में सैय्यदपुर सकरी निवासी पति माहिर पुत्र मुन्ना खां, सास, ननद मुन्नी, ननद समीना के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसकी शादी 16 अप्रैल 2024 को सैय्यदपुर सकरी निवासी शाहिद के साथ हुई थी। दान दहेज भी दिया गया था। इससे पति व अन्य ससुरालीजन खुश नहीं थे। वह बाइक व सोने की चेन की मांग करने लगे। इसी के चलते 26 अप्रैल को शाम चार बजे मारपीट की और घर से निकाल दिया। कहा, दहेज में बाइक व सोने की चेन लेकर आओ तभी रखेंगे।

## पुरानी रंजिश में युवक को मारपीट कर किया घायल

**सौरिख-कन्नौज।** पुरानी रंजिश के चलते युवक को मारपीट कर घायल दिया। पीड़ित की तहरीर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र की चपुन्ना चौकी के गांव कुंवरपुर काशीदीन निवासी अनीश पुत्र इसरार ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 26 अप्रैल की रात लगभग दस बजे वह अपने दरवाजे पर था। तभी गांव के कुतुबुद्दीन, कासिम, हासिम, अरबाज शराब के नशे में आए और पुरानी रंजिश में गाली देने लगे। जब मना किया उक्त सभी लोग लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। शोर सुनकर आस पड़ोस के लोग बचाने दौड़े तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

## सार-संक्षेप




प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### अंत्याक्षरी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** खुबरियापुर रोड स्थित सिटी चिल्ड्रेस अकादमी में शनिवार को अन्तरहाउस अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में माइनर ग्रुप की छात्रा अग्रनी एवं छात्र प्रिंस सिंह, जैनुल, गजेन्द्र के बेहतर प्रदर्शन से उज्जैन हाउस 30 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहा। जूनियर ग्रुप में उज्जैन की छात्रा आराध्या सोनी, अवनी, समृद्धि एवं छात्र देव शर्मा ने 55 अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर ग्रुप में काशी हाउस के प्रतिभागिओं प्रियांशी सिंह, प्रिया यादव, निष्ठा राठौर एवं विदिशा ने 45 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में सीनियर ग्रुप में नालन्दा हाउस की वर्षा, जाह्नवी, ऐश्वर्या गुप्ता एवं अनामिका गुप्ता ने 40 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था के निदेशक प्रदीप प्रधान ने प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रशासिका सुधा प्रधान ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। सीईओ विश्वास प्रधान ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मधु प्रधान ने भी संबोधित किया। रमई दुबे व प्रदीप तिवारी ने संगीत के माध्यम से सहयोग किया।

### शेखाना मोहल्ले के दो शातिरों पर गैंगस्टर

**कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने शेखपुरा मोहल्ला निवासी दो शातिरों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। यह लोग डरा धमका कर धन अर्जित करते हैं। सदर कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह ने उच्च अधिकारियों के अनुमोदन पर शहर के मोहल्ला शेखपुरा निवासी गैंग लीडर मोहम्मद साहिद पुत्र पप्पू व वसीम पुत्र मोहम्मद नईम के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि उक्त दोनों गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। गिरोह बना कर अनैतिक कार्य करते हैं। हाल ही में उक्त के खिलाफ गोवध के मामले दर्ज किये जा चुके हैं। इसकी जांच कोतवाली पुलिस कर रही है। जिलाधिकारी की संस्तुति पर कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है।

### कोचिंग की जानकारी करने निकली किशोरी गायब

**कन्नौज।** कोचिंग की जानकारी करने निकली किशोरी गायब हो गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी सरायमीरा में कोचिंग की जानकारी करने 26 अप्रैल को सुबह 10 बजे निकली थी। देर शाम तक जब घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने खोज की तो उसका कोई पता नहीं चला। सगे संबंधी व रिस्तेदारी में भी जानकारी की गई। किशोरी अपने साथ मोबाइल भी ले गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### हज को जाएंगे 63 यात्री, 30 को टीकाकरण

**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति ने जिले से 63 लोगों को हज-2024 यात्रा के लिए चयनित किया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि चयनित यात्रियों को 30 अप्रैल को सुबह नौ बजे से शहर के मदरसा अरबिया हाजी इलाही बख्श, हाजीगंज में टीकाकरण के साथ ही प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### छात्रा की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल

**तालग्राम, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी युवक ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी नाबालिग भतीजी की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और 50 हजार रुपये की मांग की। मना करने पर आशीष, सत्यम सिंह व आकाश सिंह ने फोटो वायरल कर दी। जांच गुरसहायगंज कोतवाल जयप्रकाश कर रहे हैं।

**कोरम पूरा** सप्ताह में दो दिन सोमवार व शुक्रवार को बैठेंगे अध्यक्ष

# उपभोक्ता आयोग में अब होगी सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज




जिला उपभोक्ता आयोग का भवन। अमृत विचार

- रिक्त चल रहे अध्यक्ष पद पर फर्रुखाबाद के नरेश कुमार ने संभाला कार्यभार

**अमृत विचार।** करीब 10 महीने से ठप चल रही जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग (फोरम) में वादों की सुनवाई फिर से शुरू हो जाएगी। सप्ताह में दो दिन सोमवार व शुक्रवार को अध्यक्ष वादों का सुनेंगे। इसके अलावा सदस्यों का भी कोरम पूरा हो गया है।

दरअसल, छह जुलाई 2023 को उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रामकरन सेवानिवृत्त हो गए थे। उसके बाद से अध्यक्ष पद रिक्त हो गया। दो सदस्यों में एक सदस्य पद भी रिक्त था, जिस पर लोकेश पुंडीर ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। वंदना मिश्रा पहले से ही सदस्य पद पर तैनात हैं। बताया गया है कि फर्रुखाबाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष नरेश कुमार को यहां का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

उन्होंने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिवक्ता एसोसिएशन कलक्ट्रेट और बार एसोसिएशन अध्यक्ष जिला कचहरी को भी पत्र भेज दिया है, जिससे अधिवक्ताओं को वादों के सुने जाने के समय की जानकारी हो जाए। अध्यक्ष ने कहा कि सप्ताह में दो दिन वादों को सुना जाएगा।

# 55 दिन बाद वरिष्ठ लिपिक बहाल, संभाला कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को रिश्वत के आरोप में एंटीकरप्शन टीम ने पकड़ा था
- सीसीटीवी की फुटेज में कहानी झूठी मिली थी, कोर्ट ने 22वें दिन दी थी जमानत

**अमृत विचार।** निलंबित चल रहे बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को करीब 55 दिन बाद बहाल कर दिया गया। शनिवार को उन्होंने कार्यालय में कार्यभार भी संभाल लिया।

कानपुर से आई एंटी करप्शन टीम ने 29 फरवरी को बीएसए कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक को 10 हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप लगाकर पकड़ा था। उसके बाद सदर कोतवाली कन्नौज में टीम के निरीक्षक मृत्युंजय मिश्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पहली मार्च को आरोपी को लखनऊ जेल भेज दिया गया। उसके बाद बीएसए उपासना रानी वर्मा ने वरिष्ठ लिपिक को निलंबित कर दिया था। उधर, एंटी करप्शन की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट और सीसीटीवी फुटेज के मिलान के बाद रिश्वत लेने का आरोप झूठा मिला। यह प्रकरण जिले में ही नहीं प्रदेश में चर्चा का विषय बन गया।

लखनऊ की अदालत ने 22 मार्च को आरोपी की जमानत याचिका मंजूर कर ली। कोर्ट में अवकाश व प्रपत्रों की जांच के बाद 27 मार्च को विमल पांडेय रिहा होकर घर आ गए। बताया गया है कि दो दिन पहले बीएसए ने वरिष्ठ लिपिक पद पर विमल पांडेय को बहाल कर दिया। शनिवार को उन्होंने कार्यालय जाकर कागजी प्रक्रिया पूरी की।

## चार जिलों के 10 शिक्षक हो चुके हैं निलंबित

बीएसए कार्यालय के वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय की एंटी करप्शन टीम से शिकायत प्राथमिक स्कूल गौरीबांगर ब्लॉक गुगरापुर में तैनात रहे शिक्षक अनुराग सिंह ने की थी। उसके बाद विभागीय जांच शुरू हुई। मामला महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा के पास भी पहुंचा। बाद में बाबू को झूठे आरोप में फंसाने की बात कहकर कन्नौज, औरैया, उन्नाव व आगरा जिलों बीएसए ने करीब 10 शिक्षकों को निलंबित किया।

# दिक्कतों से निपटने के तरीके बताए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- विकास भवन सभागार में मिला गैरहाजिर व नए मतदानकार्मिकों को प्रशिक्षण
- 155 कार्मिकों को दो पालियों में बताई गईं लोकसभा चुनाव कराने की बारीकियां

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र का चुनाव कराने के लिए तैनात किए गए पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों को अपने-अपने दायित्व बताए गए। साथ ही मतदान की बारीकियां भी बताई गईं। दिक्कतों से निपटने के लिए क्या-क्या करना होगा इसके तरीके भी बताए गए।

शनिवार को विकास भवन सभागार में दो पालियों में करीब 155 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर अनुराग शुक्ल व पूजा पांडेय समेत अन्य मास्टर ट्रेनरों ने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के बारे में बताया। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट को जोड़ने का तरीका बताया। अंगुली में अमिट स्याही लगाने, महिला या पुरुष मतदाता का जिक्र करने, एप से रिपोर्ट भेजने, मतदाता की पहचान करने समेत कई जरूरी बातें प्रशिक्षण में बताईं। मास्टर ट्रेनरों ने प्रोजेक्टर के जरिए बूथ पर मतदान के लिए समय से तैयारी करने व मॉकपोल और ईवीएम से वोट हटाने के बारे में जानकारी भी दी।



विकास भवन सभागार में जानकारी देते मास्टर ट्रेनर अनुराग शुक्ल। अमृत विचार

## विद्यालय में शोपीस बना अग्निशमन यंत्र, हादसा टला

**तिर्वा-कन्नौज।** प्राथमिक विद्यालयों की रसोई में एमडीएम पकाया जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से रसोई में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था की जाती है। एक विद्यालय में दो दिन पहले खाना बनाते समय रसोई में आग लग गई लेकिन यहां लगा अग्निशमन यंत्र काम नहीं आया। उमर्दा विकास खंड के गैसिंगपुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में खाना बनाते समय रसोई में आग लग गई। इससे विद्यालय में अफरा तफरी मच गई। आग बुझाने के लिए रसोई में लगा अग्निशमन यंत्र बेकार साबित हुआ। यंत्र खाली निकलने पर मौजूद लोगों ने किसी तरह अन्य संसाधनों से आग पर काबू पा लिया। विद्यालय में बड़ा हादसा होने से टल गया।

# नामांकन बाद आए अखिलेश आम व खास से मिले

संवाददाता, तिर्वा-कन्नौज

- रोड शो में उमड़ा जनसैलाब पांच घंटे देर से पहुंचे उमर्दा
- उमर्दा से तिर्वा तक सबसे मिलकर दिखाई आत्मीयता

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अखिलेश यादव ने नामांकन के तीसरे दिन रसूलाबाद से लेकर कन्नौज के उमर्दा तक रोड शो किया। इसमें भारी जनसैलाब उमड़ा। भ्रमण के दौरान उन्होंने हर आम और खास से मिलकर आत्मीयता दिखाई तो वे गदगद हो गए। करीब पांच घंटे की देरी से वे उमर्दा पहुंचे। इस दौरान भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार कर सांसद चुने जाने पर कन्नौज के विकास का भरोसा दिलाया।

लोकसभा चुनाव के लिए कन्नौज सीट से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रत्याशी हैं। लोकसभा क्षेत्र मे नामांकन के बाद पहली बार भ्रमण को निकले अखिलेश ने उमर्दा में जनसभा कर आम लोगों से मुलाकात कर सपा का पक्ष मजबूत करने की अपील की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपना काफिला गसीम पुर पुलिया, लिलुइया, बलनपुर, विधईपुर्वा, अहेर, चुनाव कार्यालय, गांधी चौराहा, क्रांति चौराहा, रोडवेज बस स्टाप, मुन्ना होटल, ठठिया चौराहा, मेडिकल कालेज समेत कई जगह रुककर कार्यकर्ताओं से भेंट की। रोडशो के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की यह डबल इंजन की सरकार ने आम लोगों को रोजगार तक नही दे पाई। भाजपा पर हमला बोला कि ये वही लोग हैं जिन्होंने पहले जुमला दिया अब दे रहे गारंटी की घण्टी। जनता इन संविधान बदलने वालों को समझ चुकी है। इस बार जनता इन्हें ही बदल देगी। भाजपा प्रत्याशी पर साधा निशाना कहा, कन्नौज हमारा घर इसलिए हमने इसे सँवारा। रोड शो के दौरान विधान सभा अध्यक्ष राघवेंद्र उर्फ राजू राजपूत, आविद अली, अंशुल गुप्ता, कुक्कू चौहान, दिनेश बाथम, अगुरी दहाडिया, नसीम खान, राजू यादव, उदय राजपूत आदि रहे।



तिर्वा मे शनिवार रात पौने नौ बजे पहुंचे अखिलेश ने उदय राजपूत व रामशंकर लोधी के साथ रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद अभिवादन करते।

# वोटर आईडी, पर्ची का सौ फीसदी वितरण कराकर क्रॉस जांच कराएं

## कानपुर से आए कमिश्नर, एडीजी व चुनाव प्रेक्षक ने की अधिकारियों के साथ बैठक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन का अध्ययन कर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश

**अमृत विचार।** मतदाताओं को पहचान पत्र जल्द से जल्द बांट दिए जाएं। मतदाता पर्ची वितरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। सभी पर्ची वोटरों के पास समय रहते पहुंचा दी जाएं। उसके बाद क्रॉस चेकिंग कराई जाए। जिले में 13 मई को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विशेष रणनीति बनाकर स्वीप कार्यक्रम कराए जाएं। यह निर्देश कानपुर से आए मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने दिए।

शनिवार को कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में हुई बैठक में लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर रणनीति बनी। मंडलायुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग से जो गाइड लाइन है उसके तहत सभी प्रभारी अधिकारी अपने कार्यों को जिम्मेदारी के साथ पूरा करें। ईवीएम से संबंधित सभी नियमों का पूरी तरह पालन किया जाए। होमगार्ड, पुलिस कर्मी, कर्मचारी व वाहन चालक आदि आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों का पोस्टल बैलेट से मतदान कराया जाए। वेब कास्टिंग समय से कराई जाए। मंडलायुक्त ने पोलिंग प्रतिशत की गणना सही से कर एमपीएस एप पर फीडिंग करने के निर्देश दिए। कहा कि सर्विलास टीम की ओर से जो भी वीडियो मिले उसको देखा जरूर जाए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए। शिकायत प्रकोष्ठ में आने वाली शिकायतों की समीक्षा कर निस्तारण समय से किया जाए। निर्वाचन कार्य में लगे कार्मिकों को अच्छी तरह से प्रशिक्षण दिया जाए। मास्टर ट्रेनर की प्रतिदिन ब्रीफ्रिंग की जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के चुनाव से संबंधित दायित्वों की पूरी जानकारी कार्मिकों को होना चाहिए।




बैठक करते मंडलायुक्त अमित गुप्त, एडीजी आलोक सिंह, प्रेक्षक संदीप कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, डीआईजी जोगेंद्र सिंह व एसपी अमित आनंद।

### बिना अनुमति न चलें प्रचार वाहन

मंडलायुक्त ने कहा है कि प्रचार सामग्री व प्रचार वाहन की सही से निगरानी की जाए। अनुमति के आधार पर ही प्रचार वाहन चलें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। एफएसटी और एसएसटी टीम की चरण वार ड्यूटी लगाई जाए। यह टीमें सही से निगरानी करें। इस मौके पर एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह, सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, डीआईजी कानपुर रेंज जोगेंद्र सिंह, एसपी अमित आनंद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, सीडीओ राम कृपाल चौधरी, एएसपी संसार सिंह व डीएओ आवेश सिंह मौजूद रहे।

# कल से ब्लाक स्तर पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलेगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- उमर्दा व तालग्राम में एक-एक पांच ब्लाकों में दो-दो नोडल अफसर तैनात
- लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नए वोटर होंगे शामिल

**अमृत विचार।** प्रदेश के कई संसदीय क्षेत्रों में दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत कम होने की वजह से अफसरों की परेशानियां बढ़ा दीं हैं। अब मतदाता जागरूकता अभियान के तहत 29 अप्रैल से ब्लॉकों में कार्यक्रम होंगे।




डीआईओएस व स्वीप के सह नोडल डॉ. पूरन सिंह ने जारी किए पत्र में कहा है कि 18 व 19 वर्ष के छात्र-छात्राओं का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया जाए। इसमें प्रार्थना, नृत्य, नाटक, भाषण प्रतियोगिता व मतदाता शपथ कराई जाएगी। इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने भी निर्देश दिए हैं। ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र के पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज फतेहपुर जसोदा, 30 को तालग्राम क्षेत्र के पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज बिरौली, एक मई को हसेरन में सुभाष इंटर कॉलेज नादेमऊ, दो मई को सौरिख के ऋषि भूमि इंटर कॉलेज, गुगरापुर क्षेत्र में तीन मई को गोविंद माधव सेवा समिति गुलैरियनपुर्वा, चार मई को डायट छिबरामऊ व छह मई को दीनानाथ इंटर कॉलेज तिर्वा में स्वीप के तहत आयोजन होंगे। डीआईओएस ने तालग्राम व उमर्दा में एक-एक व अन्य पांच ब्लॉकों के लिए दो-दो नोडल तैनात किए हैं। इसके अलावा कन्नौज विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी बीएसए उपासना रानी वर्मा, छिबरामऊ के लिए डायट वरिष्ठ प्रवक्ता सुनील चतुर्वेदी व तिर्वा में राजकीय हाईस्कूल भंवरगाढ़ा के प्रधानाध्यापक शिवमोहन सिंह कुशवाहा को प्रभारी बनाया गया है। दूसरी ओर ब्लॉक कन्नौज क्षेत्र का कार्यक्रम 24 अप्रैल को एसबीएस इंटर कॉलेज में हो चुका है।

## सार-संक्षेप



अभियान के दौरान मतदान की शपथ लेती छात्राएं। अमृत विचार

### मतदान करने के लिए दिलाई शपथ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के निर्देशन पर आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा नगर के डॉ. जाकिर हुसैन इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान में छात्र-छात्राओं व उनके माता-पिता को मतदान और उसके अधिकार, कर्तव्य की जानकारी देकर जागरूक किया और मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। जिसमें बताया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी लोग बढ़-चढ़ कर मतदान करें। स्वयं मतदान कर दूसरों को भी मतदान करने के लिए जागरूक कराएं। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करें। अधिक से अधिक मतदान कर स्वस्थ्य व मजबूत लोकतंत्र की स्थापना कर देश के विकास में भागीदार बने। सखी वन स्टाप सेंटर से केंद्र प्रशासक विनीता, मनो सामाजिक परामर्शदाता एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पैरा लीगल वालंटियर सीमा बानो, कौशलेन्द्र सिंह, मीता, प्रधानाचार्य हाजी मशरूर सहित अभिभावक व छात्र, छात्रांए मौजूद रही।

### नवीगंज के आशीष का था नदी में मिला शव

**छिबरामऊ-कन्नौज।** ग्राम दीनपुर के पास से निकली काली नदी में गुरुवार को मिले शव की पहचान हो गई है। वह नवीगंज का रहने वाला आशीष था। शनिवार को पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मालूम हो कि प्रेमपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम दीनपुर से निकली काली नदी में गुरुवार की शाम लगभग चार बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहता मिला था। गांव के ही एक युवक ने इसकी जानकारी डायल 112 को दी। मौके पर पहुंचे प्रेमपुर चौकी इंचार्ज संजीव कटरा ने शव को बाहर निकलवाया और शिनाख्त न होने के कारण पंचनामा भरवा कर 72 घंटे के लिए पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में पहुंचवा दिया था। अखबारों में छपी खबर के माध्यम से मृतक के परिजनों ने उसकी पहचान नवीगंज निवासी आशीष कमल पुत्र सतीश चंद्र कमल के रूप में की। मृतक के भाई अवनीश ने बताया कि कस्बे में ही उनकी रेडीमेड की दुकान है, जिसमें घाटा होने के बाद पिता से पैसे मांगे थे लेकिन अवनीश की शादी का समय करीब होने के चलते पैसे नहीं दे सके। इसके बाद वह डिप्रेशन में चले गए। खोजबीन में उनकी चप्पलें भी नबीगंज से निकली काली नदी के पुल के पास मिली थी। मृतक अपने पीछे पत्नी स्नेहा व दो बच्चे अवन्य, अभिज्ञा सहित मां रामदुलारी को रोता बिलखता छोड़ गया।



आशीष कमल।



पाल चौराहे पर कार की सघन तलाशी करते सदर कोतवाल दिग्विजय सिंह।

### एसपी के निर्देश पर वाहनों की चेकिंग

**कन्नौज।** अमृत विचार। लोक सभा चुनाव को लेकर एसपी के निर्देश पर पूरे जिले की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिले के थाना कोतवाली पुलिस बल ने अपने अपने क्षेत्र के मुख्य मार्गों, चौराहों पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह ने पाल चौराहा पर बैरियर लगा कर वाहनों की चेकिंग की। कई बाइकों की भी डिग्गी खंगाली गई। कारों को भी चेक किया गया। बाइकों पर तीन सवार देख चेतावनी देकर छोड़ा गया। ठठिया थानाध्यक्ष, तिर्वा कोतवाली प्रभारी, तालग्राम थानाध्यक्ष पारुल चौधरी, सौरिख, सकरावा, इंदरगढ़, छिबरामऊ, गुरसहायगंज पुलिस ने अपने अपने क्षेत्रों में चेकिंग की।

### शाकाहारी बनें और जीवों पर दया करें

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सत्संग एवं नामदान कार्यक्रम में उमाकांत महाराज ने भक्तों से कहा कि शाकाहारी बनकर और जीवों पर दया कर परमात्मा की प्राप्ति का रास्ता है। शनिवार को इलाके के हाथिन गांव में जयगुरुदेव उमाकांत महाराज ने सत्संग एवं नामदान कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि शाकाहारी और नशा मुक्त जीवन अपनाएं। मनुष्यों को जीवों पर दया करनी चाहिए। शाकाहारी नशामुक्ति और जीवों पर दया कर परमात्मा की प्राप्ति का सरल एवं सीधा रास्ता है। इस दौरान राजवीर उपाध्याय, रामू भदौरिया, त्रिमोहन, चक्रपाल, राकेश गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, सतीश गुप्ता, रजनीश यादव समेत सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।



सत्संग में भक्तों को जानकारी देते उमाकांत महाराज।

# कल से बांटी जाएगी चुनाव के दूसरे प्रशिक्षण की ड्यूटी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बूथों के सापेक्ष 1,671 पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगी

**अमृत विचार।** जिले में 13 मई को होने वाले लोकसभा क्षेत्र के मतदान को लेकर तीन मई से आठ तारीख तक कार्मिकों को दूसरा प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए शनिवार को सेकेंड रेंडमाइजेशन पूरा हो गया। 29 अप्रैल यानि कल से विभागों को ड्यूटी वितरण शुरू हो जाएगी। बताया गया है कि 1519 बूथों के सापेक्ष 110 फीसदी पोलिंग पार्टियों की ड्यूटी लगाई गई है।

कलक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक संदीप कुमार व जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल की मौजूदगी में मतदानकार्मिकों का दूसरा रेंडमाइजेशन पूरा हो गया। सीडीओ राम कृपाल चौधरी ने बताया कि सुबह 11 बजकर पांच मिनट के बाद प्रक्रिया हुई। डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी का कहना है कि 110 फीसदी मतदानकार्मिकों की ड्यूटी जारी हुई है। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के बाद प्रपत्र व ड्यूटी आदेश छपने को चले गए हैं। यह कार्य रविवार को पूरा होने के बाद सोमवार से विकास भवन से संबंधित सभी विभागों को ड्यूटी वितरण की जाएंगी। इसमें 1519 बूथों के सापेक्ष 1671 पोलिंग पार्टियां बनी हैं जिसमें पीठासीन अधिकारी के अलावा मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय शामिल हैं। बूथों की पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण एक साथ दिया जाएगा। बताया गया है कि इसमें पता चल जाएगा कि किस विधानसभा क्षेत्र में ड्यूटी लगी है।

## पुत्र ने दिव्यांग माता-पिता से की मारपीट

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर की निगम मंडी निवासी सावित्री देवी पत्नी प्रमोद बाथम ने बताया कि पति-पत्नी दोनों ही दिव्यांग है। पुत्र सौरभ अपनी पत्नी रोशनी के साथ नशे में आए दिन मारपीट करता है। शनिवार को भी वह उसे पीट रहा था। बचाने का प्रयास किया, लेकिन पुत्र ने दिव्यांग माता-पिता को भी मारपीट कर घायल कर दिया।




सरायमीरा के मोहल्ला कृष्णा नगर में विकास न होने पर प्रदर्शन करते लोग। अमृत विचार

# मतदान बहिष्कार की घोषणा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जल निकास समेत कई मुद्दों को लेकर लोगों में नाराजगी
- सरायमीरा तिर्वा क्रासिंग धीरा ताल के निकट का है मोहल्ला

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला कृष्णा नगर सरायमीरा के लोगों ने मोहल्ले में विकास न होने से मतदान का बहिष्कार की घोषणा कर प्रदर्शन किया। कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने के बाद भी संबंधित मोहल्ला विकास से पूरी तरह वंचित है। विकास नहीं तो वोट भी नहीं।

नगर के मोहल्ला अकबरपुर सराय कृष्णा नगर में विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर नागरिकों ने शनिवार को मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया। इसी के चलते शनिवार को मोहल्ले के लोगों ने मोहल्ले में रेलवे लाइन के निकट शांति पूर्ण प्रदर्शन किया। कहा कि विकास न होने से मोहल्ले के लोग 13 मई को मतदान नहीं करेंगे। मोहल्ले में बिजली, पेयजल, दूषित जल निकास न होना, मोहल्ले की सड़क की मरम्मत न होने समेत कई समस्याएं हैं।

मोहल्ले वासियों की प्रमुख मांग रोड का निर्माण, सीवर लाइन, दूषित जल का निकास कराने की है। मोहल्ले की नई बस्ती में भी मार्ग निर्माण कराने की मांग की गई है। लोगों का कहना है कि धीरा ताल का पानी समस्या बना हुआ है। बारिश होने पर यह समस्या बढ़ जाती है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि बुद्धि शुद्धि यज्ञ का आयोजन रविवार को किया जाएगा। इस दौरान हरी शंकर चतुर्वेदी, लोकेशकुमार त्रिपाठी, प्रवीण मिश्रा, गिरीश चंद्र दुबे, जितेंद्र यादव, रवि शंकर, सौरव अवस्थी, मोहिनी, रानी, रोहिणी त्रिवेदी, मधू त्रिपाठी, कुमकुम, रीना पाठक, संजीव कुमार, लोकेश तिवारी, अंकित त्रिपाठी, विनय गुप्ता, हरिशंकर चतुर्वेदी सहित मोहल्ले की कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## ससुरालियों ने विवाहिता को रास्ते में घेरकर पीटा

**छिबरामऊ-कन्नौज।** मुकदमे में समझौता न करने से नाराज ससुरालियों ने दो माह पहले रिश्तेदारी से लौट रही विवाहिता को रास्ते में घेरकर गालीगलौज करते हुए पीटा। विवाहिता ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी कार्यवाही न होने पर मामले की शिकायत आईजी जोन से की थी।

सौरिख थाना क्षेत्र के नगला तेज निवासी एक विवाहिता ने कोतवाली छिबरामऊ के भोला नगरिया निवासी गौरव यादव पुत्र संतोष यादव के खिलाफ 2023 में मुकदमा दर्ज कराया था।गौरव मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहे हैं विवाहिता 28 फरवरी को अपने जीजा के यहां से वापस लौट रही थी। उसी दौरान लछीराम नगला के पास गौरव यादव ने विवेक यादव और सुमित कुमार यादव के साथ विवाहिता को घेर लिया और समझौता करने का दबाव बनाते हुए गालीगलौज व मारपीट की। विवाहिता ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। सुनवाई न होने पर विवाहिता ने मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की। आईजी जोन के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

**सम्मेलन** व्यापारियों में एकजुटता का संदेश, सांसद-विधायक सहित नेताओं का किया गया स्वागत

# भाजपा सरकार ने व्यापारियों को दिया सुरक्षित वातावरण



व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करते भाजपा प्रदेश मंत्री अनूप गुप्ता। अमृत विचार

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर के तिर्वा रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में शनिवार को व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अनूप गुप्ता ने व्यापारियों को एकजुटता का संदेश दिया। कहा कि भाजपा सरकार ने व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण दिया है।

व्यापारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि व्यापारी भी सुशासन वाली सरकार को चुनकर स्वयं को सुरक्षित करें। उन्होंने व्यापारियों से भाजपा को जिताने और मोदी की सरकार बनाने की अपील की। सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि विपक्ष संविधान को खतरे में बताती है जबकि संविधान नहीं बल्कि देश में भाजपा विरोधी दल संकट में है। विधायक अर्चना पांडेय ने मोदी व योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाकर सुशासन का हवाला दिया। इससे पहले पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने सांसद, विधायक, अतिथियों का फूलमाला व पटका पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान लोकसभा प्रभारी अरूण पाल, जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया, विनय वर्मा, नरेन्द्र राजपूत, पूर्व चेरयमैन दिनेश यादव, सागर अग्रवाल, राम कुमार पाठक, संजीव गुप्ता संजू, राजीव ठाकुर, विजय दुबे, धर्मेन्द्र कौशल, राकेश कौशल, राकेश वर्मा, योगेन्द्र भदौरिया, मनोज दुबे, राधेश्याम सेजवार, अनुराग गुप्ता, दीपक गुप्ता, विकास गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया।

### सांसद को चुनाव में याद आई मंडी समिति

**गुरसहायगंज।** व्यापारी सम्मेलन को संबोधित करने के दौरान सांसद को कार्यकाल के पांच वर्ष बाद फिर से मंडी समिति की याद आ गई। उन्होंने व्यस्तता का हवाला देते हुए जनता से माफी मांगी। कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर संसद में जनता की मांगों को रखा गया। कई समस्याओं का समाधान हुआ भी। जबकि कई समस्याएं रह गई। उन्होंने व्यापारियों के लिए मंडी समिति की स्थापना कराने का भरोसा दिलाया।

## एक नजर

### युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कस्बा कायमगंज के समीप बसे गांव प्रेमनगर मजरा घसिया चिलौली निवासी 18 वर्षीय युवक अरमान ने किसी कारण वश जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। घबराए परिजन युवक को कायमगंज नगर के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने प्रथम उपचार के बाद जहर पीड़ित युवक को डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** मार्ग दुर्घटना में कायमगंज क्षेत्र के गांव नगला सिमरा निवासी 23 वर्षीय जैनू तथा ग्राम मझोला निवासी 35 वर्षीय कुलदीप एवं ग्राम मुबारक नगर निवासी 24 वर्षीय सत्येंद्र घायल हो गए। सभी को कायमगंज नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से हालत गंभीर होने पर प्रथम उपचार के बाद कुलदीप को हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया।

### जान से मारने की धमकी दी

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सैनिक कालोनी निवासी अभिलाषा ने रेलवे स्टेशन रोड भोलेपुर निवासी हर्ष प्रताप सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया कि हर्ष प्रताप सिंह ने मोबाइल पर फोन करके गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। 24 अप्रैल को वह भोलेपुर सब्जी मंडी गई थी। उसी दौरान हर्ष प्रताप सिंह ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल हरिश्याम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

### महिला को पीटा

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के अंबेडकर कॉलोनी निवासी बीना ने मोहल्ले की निवासी वंदना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। इसमें आरोप लगाया कि 30 जनवरी को मोहल्ले की वंदना दरवाजे के बाहर गाली-गलौज कर रही थी। विरोध करने पर वंदना ने लात-घूसों से मारपीट कर उसको घायल कर दिया। आस पास के लोगों के ललकारने पर वह लोग जान से मारने की धमकी देकर चली गई। पुलिस ने इस मामले में घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया।

### पत्नी को पीटने पर पति का हुआ चालान

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव नरायनपुर गढ़िया निवासी गंगाधर का शुक्रवार शाम पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी ने गाली-गलौज व मारपीट करने की शिकायत पुलिस से की। इस पर पुलिस आरोपी को पड़कर थाने ले आई। शनिवार को पूछताछ के बाद उसका शांतिभंग में चालान कर दिया।

### युवक गिरफ्तार

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव इब्राहिमपुर निवासी परवेज हसन शुक्रवार रात शराब के नशे में परिवार के लोगों के साथ गाली-गलौज मारपीट कर रहा था। परिजनों की शिकायत पर पहुंची पुलिस परवेज को पकड़ कर थाने ले आई। शांतिभंग में चालान कर दिया।

### कीटनाशक पीया, अस्पताल में भर्ती कराया

**कम्पिल फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम नर्सुल्लापुर निवासी दीपक की 30 वर्षीय पत्नी सुमन ने संदिग्ध अवस्था में कीटनाशक का सेवन कर लिया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां पर उसका उपचार जारी है। दीपक ने बताया कि उसकी पत्नी का उसकी माँ से विवाद हो गया था। इसी बात को लेकर सुमन ने मक्का में डालने वाली दवाई का सेवन कर लिया था।

# 24 घंटे बाद मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**○ क्षेत्र में फैली सनसनी ○ सिर, गर्दन पर मिले चोट के निशान ○ कायमगंज कोतवाली क्षेत्र का मामला**

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


घटना स्थल पर मौजूद पुलिस व परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से लापता युवक का शव चीनी मिल के पीछे झाड़ियां में पड़ा पाया गया। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुड़ गई। थाना क्षेत्र के गांव शिवरिई बरियार निवासी शिवम शाक्य (35 )पुत्र सुरेश शाक्य दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। उसकी बहन अंजलि की 23 अप्रैल को शादी थी। बहन की शादी में शामिल होने के लिए वह अपने गांव आया था। शिवम के भाई रमाकांत का कहना है कि उसका भाई कल सुबह 9 बजे से घर से चला गया। सभी रिश्तेदारियों में उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। आज शिवम का शव कायमगंज चीनी मिल के पीछे झाड़ियां में पड़ा पाया गया ।शिवम के सर के पीछे और गले में तथा शरीर पर कई जाहिरा चोट के निशान देखे गए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। शिवम के भाई का कहना है कि उसकी किसी से साजिश नहीं चल रही थी ।आखिर उसके भाई की हत्या क्यों की गई है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।


शिवम।

**मौके पर मिला खून:** शिवम के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। वहीं उसकी एक आंख पर भी चोट का निशान था। साथ ही गर्दन पर भी निशान दिखाई दे रहा था। समझा जाता है कि हत्या के बाद गर्दन को रस्सी या किसी अन्य वस्तु से फंसा कर घसीटते हुए सड़क के किनारे तक लाया गया हो। ताजा खून देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या शनिवार भोर के पहर में ही की गई होगी। शिवम अपने पीछे 8 वर्ष की बेटी छाया, बेटा कार्तिक एवं पत्नी प्रेमा देवी के अलावा पिता तथा पांच भाई जिनमें सबसे बड़ा स्वयं था। इसके बाद रमाकांत, सुमित, सचिन व गुलशन चार भाई हैं। सूचना मिलने के बाद पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। परिजनों ने बताया कि शिवम पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ था। उपचार हो रहा था इसलिए वह शराब या किसी नशीली वस्तु का सेवन नहीं करता था। इधर शिवम के पिता सुरेश चंद्र शाक्य ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि उसके बेटे शिवम के 50 हजार रुपये उसके साढ़ू देवदत्त पर उधार थे। पिता ने अन्य कोई बड़ी रंजिश होने से इनकार करते हुए कहा कि उनके एक पड़ोसी से जरूर मनमुटाव था। पुलिस क्षेत्राधिकारी अधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक रामऔतार हल्का इंचार्ज सुनील कुमार ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी की।

### पुलिस जबरन उठा ले गई शव!

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शिवम के शव पर बिलखते परिजनों ने घटनास्थल पर पुलिस क्षेत्राधिकार तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कायमगंज से कहा कि वह अपने परिजन का शव तब तक यहां से नहीं उठने देंगे जब तक कोई सक्षम पुलिस अधिकारी या प्रशासनिक अधिकारी को मौके पर नहीं बुलाया जाएगा। इस पर वहां पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजन अपनी बात पर अड़े रहे। इसके तुरंत बाद प्रभारी निरीक्षक ने कड़े तेवर अपनाते हुए बलपूर्वक मृतक के शव को घटनास्थल से उठाकर गाड़ी में रखवा लिया और मौके से चल दिए। इस दुखद नजारे का जब वहां मौजूद कुछ मीडिया कर्मियों ने वीडियो बनाने का प्रयास किया तो पुलिस ने रोक दिया। सीओ कायमगंज सतेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।


इटावा-बरेली हाईवे पर लगा जाम। अमृत विचार

# हाइवे पर तड़के लगा जाम देर शाम तक नहीं खुला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**● इटावा-बरेली हाईवे में फंसे यात्रियों का हुआ बुरा हाल**

**अमृत विचार।** थाना राजेपुर क्षेत्र में इटावा बरेली हाइवे रामगंगा पुल व डबरी मोड़ पर पिछले आठ घण्टे से जाम लगा हुआ है। जाम में फंसे यात्रियों का बुरा हाल हो गया है। भीषण गर्मी की वजह से यात्री पसीना पसीना हो गए। कड़ी मसक्कत के बाद भी पुलिस जाम नहीं खुलवा पाई। एसडीएम अमृतपुर ने तत्काल जाम खुलवाने के पुलिस को निर्देश दिये हैं। खबर लिखे जाने तक जाम नहीं खुल पाया था।

इटावा-बरेली हाईवे पर बने रामगंगा पुल पर भीषण जाम लगा हुआ है। सुबह 4 बजे से जाम लगे होने की वजह से पुल के दोनों ओर कई किलोमीटर मीटर वाहनों की कतारें लगी हुई हैं। रामगंगा पुल के पास अचानक ट्रक खराब हो जाने से भीषण जाम लग गया। भीषण जाम में सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। जिसमें छोटे वाहनों समेत बस व कामर्शियल वाहन भी शामिल है।

# पारा 39 डिग्री, आसमान से बरसे 'अंगारे'

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद


धूप के कारण चेहरा ढक कर स्कूल से घर जातीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अप्रैल की 27 तारीख को ही तापमान 39 डिग्री पहुंच गया है। गर्मी इस कदर बढ़ी कि घरों से निकलने वाले कामकाजी और छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूलों की छुट्टी होने के बाद बच्चे धूप से बचने के लिए सिर ढककर चलते हैं। शनिवार को अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम 26 डिग्री तक पहुंच गया।

सीजन का यह सबसे अधिक तापमान बताया जाता है। अभी अप्रैल खत्म भी नहीं हुआ है कि तापमान में उछाल लोगों को आने वाले दिनों में और दिक्कतें बढ़ने की ओर संकेत दे रहीं हैं। दोपहर में चटख धूप के चलते सार्वजनिक स्थलों पर लोग छांव और ठंडे पानी की तलाश करते हैं। गर्मी के चलते कई लोग तो घरों से निकलने में कतराते रहे। यही नहीं स्कूलों की छुट्टी होने पर छात्र-छात्राएं धूप के बचाव के लिए दुपट्टा बांधे और कोई सिर पर बैग रखकर चलते दिखते है। जबकि मई और जून माह गर्मी की दृष्टि से सबसे अधिक खतरनाक माना जा रहा है। अभी से तापमान में उछाल को देखते हुए इस बार पिछले कई रिकार्ड टूटने का अंदेशा हो रहा है। गर्मी से गला तर करने के लिए लोग हैंडपंपों के पास भीड़ लगाए दिखने लगे हैं।

### एक वाटर कूलर खराब, करना पड़ता है इंतजार

रोडवेज बस अड्डा पर रोजाना यात्रियों की भीड़ रहती है। गर्मी के दौरान नगर पालिका की ओर से पिछली साल लगाया गया सोलर वाटर कूलर खराब पड़ा है। ऐसे में बस अड्डा पर यात्री प्रतीक्षालय में लगे वाटर कूलर पर ठंडा पानी पीने के लिए लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ता है। यदि दूसरा वाटर कूलर चालू हो जाए, तो यात्रियों को इस भीषण गर्मी में पेय जल की समस्या से निजात मिल सकती है।

# लोस चुनाव : एटा से आएंगीं 46 बसें

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**● आरटीओ ने ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर बनाई रणनीति**

**● चालक बैलेट पेपर से संबंधित मतदान केंद्र पर डालेंगे वोट**

**अमृत विचार।** 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को संपन्न कराए जाने के लिए पड़ोसी जनपद एटा से लगभग 46 बसें आएंगी। आरटीओ कानपुर ने शनिवार को कार्यालय परिसर में ट्रांसपोर्टरों के साथ ही मातहतों के साथ बैठक की। लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से 366 बसें व 570 छोटे वाहन की मांग की गई है। छोटे वाहन में सर्वाधिक मांग बोलेरो की है। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने वाहनों को अधिग्रहीत करने के संबंध में थानों के माध्यम से वाहन मालिकों को नोटिस भेज दिए थे। चुनाव को संपन्न कराने के लिए 46 बसों की कमी बताई गई। शनिवार को आरटीओ कानपुर राजेश सिंह ने ट्रांसपोर्टरों के साथ कार्यालय में बैठक की। इसमें कहा कि चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी लोग समय से वाहन उपलब्ध करा दें। वाहनों को देने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि 46 बस जनपद एटा से भेजी जाएंगी। लोकसभा चुनाव में ड्यूटी पर जाने वाले ड्राइवर भी मतदान करेंगे। इसके लिए प्रशासन की ओर से पोस्टल बैलट उपलब्ध करा दिए गए है। ड्राइवर जनपद में किसी थी गांव का रहने वाला हो। ड्यूटी वाले मतदान केंद्र से पोस्टल बैलट से मतदान कर सकेगा। बैठक में ट्रांसपोर्टर पंकज मिश्रा, अनिल शुक्ला, अनूप सिंह, अंबुज सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अभिभावक बैठकों में अवश्य लें भाग


कार्यक्रम पेश करती छात्रा।

**फर्रुखाबाद।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल में अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शनिवार को आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की उपनिदेशिका अंजू राजे, प्रधानाचार्य संजय कुमार बिष्ट व हेड मिस्ट्रेस संदीपा कुमार ने मां सरस्वती के सामने दीपक जलाकर किया। अभिभावकों के साथ छात्रों की प्रतिभा को खोज निकालने के तथ्यों पर चर्चा की गई। अभिभावकों के सुझाव लिए गए तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। प्रधानाचार्य द्वारा शिक्षकों को सीबीएसई की नई तकनीक का प्रशिक्षण भी दिया गया ।निदेशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल ने कहा कि छात्रों व विद्यालय के हित में अभिभावकों का कोई भी सुझाव हो तो विद्यालय के संबंधित अधिकारियों को अवगत अवश्य कराएं। जहां तक संभव हो सकेगा बच्चों के उत्थान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उपनिदेशिका अंजू राजे ने बताया कि छात्रों का विकास विद्यालय की प्राथमिकता है। हेड मिस्ट्रेस ने बताया कि अभिभावक पीटीएम में आने से कतराएं नहीं, बल्कि पीटीएम में आना बच्चों के लिए हितकारी सिद्ध होता है। इस अवसर पर रश्मि तिवारी, बविता सिंह, राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र मिश्र, देवांशु पोरवाल और मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार मिश्र आदि रहे।

### 20 दिन बाद भी चालू नहीं हो सका हरदोई मार्ग

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज महमदगंज मड़ैयन घाट के पैंटून पुल की 20 दिन बाद भी मरम्मत शुरू नहीं हुई। इससे हरदोई मार्ग का यातायात बंद चल रहा है। इस साल चालू होने के बाद 4 अप्रैल को तीसरी बार पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इस समय गेहूं व तरबूज की फसल तैयार है। पुल क्षतिग्रस्त होने से किसान अपनी उपज कस्बे के बाजार में नहीं ला पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 10 जोड़ी पैंटून लगाकर पुल चालू कर दिया गया था। इसके बाद दो बार पानी बढ़ने पर पुल टूटा तो दोनों बार एक-एक जोड़ी पैंटून और लगाना पड़ा। अब एक जोड़ी पैंटून और जोड़ा जाएगा, तभी पुल चालू हो पाएगा। अभी तक काम शुरू न होने से लोगों में रोष है। यदि पहले ही 10 जोड़ा के बजाय 13 जोड़ा पैंटून लगाकर पुल चालू किया जाता तो बार-बार पुल नहीं टूटता। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अशोक कुमार का कहना है कि ठेकेदार को पुल मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। काम शुरू करने में कुछ समस्या आ रही। जिसे दूर कर जल्दी ही काम चालू कराया जाएगा।

### महिला को टक्कर मारने के शक में कार चालक को पीटा

**फर्रुखाबाद।** महिला को टक्कर मारकर कार सबार भाग गया। परिजनों ने दूसरी कार वाले को पकड़कर उसकी पिटाई कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जंगबहादुर घोड़ा नखास निवासी 40 वर्षीय अफसाना पत्नी अच्छे मियां की ननद एक अस्पताल में भर्ती थी। जिसे देखने अफसाना गयी थी। बीती रात लगभग 12 बजे वह अस्पताल से वापस घर आ रही थी। चौक की तरफ से आई कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अफसाना घायल हो गई। इस पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने कुछ देर बाद उसी रंग की कार उधर से गुजरी तो परिजनों ने उसके चालक को पीट दिया। कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहें हैं।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार 3 लोग घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना कमालगंज क्षेत्र मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी 24 शनि पिता सतीश चंद्र बाइक से अपनी भाभी 35 वर्षीय रीना पति रत्नेश और भतीजी सीता पिता रत्नेश को लेकर फर्रुखाबाद दवा लेने आ रहे थे। जैसे ही शनि बाइक से गांव लैनगांव के पास पहुंचे तभी सामने से आ रहे बोलेरो ने शनि की बाइक में टक्कर मार दी ।इसमें शनि, रीना और सीता गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अंकित मिश्रा ने बताया कि 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायल शनि, रीना, सीता को लाया गया हैं भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया हैं।

### भाइयों की पिटाई से घायल हुआ युवक

**कम्पिल फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम मेंदपुर निवासी नीलेश पुत्र रघुबीर का शुलभ शौचालय बना हुआ है। नीलेश के दोनों भाई देवा और चंदन ने शुलभ शौचालय को तोड़ दिया जब नीलेश ने रोकने का प्रयास किया तो दोनों भाइयों ने अपने भाई नीलेश को लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया ।मारपीट की सूचना पुलिस को दी गयी। जिसपर पुलिस ने पीड़ित का सरकारी अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण कराया।

### दो निजी नलकूपों की शुरू हुई जांच

**फर्रुखाबाद।** विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र के गांव हरदुआ में बिना इस्टीमेट पास कराए चल रहे दो नलकूपों की जांच अधीक्षण अभियंता ने शुरू कर दी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांव हरदुआ में दो उपभोक्ताओं के यहां फर्जी तरीके से नलकूप चलाए जाने की शिकायत को अधीक्षण अभियंता ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने मातहतों को निर्देश दिए हैं कि जांच में कोई लापरवाही न बरती जाए। दोनों कनेक्शनों के प्रपत्रों की जांच करवाई जाएगी। यह भी दिखवाया जाएगा कि आखिर दोनों उपभोक्ता 25 केवीए के ट्रांसफार्मर कहां से लेकर आए। स्टोर में ट्रांसफार्मरों की लिखा-पढ़ी है भी कि नहीं। यह भी दिखवाया जाएगा कि दोनों उपभोक्ताओं को किस जेई ने कनेक्शन दिए। अधीक्षण अभियंता अजय कुमार ने बताया कि दोनों उपभोक्ताओं के यहां एलटी कनेक्शन पाया गया है, जिसका वह बिल भी जमा कर रहे थे। अब दिखवाया यह जाएगा कि एलटी लाइन के कनेक्शन में एचटी लाइन कैसे दे दी गई है। जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पनीर की सब्जी खत्म होने पर हलवाई से मारपीट

फर्रुखाबाद। अमृतपुर थाना क्षेत्र में आई बारात में पनीर की सब्जी खत्म होने पर बारातियों ने हलवाई से पारपीट कर दी। घायल हलवाई ने तहरीर दी है। बीती रात थाना क्षेत्र के नयागांव में राजेश पुत्र विश्राम की बेटी की बारात आई थी। बाराती भोजन करने मे लगे थे। बारातियों के भोजन करते समय पनीर की सब्जी समाप्त हो गई। अधिकतर बारातियों ने पनीर की सब्जी ही मांगनी शुरू कर दी। पनीर की सब्जी समाप्त होने पर हलवाई से विवाद बढ़ने लगा। गाली-गलौज मारपीट शुरू हो गई। हलवाई के अन्य साथी मारपीट देखकर इधर-उधर भागने लगे। श्याम पाल के सिर में चोट आई। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत किया। घायल हलवाई ने थाना अमृतपुर में तहरीर दी। पुलिस ने घायल को मेडिकल जांच के लिए भेजा है।

# 'सड़क दुर्घटनाओं में 9 प्रतिशत अधिक हुई मौतें'

संवाददाता फर्रुखाबाद


बैठक में निर्देश देते डीएम डॉ. वीके सिंह। अमृत विचार

**● जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, रोडवेज बस अड्डे से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश**

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने समिति को बताया कि वर्ष 2024 में मार्च तक 93 सड़क दुर्घटनाएं हुई है। जो गत वर्ष की 106 सड़क दुर्घटनाओं की तुलना में 12 प्रतिशत कम है।

इस अवधि में वर्ष 2024 में 62 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है गत वर्ष 57 व्यक्तियों की मृत्यु की तुलना में 9 प्रतिशत अधिक है । वर्ष 2024 में माह मार्च तक 74 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुए हैं गत वर्ष 62 घायलों की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। फर्रुखाबाद जनपद में यह जनहानि की अपूरणीय क्षति है। जिलाधिकारी ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए जनपद के सभी 16 ब्लैक स्पॉट पर निरीक्षण कर आख्या देने हेतु क्षेत्राधिकारी यातायात, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क सुरक्षा इंजीनियर तथा एआरटीओ को सम्मिलित रूप से ब्लैक स्पॉट की डिजाइन, जंक्शन इंप्रूवमेंट के संबंध में सड़क सुरक्षा समिति के सचिव के माध्यम से आख्या 15 दिवस के भीतर उपलब्ध कराने को निर्देशित किया ।सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जागरूकता कार्यक्रमों को न्याय पंचायत तथा विकासखंड स्तर तक आयोजित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना ,स्काउट गाइड , एवं एआरटीओ की उपस्थिति अनिवार्य रूप से होनी चाहिए । राष्ट्रीय राजमार्ग 730 सी के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया की राष्ट्रीय राजमार्ग दो लेन का तथा 10 मीटर चौड़ा होगा तथा इसमें दो-दो मीटर के शोल्डर होंगे । फर्रुखाबाद नगर में 10 किलोमीटर लंबा डिवाइडर बनाया जाएगा ।इस पर जिलाधिकारी द्वारा पूरे राजमार्ग को भारतीय रोड कांग्रेस के मापदंडों के अनुसार स्वीकृत डिजाइन से बनाने तथा सड़क सुरक्षा मानको को त्रुटि रहित पूरा करने के निर्देश दिए।

# रात भर तड़पता रहा घायल युवक

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** कोतवाली कायमगंज क्षेत्र में मार्ग दुर्घटना में घायल हुआ युवक रात भर घटना स्थल पर पड़ा तड़पता रहा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मझोला निवासी हरिश्चंद्र का 35 वर्षीय पुत्र कुलदीप दिल्ली के सुभाष नगर में सब्जी बेचने का कार्य करता है। शुक्रवार शाम को लगभग 9 बजे वह दिल्ली जाने के लिए घर से निकला। जब वह कायमगंज ब्लॉक के पास पहुंचा तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। कुलदीप गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रात भर वहीं पड़ा रहा। सुबह जब गांव का ही तांगा चालक मुन्नालाल उधर से गुजरा और इसे घायल अवस्था में पड़ा देखा तो उसके परिजनों को सूचना दी। भाई दिलीप मौके पर पहुंचा उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

**कांशीराम कॉलोनी** | **चार साल से ठंडे बस्ते में पड़ी है जांच, दबंगों ने कॉलोनी पर बंद कर रखें हैं ताले**

# 250 से ज्यादा आवास अपात्रों के हवाले

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद


कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया की जांच चार साल से ठंडे बस्ते में पड़ी है। तत्कालीन जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) जांच पूरी कर अपात्रों से आवास खाली नहीं करवा पाया है। कॉलोनी में करीब 250 से ज्यादा ऐसे आवास हैं, जिनमें अपात्रों के ताले पड़े हैं या फिर किराये पर उठे हैं।

बसपा शासनकाल में हैवतपुर गढ़िया, बधौआ और टाउनहाल में कांशीराम कॉलोनियों का निर्माण कराया गया था। सांठगांठ कर अपात्रों को कॉलोनियां आवंटित कर दी गईं। सबसे ज्यादा गोलमाल कॉशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया में निर्माणाधीन 1296 आवासों के आवंटन में किया गया था। मौजूदा समय में कॉलोनी के सैकड़ों आवासों पर दबंगों के ताले लटक रहे हैं तो कई किराये पर उठे हैं। यहां आए दिन कब्जेदारी को लेकर फायरिग होना आम बात है। करीब चार साल पहले कॉलोनी के विवाद में ही किन्नर की हत्या कर दी गई थी। वर्ष 2020 में तत्कालीन जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने जांच कर अवैध कब्जेदारों को बाहर करने के निर्देश दिए थे। जांच शुरू की तो करीब 250 से ज्यादा लोग अपात्र चिह्नित किए गए थे, लेकिन इसके बाद जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई। ब्लॉक 52, 44, 19 व 22 में अपात्रों के कब्जे हैं। जिला प्रशासन जांच करवाकर अवैध लोगों से कॉलोनी खाली करवाने में नाकाम साबित हो रहा है।

### बधौआ के 19 आवास भी खाली नहीं करवा पाया डूडा

लगभग चार माह पहले तत्कालीन प्रभारी परियोजना अधिकारी गजराज सिंह ने बधौआ स्थित कांशीराम कॉलोनी में 19 अपात्रों के आवास चिह्नित किए थे। इन लोगों को नोटिस भेजकर आवास खाली करने को कहा गया था। चेतावनी दी गई थी कि आवास खाली न करने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। धीरे-धीरे यह मामला भी टांय-टांय फिस्स हो गया।

‘ कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया की जांच के बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। हाल ही में उन्होंने डूडा का चार्ज लिया है। चुनाव बाद इस मामले को दिखवाया जाएगा। कांशीराम कॉलोनी हैवतपुर गढ़िया व बधौआ के अपात्रों से आवास खाली करवाकर पात्रों को आवंटित किए जाएंगे।

**-अतुल कुमार, प्रभारी पीओ डूडा**

# ऋण दिलाने के नाम पर वसूला सुविधा शुल्क

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार उन्हें समूह से जोड़कर सस्ते ब्याज दर पर ऋण मुहैया कराकर रोजगार देने के लिए प्रयासरत है। मगर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी इस पर बट्टा लगा रहे हैं। ऐसा ही मामला शहर के मोहल्ला खटकपुरा में सामने आया है। यहां करीब पांच माह पहले जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) के कर्मचारियों ने समूह बनाने वाली महिलाओं से ऋण दिलाने के नाम पर सुविधाशुल्क ले लिया। हालांकि विभाग मामला दबाने में लगा है।

डूडा कार्यालय से राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के तहत महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का काम किया जाता है। रोजगार को बढ़ाने के लिए समूह को सस्ते दर व आसान किस्तों पर ऋण भी मुहैया कराया जाता है। सूत्रों ने बताया कि करीब पांच माह पहले मोहल्ला खटकपुरा में आठ-दस समूह बनाए गए। डूडा कर्मचारियों ने ऋण दिलाने के नाम पर इन लोगों से सुविधा शुल्क ले लिया, लेकिन ऋण नहीं दिलाया। समूह की कुछ महिलाओं ने इसकी शिकायत डूडा कार्यालय में जाकर की तो अधिकारी चेत गए। मामले को दबा दिया। नाम न छापने की शर्त पर खटकपुरा मोहल्ले में समूह से जुड़ी एक महिला ने बताया कि पांच लाख रुपये ऋण दिलाने के एवज में डूडा से आई महिला कर्मचारी ने 20 हजार रुपये ले लिए।

‘ जानकारी नहीं है मैंने तीन माह पहले ही चार्ज लिया है। मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। आज मैं छुट्टी पर हूं। लौटकर आने पर इस मामले को गंभीरता से दिखवाऊंगी।

**– मेघा गुप्ता, शहर मिशन प्रबंधक**

# मनुष्य प्रकृति का भाग


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे।

मानवीय जीवन मूल्यों पर संकट है। इतिहास के किसी अन्य कालखण्ड में इस तरह का मानवीय संकट नहीं था। समाचार माध्यम भी जब कब विश्व युद्ध की आशंका की बातें करते हैं। विचार ही मनुष्य जाति के वाह्य स्वरूप और आंतरिक उदात्त भाव के प्रसारक रहे हैं। विचार भी अपना प्रभाव खो रहे हैं। मानवीय सभ्यता आधुनिक काल का मनुष्य विरोधी प्रेरक तत्व बन गई है। वातावरण में निश्चिन्तता नहीं है। संदेह और अनिश्चितता का वातावरण है। मनुष्य जाति भविष्य के भय से डरी हुई है। धन का प्रभाव और धन का अभाव दोनों ही मारक हैं। मानवता का बड़ा भाग पर्याप्त भोजन से वंचित है। इस वर्ग में सामान्य चिकित्सा और शिक्षा, आश्रय-घर का अभाव है। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में अभावग्रस्त लोगों के सामने संकट है। विज्ञान के जानकार प्रकृति के तमाम रहस्य बता रहे हैं। निसंदेह वैज्ञानिक शोधों ने चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी उपलब्धियां हासिल की हैं। लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक शोधों ने पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व के समाप्त होने का खतरा पैदा कर दिया है।

युद्ध के तमाम आश्चर्यजनक हथियार पृथ्वी और मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बन गए हैं। परमाणु हथियार सहित अनेक आश्चर्यजनक अस्त्रों की खोजों से पृथ्वी के ही अस्तित्व पर खतरा है। पृथ्वी ग्रह संकट में है और उससे पोषण पाने वाली मानव जाति भी संकट में है। वैज्ञानिकों ने तमाम ग्रहों की गतिविधि का पता लगा लिया है। आशंका है कि किसी समय पृथ्वी चन्द्रमा के निकट पहुंच सकती है। सूर्य का ईंधन लाखों वर्ष से खर्च हो रहा है। सूर्य के ठंडा हो जाने से ही मनुष्य जाति नष्ट हो सकती है। हम इन्हें भविष्य की आशंकाएं कह सकते हैं। डॉक्टर राधाकृष्णन ने 'धर्म और समाज' में 'धर्म की आवश्यकता' शीर्षक में कहा है, ''अधिक सम्भावना इस बात की है कि मानव जाति स्वयं जानबूझकर किए गए कार्यों से, अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण नष्ट हो सकती है। संसार आनंद के लिए है। हम युद्ध यंत्र जात की पूर्णतः तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े से हिस्से का ही इसके लिए प्रयोग करें तो सबको आनंदमय बनाया जा सकता है।"

सम्पूर्ण मानवता विषाद ग्रस्त जान पड़ रही है। आदर्श परम्पराएं, स्वतः प्रेरित अनुशासन और राष्ट्र राज्यों द्वारा स्थापित विधि व्यवस्था शिथिल हो रही हैं। डार्विन ने लिखा है, "मनुष्य जीवन सभ्यता में उन्नति करता जा रहा है। छोटे वर्ग समूह बड़े समुदायों में संगठित होते जाते हैं। त्यों त्यों व्यक्ति को यह बात समझ में आती जाती है कि उसे अपनी सामाजिक सहज प्रवृत्तियों और संवेदनाओं का विस्तार अपने राष्ट्र के लिए कर लेना चाहिए।"

सभ्यता आखिरकार क्या है? मनुष्य के बौद्धिक विकास का सबसे बड़ा उपकरण संवाद है और संवाद की प्रारंभिक शर्त है प्रेम पूर्ण भाषा और वाणी। वैदिक काल में संवाद की अनेक संस्थाएं थी। सभा और समितियां विचार विमर्श का मंच थी। सभा में विचार रखने वाले सभेय कहे जाते थे। इसी से शब्द बना है सभासद। सभा में प्रेमपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने वाले व्यक्ति को सभ्य कहा जाता था। किसी समूह का शब्द आचरण और सौन्दर्यबोध सभ्यता है लेकिन प्रेमपूर्ण संवाद घटा है।

प्रकृति और मनुष्य के मध्य परस्परावलंबन है। मनुष्य प्रकृति का भाग है। हमारे और प्रकृति के मध्य आत्मीयता होनी चाहिए। प्रकृति की सभी शक्तियों के लिए चित्त में आत्मीय भाव के साथ आदर भाव की भी आवश्यकता है। लेकिन प्रकृति और मनुष्य के बीच अंतर्विरोध भी हैं। आंधी, तूफान और ऐसी ही तमाम प्राकृतिक आपदाएं मनुष्य को व्यथा देती हैं और जीवन के लिए खतरा भी बनती हैं। ऐसी घटनाओं को प्राकृतिक मानकर अपना जीवनयापन करने की बात सही है। लेकिन अनेक संकट आधुनिक सभ्यता ने भी पैदा किए हैं। भूमण्डलीय ताप, भूगर्भ जल स्तर का गिरना, वायु प्रदूषण आदि आपदाएं उपभोक्तावादी आचरण से पैदा होती हैं।

सी.बी.जुंग ने अपनी पुस्तक 'मॉडर्न मैन इन सर्च ऑफ अ सोउ' 'में लिखा है, ''आधुनिक सभ्यता और मनुष्य उन्नति की चरम सीमा पर है। भविष्य में लोग उससे भी आगे निकल जाएंगे।" यह बात ठीक है कि वह एक युगव्यापी विकास का अंतिम परिणाम है। लेकिन साथ ही यह मानव जाति की आशाओं की दृष्टि से अधिकतम निराशाजनक भी है। आधुनिक मनुष्य को इसकी जानकारी भी है। उसने देख लिया है कि विज्ञान, शिल्प और संगठन कितने लाभकारी हैं और वे कितने विनाशकारी हो सकते हैं। ईसाई चर्च, मनुष्यों का भाईचारा, अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन और आर्थिक हितों की एकता सब के सब खोटे सिद्ध हुए हैं। मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो लगभग प्राणान्तक आघात पहुंचा है। परिणामस्वरुप मनुष्य अनिश्चितता में जी रहा है।

परिदृश्य चिन्ताजनक है। मनुष्य की वाह्य समृद्धि बढ़ी है। मनुष्य यंत्र हो रहा है। उसकी आत्मा खो गई है। वह खोई हुई आत्मा की पुनः प्राप्ति का प्रयास नहीं कर रहा है। भारत की प्राचीन सभ्यता में तमाम भौतिक अभावों के बावजूद मनुष्य आनंदित था। राष्ट्र के प्रति उसकी निष्ठा थी। सभी रिश्तों में आत्मीयता थी। मनुष्य में मनुष्येत्तर प्राणियों और सम्पूर्ण जगत् के प्रति भी आत्मभाव था। भारत के मनुष्य की दृष्टि और जीवन की गतिविधि सामूहिक थी। सुख दुख सामूहिक थे। पर्व उत्सव सामूहिक उत्सव आनंद का स्रोत थे। परिवार आनंद मठ था। यत्र तत्र सर्वत्र आनंद था। आधुनिक सभ्यता के प्रभाव में जीवन का आनंद रस सूख गया है। आधुनिक सभ्यता द्वारा मनुष्य को नितांत व्यक्तिवादी और मशीन बनाया है।

वैदिक सभ्यता और संस्कृति में सम्पूर्ण विश्व को परिवार जाना गया है। वसुधैव कुटुम्बकम वैदिक संस्कृति का लोकप्रिय सूत्र है। विश्व के अणु और परमाणु के प्रति श्रद्धा और आदरभाव रहा है। शांति मानवता की प्यास है। वैदिक साहित्य में शांति को जीवन की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है। भारतीय समाज के चिन्तकों, विद्वानों और वैदिक काल के ऋषियों ने शांति की उपासना की है। ऋग्वेद में विश्व शांति की प्रार्थना है। यह भारतवासियों की शांति की प्यास को सुंदर अभिव्यक्ति देती है। शांति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। आकाश शांत हों। वनस्पतियां औषधियां शांत हों। शांति भी शांत हों।" यहां केवल मनुष्यों के बीच परस्पर सद्भाव वाली शांति की ही बात नहीं है। यहां पृथ्वी से लेकर आकाश तक शांति स्थापित होने की प्रार्थना है। शांति अशांति की अनुपस्थिति नहीं है। शांति मौलिक रूप में मानव मन की प्राकृतिक प्यास है। अशांत चित्त से सृजन संभव नहीं होते। अशांत चित्त विध्वंसक होता है और शांत चित्त सर्जक।

विश्व तनाव में है। हिन्दुत्व परिपूर्ण जीवन दृष्टि है। पूरी जीवन दृष्टि आतंरिक आत्मीयता के आधार पर विकसित हुई है। धरती माता है। आकाश पिता है। जल माताएं हैं। जल से जीवन का उद्भव ऋग्वेद में उल्लिखित है। जलमाताओं ने ही संसार को जन्म दिया। नदियां माताएं हैं। सूर्य संरक्षक हैं। परोपकार और सदाचार उत्कृष्ट जीवन मूल्य हैं। दुख और वैराग्य के स्थान पर आनंद और प्रवृत्ति हैं। संसार त्याज्य नहीं है। संसार धर्म क्षेत्र, कर्म क्षेत्र है। जीवन कर्म प्रधान है। जीवन में पलायन का कोई भाव नहीं। वनस्पतियां भी प्रणाम के योग्य हैं। उन्हें देवता कहा गया है। वैदिक सभ्यता में विचार विविधता है। जीवन और जगत् को समझने के लिए पूर्व मीमांसा, सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, बुद्ध और जैन 8 दर्शन हैं। भारतीय दर्शन किसी देवदूत की घोषणा नहीं है। आधुनिक सभ्यता की सभी विसंगतियों के उपचार हिन्दुत्व में हैं।

# सूरतः नोटा का गला घोंटा

> 4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है?


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

भाजपा शासित प्रदेश और प्रधानमंत्री के गृह राज्य गुजरात के सूरत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित हो गया और अति उत्साही निर्वाचन अधिकारी ने विजय का प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया। मुख्य विपक्षी कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन पत्र इस आधार पर खारिज किया गया कि उस पर प्रस्तावकों के हस्ताक्षर प्रथम दृष्ट्या गलत हैं। यानी निर्वाचन अधिकारी हस्तलेख विशेषज्ञ भी बन गए। स्पष्टतया यह प्रकरण चण्डीगढ़ मेयर चुनाव का द्वितीय और संशोधित संस्करण है, जिस पर सुप्रीमकोर्ट करारा न्यायिक तमाचा मार चुकी है। अगर यह मान भी लिया जाए कि नामांकन निरस्तीकरण सही है और बाकी सारे प्रत्याशियों की नाम वापसी के पीछे कोई दबाव नहीं है, सब को इकट्ठा ब्रह्म ज्ञान हो गया कि आओ नामांकन वापस ले लें, यह सूरत के हित में है, तो भी विजय प्रमाण पत्र जारी करना तो 100 प्रतिशत गलत है। इसके दो प्रबल कारण हैं। प्रथम तो यह कि देश भर के निर्वाचन प्रमाण पत्र निर्गत करने की तो तिथि निर्धारित है।

4 जून को सारी मतगणनाएं होनी है और तदोपरांत प्रमाणपत्र जारी होते रहेंगे। इसके पीछे की निहित भावना यह है कि पहले घोषणाएं हो जाने से शेष मतदान पर प्रभाव पड़ जायगा। अन्यथा जैसे-जैसे चुनाव होते जा रहे हैं, वैसे-वैसे गणनाएं क्यों नहीं की जा रहीं हैं? क्या सूरत अनोखा है? दूसरा कारण यह कि कोई प्रतिद्वन्द्वी मैदान में न होते हुए भी मतदान जरूरी था। अब नोटा भी एक विकल्प होता है। इस पर सुप्रीमकोर्ट की मोहर है कि नोटा भी मतदाता का अधिकार है। ऐसे में क्या यह सम्भव नहीं था कि सूरत के सारे वोट नोटा पर पड़ते और कमल पर एक भी उंगली न पड़ती। तर्क तो यह है ही। तब क्या भाजपा प्रत्याशी विजयी माना जाता? अथवा थोड़े वोट कमल को मिलते किंतु नोटा के वोटों की संख्या ज्यादा होती? तब क्या होता? नोटा पर अभी कानून बहुत स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में काफी कुछ कोर्ट के फैसले पर निर्भर करता, किंतु यहां तो निर्वाचन अधिकारी ने गजब ही कर दिया। मतदान का समय ही नहीं दिया। नोटा और इस रूप में उस जनता के अधिकारों का गला घोंट दिया गया, जो नोटा का विकल्प चुनती। मोदी है तो मुमकिन है।

सुप्रीमकोर्ट में नोटा को लेकर एक जनहित याचिका पड़ गई है, जिसमें सूरत का प्रकरण भी संदर्भित है। अदालत ने याचिका विचारार्थ स्वीकार करते हुए चुनाव आयोग से नोटा विषयक कानून की जांच कर जवाब दाखिल करने को कहा है। देखिये आगे क्या होता है। आशा है कि इस बार नोटा के बारे में कुछ धुंधलका और छटेगा तथा स्थितियां साफ होंगी। शायद सूरत पर भी कुछ आदेश हो जाए।

# दूसरे चरण में भी कम मतदान के मायने


प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर शाम सात बजे तक 60.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। 2019 के लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 95 सीटों पर 67.6 प्रतिशत मतदान हुआ था आंकड़ों की बात करें तो सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 78.6 प्रतिशत और सबसे कम उत्तर प्रदेश में 54.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं मणिपुर में 77.2 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.1 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 71.8 प्रतिशत, असम में 70.8, जम्मू और कश्मीर में 71.6, केरल में 65.3, कर्नाटक में 67.3, राजस्थान में 63.9, मध्य प्रदेश में 56.8, महाराष्ट्र में 54.3 और बिहार में 54.9 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया।

वोट करने के लिए लोगों के घरों से बाहर नहीं निकलने को लेकर राजनीतिक दलों को साथ-साथ चुनाव आयोग की भी चिंता बढ़ा दी है। खासकर हिंदी भाषी राज्यों में तो मतदाता वोटिंग को लेकर जैसे नीरस हो गए हैं। इससे पहले 2014 और 2019 में अच्छी-खासी तादाद में लोगों ने वोट किया था, लेकिन इस बार मतदाताओं में वो जोश देखने को नहीं मिल रहा है। कर्नाटक और केरल जैसे राज्यों में भी महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई, केरल में दोहरे अंकों में गिरावट देखी गई, जिनमें से सबसे बड़ी गिरावट वडकारा में 18.24 प्रतिशत थी। इसी तरह, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में मतदान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई, राजस्थान के अजमेर जिले में 14.89 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों ने इस गिरावट की प्रवृत्ति का अनुसरण किया, जिससे पूरे मंडल में चुनावी व्यस्तता में व्यापक कमी की पुष्टि हुई। किसी भी राज्य में मतदान प्रतिशत में वृद्धि नहीं दिखी है, जो कि चुनाव के इस चरण में मतदाताओं की कम भागीदारी की एक राष्ट्रव्यापी प्रवृत्ति को उजागर करता है। इन राज्यों में भी कम वोटिंग फेज-2 में शुक्रवार को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान हुआ और कम मतदान का सिलसिला इस चरण में भी जारी रहा। ऐसे 11 राज्यों-असम, बिहार, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में शाम 5 बजे तक उत्तर प्रदेश में मतदान सबसे कम रहा, इसके बाद बिहार का स्थान रहा। दोनों राज्यों में लगभग 53 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी 60 प्रतिशत से कम मतदान हुआ। इसके विपरीत, त्रिपुरा और मणिपुर में मतदान प्रतिशत सबसे अधिक-75 प्रतिशत से अधिक रहा। पहले चरण में भी दोनों राज्यों में अपेक्षाकृत अधिक मतदान हुआ। चुनाव और राजनीतिक रूप से सजग कहे जाने वाले बिहार में भी इस बार मतदाता वोट को लेकर काफी नीरस दिख रहे हैं। पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं। उत्तर भारत में गर्म मौसम भी वजह से इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है। लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है। लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है। वहीं चुनाव में विपक्षी पार्टियों की कम सक्रियता से भी कम वोटिंग प्रतिशत को जोड़कर देखा जा रहा है। वहीं आजकल के चुनाव में फिजिकल प्रचार की बजाय सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल भी वोटिंग ट्रेंड को कम कर रहा है।

मतदान प्रतिशत में आई बड़ी गिरावट को लेकर राजनीतिक जानकारों का एक तर्क ये भी है कि भाजपा द्वारा दिए स्लोगन 'अबकी बार 400 पार' और 'तीसरी बार मोदी सरकार' जैसे नारों ने देशभर में ऐसा सेनेरियों बनाया है कि मानों भाजपा की जीत सुनिश्चित है। इससे मतदाताओं के मन में ऐसा भाव पैदा हुआ कि जब एक पार्टी को जीतना ही है तो मतदान करें या न करें, क्या फर्क पड़ेगा। इसकी दूसरी वजह विपक्षी दलों द्वारा चुनाव प्रचार में उत्साह की कमी को भी माना जा रहा है।

# डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान


डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

डर, लोभ, कर्तव्य-बोध और ज्ञान चारों मनोस्थितियों से हम वाकिफ हैं, लेकिन इनकी परिभाषा को एक बार फिर से जान लेने में कोई हर्ज नहीं है। डर किसी ख़तरे या ख़तरे को समझने या पहचानने की प्रतिक्रिया स्वरूप एक अप्रिय मौलिक भावना है। इसके ठीक विपरीत लोभ किसी प्रिय या अभिलषित की प्राप्ति की संभावना में एक चहेती मौलिक भावना है। ये दोनों भावनाएं मूलतः पाशविक हैं और विकास की शुरुआत से ही आ जाती हैं। कर्तव्य बोध मानव के विकास और फलतः सामाजिक होने पर आता है। यह सामान्य रूप से कुछ कार्य करने की प्रतिबद्धता का बोध है जो किन्हीं खास परिस्थितियों में अपेक्षित है। कर्तव्य बोध डर और लोभ दोनों का नियामक हो सकता है। निचले स्तर के पशुओं में यह भावना शायद ही पायी जाती है। ज्ञान वस्तुस्थिति को सतही और गंभीर रूप में समझ सकने की स्थिति है। डर, लोभ और कर्तव्य को भी ज्ञान के चलते समझा जा सकता है और उचित प्रतिक्रिया की जा सकती है। यह मानव विकास के उच्च स्तर पर होता है। धर्म सामाजिक इंजिनीयरिंग का वह उपादान है जो डर, लोभ, कर्तव्य बोध और ज्ञान के सम्मिश्रण और बहुधा संश्लेषण से बनता है। ध्यातव्य है कि धर्म में आवश्यक रूपेण इन चारों भावनाओं का समावेश होता है। केवल डर और लोभ से धर्म नहीं बनता, अन्यथा जानवर भी धार्मिक होते। उसी तरह केवल कर्तव्य बोध या शुद्ध ज्ञान धर्म नहीं बना सकते। मानव समाज में अनेक धर्म प्रचलन में हैं। उनमें फर्क इस बात को लेकर है कि उपर्युक्त चारों तत्वों का सम्मिश्रण किस अनुपात में है।

इस विवेचना से इशारा मिलता है कि व्यक्ति के कर्मों के प्रतिदान में हर धर्म ने डर और लोभ को स्थान क्यों दिया है जब कि ज्ञान के आधार पर उन्हें स्थापित नहीं किया जा सकता। इससे यह भी पता चलता है कि कोई भी धर्म केवल इथिक्स या दर्शन क्यों नहीं है। यह भूलने की बात नहीं है कि विज्ञान को उपादेयता से कोई मतलब नहीं होता, केवल ज्ञान से मतलब होता है। लेकिन इंजिनीयरिंग को उपादेयता से भी मतलब होता है। चूंकि धर्म सोशल इंजिनीयरिंग का उपादान है, तो इसमें केवल ज्ञान ही नहीं उपादेयता पर भी ध्यान रखा गया है। केवल विज्ञान के सहारे न तो धर्म को समझा जा सकता है और न उसकी स्थापना हो सकती है।

# लोकतंत्रः सबसे बड़ी विरासत


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

राष्ट्रीय-जीवन की अविच्छिन्न परंपरा ने हमको सबसे बड़ी विरासत दी है, वह लोकतंत्र ही है। और इस विरासत की रक्षा करना हमारा सबसे बड़ा राष्ट्रीय कर्तव्य है। लोकतंत्र को आगे बढ़ाना हमारा सबसे बड़ा दायित्व है। हम शिक्षा-क्षेत्र में हैं या साहित्य के क्षेत्र में हैं, हम न्याय के क्षेत्र में हैं या उद्योग-व्यापार के क्षेत्र में हैं, हम प्रशासन में हैं या राजनीति में हैं अथवा पत्रकारिता में हैं, लोकतंत्र के मार्ग की बाधाओं को दूर करने के लिए हमें आगे बढ़ना ही होगा।

लोकतंत्र केवल राजनैतिक-प्रणाली ही नहीं है, लोकतंत्र जीवन की एक प्रणाली है, एक संपूर्ण जीवन-दर्शन है। लोकतंत्र की यह परिभाषा सही नहीं है कि आप एक दिन वोट दे कर पांच साल तक आराम करते रहें। यदि जनता का प्रतिनिधि (चुने जाने के बाद) जनता की आवाज को दबाने की भूमिका निभा रहा है, जन विरोधी निर्णय में भागीदार है। तो जनता को अपने प्रतिनिधि को वापस बुलाने का अधिकार क्यों नहीं मिलना चाहिए? जनता मकानमालिक है, प्रतिनिधि किरायेदार है। किरायेदार मकान को ध्वस्त करता रहे और मकानमालिक से कहे कि पांच साल बाद दूसरा किरायेदार रख लेना। फिर दूसरा किरायेदार भी मकान को क्षति पंहुचाए और कहे कि पांच साल तक चुप रहो। यह लोकतंत्र की कुत्सित व्याख्या है। लोकतंत्र जनता को जो अधिकार देता है, वह क्षणिक नहीं है, वह सतत है, निरंतर है। अभी हम लोकतंत्र के मार्ग पर चल रहे हैं, लोकतंत्र की मंजिल अभी बहुत दूर है, रास्ते में अनेकानेक रुकावटें और बाधाएं आ रही हैं और हमारा संघर्ष उन बाधाओं से चल रहा है फिर भी हम लोकतंत्र के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ये बाधाएं और रुकावटें बहुत ही शक्तिशाली हैं। सामन्ती-मानसिकता हो या व्यक्ति और वर्ग के स्वार्थ हो, कदम-कदम पर कांटों की तरह चुभते हैं। ऐसा कौन सा दल है, जहां जनता के प्रति निष्ठा का महत्व हो। जिस दिन पारदर्शिता और राष्ट्रीय निर्णयों में जन की भागीदारी हो जाएगी, उस दिन कोई भी संकल्प मुश्किल नहीं होगा। लेकिन अभी तो प्रत्येक दल सुप्रीमो का मुखापेक्षी बना हुआ है।

# जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम


डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, बरेली

> जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा।

जनसंख्या वृद्धि की समस्या आज केवल भारत की नहीं अपितु एशिया के अधिकांश देशों की प्रमुख समस्या बन गई है। जनसंख्या वृद्धि के कारण आज विश्व के सम्मुख अभाव, बेकारी, बीमारी, निर्धनता, प्राकृतिक प्रकोप, शारीरिक, मानसिक विकृतियां आदि गंभीर रूप धारण करती जा रही हैं जो मानव विकास के साथ-साथ संपूर्ण विश्व के विकास के लिए भी घातक है। भारतीय समाज में अत्यधिक जनसंख्या के कारण बहुत सी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं जिससे सरकारी योजनाएं कुछ ही समय तक कारगर रहती हैं उसके बाद वह असफल हो जाती हैं क्योंकि वर्तमान जनसंख्या को ध्यान में रखकर ही योजनाएं बनाई जाती हैं। कुछ समय बाद जब जनसंख्या अधिक बढ़ जाती है तो वह योजना भी कारगर सिद्ध नहीं होती जिसके कारण भ्रष्टाचार, सामाजिक, आर्थिक असमानता में वृद्धि, सरकारी तंत्र के प्रति अविश्वास एवं विभिन्न प्रकार के संघर्षों में भी वृद्धि होने लगती है। जनसंख्या वृद्धि विभिन्न सामाजिक, आर्थिक और प्राकृतिक विपत्तियों का मूल कारण है जिसके कारण अत्यधिक पर्यावरण प्रदूषण एवं असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

वर्तमान में भारत को विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश का गौरव प्राप्त हुआ है जिससे भारत में जनसंख्या विस्फोट जैसी भयानक स्थिति उत्पन्न हो गई है। भारत में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, नैतिक, शारीरिक, मानसिक, स्वास्थ्यगत, शैक्षिक, बेरोजगारी, बेकारी, भुखमरी, प्राकृतिक, पर्यावरण संबंधी आदि अनगिनत समस्याएं जनसंख्या वृद्धि के कारण ही उत्पन्न हो गई हैं जो मानव अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो सकती हैं।

किसी भी राष्ट्र के निर्माण एवं आर्थिक विकास हेतु वहां की जनसंख्या महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है साथ ही उस देश के आर्थिक विकास का उस देश की जनसंख्या पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। इस तरह जनसंख्या तथा आर्थिक विकास के बीच प्रत्यक्ष एवं परस्पर संबंध होता है। प्रत्येक देश का उत्पादन स्तर, आर्थिक विकास की दर, राष्ट्रीय तथा प्रति व्यक्ति आय, देश में उत्पादक क्रियाओं का संचालन, रहन-सहन का स्तर आदि सभी दशाएं उस देश की जनसंख्या के आकार, गठन एवं वितरण आदि पर निर्भर करती हैं। यद्यपि आर्थिक विकास में प्राकृतिक संसाधनों तथा पूंजी की मात्रा का भी विशिष्ट योगदान होता है परंतु यह आर्थिक विकास के निर्जीव साधन है। मानव ही वह शक्ति है जो इन संसाधनों को अपनी कार्य-कुशलता तथा बौद्धिक क्षमता द्वारा उचित दिशा में गतिशील कर इनका अनुकूलतम उपयोग करती है तथा विकास का मार्ग प्रशस्त करती है इसीलिए जनसंख्या एवं आर्थिक विकास दोनों प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से एक दूसरे को प्रभावित करते हैं परंतु किसी भी राष्ट्र को अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि से होने वाली विभिन्न समस्याओं से भी निरंतर दो-चार होना पड़ता है।

यदि क्षेत्रफल की दृष्टि से देखा जाए तो भारत विश्व के सात बड़े देशों में रूस, कनाडा, चीन, अमेरिका, ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत 'सातवें' स्थान पर है और जनसंख्या की दृष्टि से 'प्रथम' स्थान पर है। भारत की जनसंख्या चीन की तुलना में 2.9 मिलियन ज्यादा हो गई है। 'संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष' ने इसके आंकड़े भी जारी कर दिए हैं। भारत दुनिया का सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश बन गया है। भारत में 15 से 64 साल तक के लोगों की संख्या 68 प्रतिशत है। यू. एन. ने पिछले साल इन आंकड़ों का दावा किया था। भारत की आबादी वर्तमान में 142.86 करोड़ पहुंच गई है जबकि चीन की जनसंख्या 142.57 करोड़ है।

भारत एक विकासशील देश है और भारत में बढ़ती हुई जनसंख्या केवल आर्थिक विकास में ही बाधक नहीं है बल्कि देश की अनेक समस्याओं का भी मूल कारण है। भारत के पास अभी भी समय है कि वह जनसंख्या वृद्धि पर रोक लगाने हेतु विभिन्न उपायों का सख्ती से पालन करें और भारत के नागरिकों में जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक बनाएं जिससे जनसंख्या वृद्धि कम करने में एवं विभिन्न योजनाओं के सफल होने के अवसर बढ़ जाएंगे और लोगों में संसाधनों के उपभोग की प्रवृत्ति के साथ-साथ संसाधनों के उत्पादन की प्रवृत्ति के लिए भी प्रोत्साहन करके कुछ हद तक संसाधनों की पूर्ति की जा सकती है, जैसे- छत, बालकनी, गार्डन आदि में फल और सब्जियों को उगाकर पर्यावरण को भी सुरक्षित किया जा सकता है और विभिन्न रसायन युक्त फल और सब्जियां खाने से बच जाएंगे और स्वास्थ्य भी सही होगा। समय के सदुपयोग के साथ मनोरंजन भी होगा जिससे लोगों का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य सही रहेगा और धन की भी बचत होगी। यह कदम पर्यावरण के साथ-साथ देश के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगा।

# जरूरी है बौद्धिक संपदा की रक्षा


तपन कुमार
एमजेपीआरयू, बरेली

डिजिटल युग में, फोटोग्राफी पहले से कहीं अधिक सुलभ हो गई है। उच्च गुणवत्ता वाले कैमरों से लैस स्मार्टफोन के प्रसार ने व्यक्तियों के लिए छवियों को कैप्चर करना और साझा करना आसान बना दिया है। हालांकि, इस पहुंच ने फोटोग्राफरों की बौद्धिक संपदा का दोहन भी किया है। बहुत से लोग उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरों के लिए इंटरनेट ब्राउज़ करते हैं, उन्हें डाउनलोड करते हैं, और मूल रचनाकारों की अनुमति या मुआवजे के बिना उनका उपयोग करते हैं।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के व्यक्तिगत फोटोग्राफरों और समग्र रूप से क्षेत्र दोनों के लिए दूरगामी परिणाम हैं। जब व्यक्ति बिना अनुमति या उचित एट्रिब्यूशन के तस्वीरों का उपयोग करते हैं, तो वे मूल रचनाकारों के अधिकारों को कमजोर करते हैं। चोरी का यह कार्य न केवल फोटोग्राफर के काम की मान्यता और मूल्य को कम करता है, बल्कि अपने शिल्प से आजीविका कमाने की उनकी क्षमता को भी कम करता है। इसके अलावा, उचित एट्रिब्यूशन की अनुपस्थिति फोटोग्राफरों को उनके कलात्मक प्रयासों के लिए मान्यता से वंचित करती है और उनके पेशेवर विकास में बाधा डालती है।

यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि तस्वीरों के अनधिकृत उपयोग सहित बौद्धिक संपदा की चोरी अवैध है और कानून के तहत दंडनीय है। रचनाकारों के अधिकारों की रक्षा करने और उनके काम के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए कई देशों में कॉपीराइट कानून मौजूद हैं। ये कानून फोटोग्राफरों को अपनी तस्वीरों को पुनः पेश करने, वितरित करने, प्रदर्शित करने और लाइसेंस देने के लिए विशेष अधिकार प्रदान करते हैं। इन अधिकारों का कोई भी अनधिकृत उपयोग या शोषण कॉपीराइट उल्लंघन के बराबर है।

फोटोग्राफी में बौद्धिक संपदा की चोरी के मुद्दे को संबोधित करने के लिए, आम जनता में फोटोग्राफरों के अधिकारों और उनके काम का सम्मान करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। जिम्मेदार उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने में शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। व्यक्तियों को यह समझने की आवश्यकता है कि तस्वीरें लेने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं और बिना अनुमति के किसी और के काम का उपयोग करना उनके अधिकारों का उल्लंघन है।

फोटोग्राफर स्वयं अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए सक्रिय कदम उठा सकते हैं। वे अपने स्वामित्व का दावा करने और अनधिकृत उपयोग को प्रतिबंधित करने के लिए वाटरमार्क, मेटाडेटा और डिजिटल अधिकार प्रबंधन उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, फोटोग्राफरों को अपने कानूनी संरक्षण को मजबूत करने और स्वामित्व का एक स्पष्ट रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए प्रासंगिक कॉपीराइट अधिकारियों के साथ अपने काम को पंजीकृत करने पर विचार करना चाहिए।

# बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, पिता और बेटी की मौत

## हादसे में बाइक सवार की पत्नी भी गंभीर रूप से घायल, हाईवे पर हुआ हादसा

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के हाईवे पर जल पोखरा के पास तेज रफ्तार से कच्ची इंटों से लदी ट्रक्टर-ट्राली के चालक ने गलत साइड पर आकर बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में पिता व पुत्री की मौत हो गई। पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मैनपुरी जिले के बरनाहल थाना क्षेत्र के गांव दिहुली निवासी रियाजुद्दीन (28) पुत्र जफरुद्दीन शनिवार की सुबह अपनी पत्नी शमा बेग़म (25) और तीन वर्षीय पुत्री गुनगुन को साथ लेकर बाइक से औरैया जिले के अटसू के निकट पास जुआ गांव में अपनी ससुराल जा रहे थे। हाईवे पर जमुना बाग के पास जल पोखरा गांव के सामने गलत साइड पर कच्ची ईंट लादकर तेज रफ्तार से ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों बाइक सहित ट्राली के पहिए के नीचे आ गए।


ट्रैक्टर के नीचे पड़ी बाइक। अमृत विचार

● ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस ने कब्जे में लिया

हादसे में रियाजुद्दीन व गुनगुन की मौत हो गई । शमा बेगम घायल हो गईं। उपनिरीक्षक अनुज कुमार बालियान मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। सभी को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने रियाजुद्दीन व गुनगुन को मृत घोषित कर दिया। घायल शमां बेगम का इलाज जारी था। ट्रैक्टर ट्रॉली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## दबंगों ने फायरिंग कर गांव में फैलाई दहशत

**भरथना, इटावा।** भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगरिया सरावा के दर्जनों महिला पुरुषों ने शुक्रवार को भरथना कोतवाली पहुंचकर गांव के तीन लोगों पर गाली-गलौज मारपीट और दहशत फैलाने के लिए ताबड़तोड़ फायरिंग करने का आरोप लगाया। उनके विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम निवासी मुन्नी देवी, उर्मिला देवी, सुनीता देवी, सुषमा देवी, पूनम, गुड्डी, लक्ष्मी, प्रेमलता, सीमा देवी, सुनीता, महारी देवी समेत कई दर्जन महिलाएं भरथना कोतवाली पहुंचीं। उन्होंने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। मांग की गई है कि संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। आरोप है कि पुलिस ने महिलाओं की पीड़ा सुने बगैर कोतवाली से टरका दिया। हालांकि पुलिस ने घटना की जांच-पड़ताल के बाद फायरिंग जैसी घटना से इंकार किया है।

# असलहा फैक्ट्री चलाते दो कुख्यात दबोचे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● 18 तमंचे, तीन अधिया, राइफल तथा छह अधबने तमंचे और उपकरण मिले

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में असलाह फैक्ट्री चलाते दो कुख्यात शातिर पुलिस ने शनिवार को तड़के दबोच लिए। फैक्ट्री के तमाम उपकरणों के साथ 18 तमंचे तीन अधिया, देसी राइफलें, छह अधबने तमंचे तथा कारतूस बरामद हुए। पुलिस टीम को एसएसपी ने 20 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि वैदपुरा थाना प्रभारी समित चौधरी फोर्स के साथ शनिवार की रात नगला बरी तिराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तड़के चार बजे सूचना मिली कि नगला गडरियान तथा नगला बाबा के बंबा से थोड़ी दूरी पर झोपड़ी में असलहा फैक्ट्री चलाई जा रही है। इस पर छापामार इसी थाना क्षेत्र के गांव नगला बाबा के शातिर अपराधी सुखवीर उर्फ नेता तथा गांव नगला देवसन के सुधीर कुमार को असलहे बनाते हुए पकड़ा। मौके पर भट्ठी पर जलता हुआ कोयला के साथ बने, अधबने असलहे, कारतूसों तथा उपकरणों को बरामद किया गया। सुखवीर पर 23 तथा सुधीर पर 12 अभियोग लूट, जानलेवा हमला, अपहरण, चोरी सहित अन्य संगीन मामलों के पहले से दर्ज हैं। इनके पकड़े जाने से चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।


एसएसपी संजय कुमार वर्मा ।

### पखवाड़े में तीसरी फैक्ट्री पकड़ी गई

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर जारी निरोधात्मक कार्रवाई अभियान में पखवाड़े में यह तीसरी फैक्ट्री पकड़ी गई है। इससे पहले थाना सैफई तथा ऊसराहार क्षेत्र में पकड़ी गई थीं। फैक्ट्री चलाने वाले इतने शातिर हैं जो थोड़े-थोड़े अंतराल पर जंगल में स्थान बदल लेते हैं। यह दोनों दो साल से इसी तरह जगह बदलकर फैक्ट्री चला रहे थे।

### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

असलाह फैक्ट्री चलाते दो कुख्यातों को पकड़ने में वैदपुरा थाना प्रभारी समित चौधरी, एसआई दिनेश चंद्र व सौरभ राणा, हेका ड्राइवर आविद खां, कनि जगवीर सिंह, रवि कुमार, जितेंद्र कुमार, सौरभ यादव, अंकित चौधरी 20 हजार रुपए का इनाम पाने में शामिल हैं।


# बच्चों की बात मानो, 13 मई को वोट दो

संवाददाता महेवा, इटावा

● स्वीप कार्यक्रम के तहत हुए मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

**अमृत विचार।** महेवा के अंतर्गत कई विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों ने कहा कि हम बच्चों की बात मान लो ,13 मई को वोट डाल दो।

बीएसए डा राजेश कुमार एवं खंड शिक्षा अधिकारी महेवा उदय सिंह राज की देखरेख में परिषदीय विद्यालयों में भी गठित बाल संसद व बाल टोली के साथ शिक्षक भी इस अभियान में भाग ले रहे हैं। कंपोजित विद्यालय दाउदपुर में मतदाताओं को उनके मत का महत्व समझाते हुए अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए अनुरोध किया। प्रधानाध्यापक संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बाल संसद , बाल टोली और शिक्षकों के साथ मतदाता जागरूकता के लिए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया है। सहायक अध्यापक मनोज कुमार पांडेय, नेहा सिंह, निधि कुशवाहा, आदित्य प्रकाश त्रिपाठी सहित अंकित त्रिपाठी व कशिश त्रिपाठी ने विशेष सहयोग किया। प्राथमिक विद्यालय सब्दलपुर में प्रधानाध्यापक आशुतोष कुमार तिवारी और प्राथमिक विद्यालय टकरूपुर में प्रधानाध्यापक संजय चौधरी ,सूरज प्रसाद ने बच्चों के साथ मतदाता जागरुकता रैली निकाली।



### यूपीएस इकनौर के छात्रों ने निकाली रैली

यूपीएस इकनौर के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में बच्चों ने 13 मई को लोकसभा निर्वाचन में वोट देने की अपील की। कार्यक्रम में अर्चना चौधरी, नीरज सिंह, चन्द्र जीत सिंह, रेखा सोनी, अभिषेक कुमार, रविन्द्र कुमार दोहरे प, आकांक्षा गोयल, राहुल त्रिपाठी, रवि यादव, पूजा, अर्चना, कल्पना, अल्पना, गोविंद त्रिपाठी पूर्व प्रधान इकनौर, संतोष बाबू आदि लोग उपस्थित रहे।

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट का किया निरीक्षण

संवाददाता महेवा, इटावा

● जिला समन्वयक स्वच्छता एवं एडीओ ने मौके पर मशीनें चालू करवाकर देखीं

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत महेवा में निर्मित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट का जिला समन्वयक स्वच्छता अनुराग बाजपेई एवं एडीओ पंचायत इंद्रपाल सिंह ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। यूनिट में स्थापित मशीनों को चालू कराकर भी देखा। अनुपयोगी प्लास्टिक, पालीथिन आदि को सभी ग्राम पंचायतों से लाकर स्थापित मशीनों से टुकड़ा कर पीएम सड़क योजना में प्रयोग किया जाएगा ।

उन्होंने बताया कि इसमें स्थापित फटका मशीन से प्लास्टिक को साफ किया जाएगा। श्रेडिंग मशीन से छोटे-छोटे टुकड़े कर बोरियो में भरकर रखा जाएगा। जिसे सड़क योजना के लिए सरकारी उपक्रमों द्वारा प्रयोग किया जाएगा। इस केंद्र पर ब्लॉक की सभी 91ग्राम पंचायत की प्लास्टिक के साथ साथ चकरनगर, बढ़पुरा एवं भरथना ब्लॉक क्षेत्र की सभी पंचायतों से प्लास्टिक आएगी। ग्राम प्रधान महेवा कुमुद सिंह, जेई अंशुमान सिंह, बीसी महेवा संतोष कुमार, ग्राम पंचायत सदस्य राजेश कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

## आय एवं योग्यता परीक्षा में सफलता

**महेवा, इटावा।** बहेड़ा उच्च प्राथमिक स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार ने बताया कि स्कूल के चार छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें आयुषी कुशवाहा पुत्री मुरारीलाल ने 11वीं, छात्र विकास राजपूत पुत्र अरुण राजपूत ने 21वी रेंक प्राप्त कर परीक्षा पास की । उच्च प्राथमिक स्कूल उझियांनी के प्रधानाध्यापक नरेंद्र यादव ने बताया कि स्कूल की छात्रा अनुष्का पुत्री अशोक कुमार ने 23 वी रेंक तथा लेविस पुत्र रविंद्र कुमार ने 31वी रेंक प्राप्त की है । दोनो मेधावियों के साथ साथ उनके माता पिता का भी सम्मान किया गया। दोनो स्कूल प्रधानाध्यापक सहित शिक्षक बाल कृष्ण ,रिचा भदौरिया सहित समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

## सार-संक्षेप


मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ प्रधानाचार्य उमा भदौरिया। अमृत विचार

### महात्मा गांधी सैनिक कॉलेज के मेधावी सम्मानित

**इटावा।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 में महात्मा गांधी सैनिक इंटर कॉलेज पछांयगांव में इंटर विज्ञान वर्ग में कविता 90 .8 प्रतिशत प्रथम, शिवा मिश्रा 90 .6 द्वितीय और शिवम कुमार ने 89 .8 तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर कला वर्ग में अंशुल कुमार 74 .2 प्रतिशत, पूजा और रौनक ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाईस्कूल में विद्यालय स्तर पर रिया 92 .3 प्रतिशत, शिवम सिंह 84 प्रतिशत और सुरभि ने 83 प्रतिशत अंक पाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इंटर में कुमुद भदौरिया, अनुष्का जादौन, नेहा, रोशनी, स्तुति, रश्मि, अंजलि और हाईस्कूल में संध्या, नेत्रा शर्मा, पल्लवी, वंदना ने उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। प्रबंधक प्रदीप चौहान एवं प्रधानाचार्य उमा भदौरिया ने टॉपर छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर, मेडल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विजय कुमार पटेल, यादवेंद्र प्रताप, वीरपाल सिंह, पंकज आदि मौजूद रहे।

### उद्योग व्यापार मंडल ने लगाया प्याऊ

**इटावा।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शनिवार को पचराहे पर भीषण गर्मी में राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए मटका प्याऊ का शुभारंभ किया। जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा व्यापार मंडल की ओर से शहर के प्रमुख स्थानों पर मटका प्याऊ लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर महामंत्री धर्मेंद्र जैन, इकरार अहमद, रंजीत सिंह कुशवाहा, चौधरी सचिन अग्रवाल एडवोकेट, अंकित अग्रवाल, संचित अग्रवाल, डॉक्टर तोमर सहित स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।


प्याऊ का शुभारंभ करते व्यापारी नेता मनोज अग्रवाल।

### मां-बेटी के साथ की मारपीट, तहरीर दी

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिरहाई गांव गांव निवासी रामबेटी पत्नी धर्म सिंह ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है उनके खेत में कटी रखी गेहूं की फसल को गांव के ही नामजद चार लोगों ने थ्रेशर से कटवाना शुरू कर दिया। मना करने पर मां-बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### विधीपुर में भ्रष्टाचार की जांच की मांग

**बकेवर, इटावा।** महेवा की ग्राम पंचायत विधीपुर में वर्ष 2021 में तैनात ग्राम सचिव के खिलाफ भ्रष्टाचार की जांच की मांग की गई है। भ्रष्टाचार उन्मूलन एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वर्ष 2021 में तैनात ग्राम सचिव ने विकास कार्यों का पैसा अपने निजी रिश्तेदारी की फर्म को भुगतान करके भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने सक्षम अधिकारियों की टीम से निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**ताखा, इटावा।** थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव निवासी अवधेश कुमार शर्मा शुक्रवार रात को खेतों से भूसा डालने गए थे। रात करीब दो बजे जब वह काम निपटाने के बाद घर लौटे और अपने कमरे लेटने गये तभी अचानक कमरे में लटक रहा तार टूट कर ऊपर गिर गया। जिससे उन्हें जोरदार करंट लग गया और वह वही अचेत होकर गिर पड़े। कुछ देर बाद पत्नी नीलम कमरे में लेटने गई तो पति को पड़ा देखा। उन्हें पडा देख घर में चीखपुकार मच गई परिजन युवक को किशनी के एक निजी अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने पीजीआई सैंफई रेफर कर दिया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर जान दी

चकरनगर, इटावा। भरेह थाना क्षेत्र के गांव हरपुरा निवासी शिवकुमार उर्फ पुच्चे (33) पुत्र जगराम घरेलू कारणों से परेशान चल रहा था। इसी परेशीनी के चलते उसने फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### विषाक्त पदार्थ खाने से युवक की मौत

**इटावा।** बकेवर थाना क्षेत्र के गांव नगला बनी में एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। उक्त गांव निवासी जहेश यादव (25) पुत्र दलवीर सिंह ने किसी कारणों से परेशान होकर किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बाद में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# मकान के ताले तोड़कर 45 लाख का माल चोरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● पीड़ित अपर संख्या अधिकारी के परिवार के साथ गए थे एक शादी समारोह में

**अमृत विचार।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी में रहने वाले फतेहपुर जिले में तैनात अपर संख्या अधिकारी के खाली पड़े सरकारी आवास को चोरों ने निशाना बनाया। चोर मकान के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात समेत पांच लाख नकदी पाकर कर ले गए। अपर संख्या अधिकारी भतीजे की शादी में परिवार सहित शामिल होने के लिए छिबरामऊ गए हुए थे।



मूलरूप से विनायकपुर कन्नौज के रहने वाले ओमप्रकाश सिंह फतेहपुर में अपर संख्या अधिकारी के पद पर तैनात हैं। वह इटावा में 2010 से 2017 तक रहे। इसके चलते उन्हें सिविल लाइन स्थित मनोहर कॉलोनी में बने सरकारी आवास मिला हुआ है। इसी में वह परिवार सहित रह रहे हैं।

ओमप्रकाश सिंह ने बताया की बीते वर्ष 26 फरवरी 2023 में पत्नी का निधन हो गया था। उनके दो बेटे अमिताभ व हर्ष हैं जो बीएचएमएस और आईआईटी की तैयारी दिल्ली से कर रहे है। घर पर भतीजी सविता रहती है। 25 अप्रैल को छिबरामऊ कन्नौज में भतीजे हेम सिंह की शादी के चलते दोनों बेटे भतीजी 23 अप्रैल को घर में ताला लगाकर छिबरामऊ गए थे । शुक्रवार रात 10 बजे उनकी बिल्डिंग में नीचे रह रहे फिरोजाबाद में अपर संख्या अधिकारी अरविंद सिंह ने फोन करके घर के ताले टूटे होने की जानकारी दी। जिस पर रात में करीब एक बजे इटावा आए तो देखा मुख्य गेट के साथ कमरों के ताले खुले पड़े थे। इसके बाद थाना सिविल लाइन में चोरी की तहरीर दी गई।

# इटावा में जीत से बनती है केंद्र में सरकार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● तीन बार इटावा से जीते प्रत्याशी और तीनों बार बनी भाजपा सरकार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी और लोकसभा चुनाव को लेकर यह एक खास बात है कि यदि भारतीय जनता पार्टी इटावा लोकसभा सीट पर चुनाव जीतती है तो केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है। ऐसा तीन बार हो चुका है।

स्थिति यह है कि अब तक तीन बार ही इटावा लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चुनाव जीते हैं और तीनों बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है। पहली बार 1998 में वरिष्ठ नेता सुखदा मिश्रा इटावा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची थी और उस समय अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी जो 13 महीने तक चली थी। उसके बाद भाजपा इटावा से लोकसभा का चुनाव नहीं जीत पाई।

हालांकि हर बार मुकाबले में भाजपा रही लेकिन विजय नहीं मिली। 1998 के बाद 2014 के चुनाव में इटावा से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी को विजय मिली। तब भाजपा के प्रत्याशी अशोक दोहरे इटावा लोकसभा सीट से चुनाव जीत कर लोकसभा पहुंचे थे। 2014 में भाजपा की जीत का जो सिलसिला शुरू हुआ वह 2019 में भी जारी रहा। पार्टी ने प्रत्याशी बदल दिया और 2019 के चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ राम शंकर कठेरिया इटावा से लोकसभा के लिए चुनाव जीत गए। खास बात यह रही कि 2014 में जब अशोक दोहरे इटावा से चुनाव जीते तब केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी और 2019 में जब डॉ राम शंकर कठेरिया चुनाव जीते, तब भी केंद्र में भाजपा की सरकार बनी। अब एक बार फिर भाजपा प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

# भाजपा नेताओं ने रैली स्थल तैयारियों को दिया अंतिम रूप

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने भाजपा प्रत्याशी डा रामशंकर कठेरिया व भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत नुमाइश पंडाल पहुंचे। जिलाध्यक्ष व प्रत्याशी ने छोटी मोटी कमियों को दुरुस्त कर जनसभा को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा जनसभा के लिए सारी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। यह जनसभा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में ऐतिहासिक होने वाली है। पूरे लोकसभा क्षेत्र से बसों, चारपहिया वाहन, बाइक व ऑटो से लोगों को लाने की व्यवस्था की गई है। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्षों व बूथ अध्यक्षों के सहयोग से लाखों लोगों को लाने की व्यवस्था की गई है।जनसभा के लिए भीड़ जुटाने के उद्देश्य बीती रात जिला संगठन द्वारा शहर में प्रत्याशी डॉ रामशंकर कठेरिया की अपील पत्र व अक्षत देकर शहरवासियों को आमंत्रित किया गया है ।

निरीक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष आनंद राज पाल, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, विधानसभा संयोजक विमल भदौरिया, जिला मंत्री रजत चौधरी, सीपू चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मुनेश बघेल, सत्यम राजपूत, शिवम राजपूत, तेजपाल राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

**लोकसभा चुनाव** | केंद्रीय मंत्री अमित शाह आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के गृह जनपद में

# शाह की सभा के लिए नेताओं ने किया जनसंपर्क

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव के गृह जनपद में भाजपाइयों में जोश भरने के लिए केंद्रीय मंत्री अमित शाह 28 अप्रैल को नुमाइश पंडाल में एक विशाल रैली करेंगे। यह रैली इटावा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थन में हो रही है। रैली की तैयारियों में भाजपाई जीन-जान से जुट रहे। रैली में पूरे लोकसभा क्षेत्र से पांच लाख लोगों की भीड़ जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

रैली में आने वाले लोगों को हवा पानी की कोई समस्या न हो इसको देखते हुए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। भाजपा की जिला इकाई से लेकर सभी अनुसांगिक संगठन रैली को सफल बनाने में जुट गए हैं। इस रैली में अमित शाह विपक्षी दलों के खिलाफ गर्जना कर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करेंगे। अमित शाह की रैली को लेकर जिले के भाजपाई काफी उत्साहित हैं। कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, विमल भदौरिया समेत कई प्रमुख नेतागण नुमाइश पंडाल की व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं।

रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता टोलियां बनाकर शहर कस्बों और गांवों में जनसंपर्क कर रहे हैं। केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इटावा जिले में चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है। इटावा लोकसभा सीट पर भाजपा की यह सबसे बड़ी रैली होगी।

रैली को लेकर भाजपा नेताओं ने इटावा और भरथना विधानसभा क्षेत्रों में दर्जनों स्थानों पर जनसभाएं की। आम जनता से संवाद कर पीएम मोदी और सीएम आदित्यनाथ योगी के जनहित और समाज हित में किए कार्यों की चर्चा की। जनसभाओं में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, विधायक सरिता भदौरिया, ब्लाक प्रमुख गणेश राजपूत, शिवप्रताप राजपूत, विमल भदौरिया, शिवकिशोर धनगर, सीपू चौधरी, अमित तिवारी मानू, समेत कई प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित रहे।


पुरा रेवाड़ी में जनसभा को संबोधित करतीं विधायक सरिता भदौरिया व प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार

# सीडीओ ने किया निर्वाचन के कामकाज का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● सभी कर्मचारियों के खातों का विवरण दर्ज करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों की ड्यूटी वितरण एवं अन्य निर्वाचन संबंधी कार्यों को ध्यान में रखते हुए विकास भवन में संचालित कार्मिक प्रकोष्ठ का सीडीओ ने औचक निरीक्षण किया है। उन्होंने ड्यूटी वाले सभी कर्मचारियों के बैंक खातों का सही विवरण फीड कराने के लिए कहा। निरीक्षण में कार्मिक प्रकोष्ठ से संबंध कर्मचारी अशोक कुमार शर्मा, कौशल कुमार तिवारी, दिनेश बाबू, विवेक कुमार, सुनील दत्तसुचारू रूप से कार्य करते हुए उपस्थित मिले।

सीडीओ ने कार्मिक प्रकोष्ठ सहायक अशोक शर्मा से कहा कि निर्वाचन ड्यूटी में लगे गंभीर बीमारी से ग्रस्त, सेवानिवृत्त, गर्भवती महिलाएं, प्रसूति अवकाश, व अन्य प्रत्यावेदनों पर जिन कर्मचारियों को निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त किया गया है। उनके स्थान पर नये कर्मचारियों की ड्यूटी तुरंत विरतण कराएं।

आवेदनकर्ता को भी दूरभाष के माध्यम से अवगत कराएं कि उनके स्थान पर किसी अन्यत्र की ड्यूटी लगा दी गई है। जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के समय कार्मिक प्रकोष्ठ सहायक अशोक शर्मा ने कहा कि कतिपय विभागों द्वारा कर्मचारियों के बैंक खाता का विवरण ऑनलाइन गलत फीड हो गया है, जिसके सुधार के लिए विभिन्न माध्यमों से सूचना भेजकर पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी 130 के सापेक्ष 95 कर्मचारियों द्वारा दिये गये सही खाते का विवरण एनआईसी को भेजा जा चुका है।

**चौ० सुघर सिंह लॉ कालेज**
कचौरा रोड, रेलमण्डी जसवन्तनगर (इटावा)

**आवश्यकता है**
महाविद्यालय को स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत पंचवर्षीय बी.ए. एल.एल.बी. तथा त्रिवर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रमों हेतु प्राचार्य तथा सहायक आचार्यो (Assistant Professor) की आवश्यकता है।
**पदो की संख्या, मानक, सेवा शर्ते, योग्यता आदि भारतीय विधिज्ञ परिषद (BCI), यू0जी0सी0 उ0प्र0 शासन, तथा छत्रपति शाहू जी महाराज वि0वि0 कानपुर के अनुसार**
**नोट–** इच्छुक अभ्यर्थी अपने फोटो एवं समस्त प्रमाण पत्रो की प्रतिलिपि सहित आवेदन पत्र महाविद्यालय में दिनांक 20/05/2024 दिन सोमवार तक सीधे कार्यालय में जमा कराये या रजिस्टर्ड डाक द्वारा भेजें।
**डा0 ब्रजेशचन्द्र यादव,**
चेयरमैन, मो0– 9720296702


जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया। अमृत विचार



जनता का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी एवं अन्य। अमृत विचार


मुख्यमंत्री का अभिवंदन करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

# सुतली बम भी फटता है तो पाक कहता है मेरा हाथ नहीं: योगी

## सपा व कांग्रेस को सबक सिखाने को कह गए योगी, बाले-सपा व कांग्रेस पिछड़ों व अनुसूचित जातियों का आरक्षण छीनना चाहती हैं

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सशक्त राष्ट्र बना है। अब अगर कहीं सुतली बम भी फटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि मेरा हाथ नहीं है। ये आज का आत्मविश्वास से पूर्ण निर्भीक भारत है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अजीतमल जनता महाविद्यालय में आयोजित जनसभा में कहीं।

उन्होंने सरकार की उपलब्धियां भी बताईं। विपक्षियों पर जमकर निशाना साधा। कहा कि कांग्रेस और सपा के जमाने मे बेटियां असुरक्षित थीं। इन दलों के लोग गरीबों को भूखा मारते थे। आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते थे। चेताया कि सपा और कांग्रेस गठबंधन के माध्यम से पिछड़ों का आरक्षण खत्म कर मुस्लिम आरक्षण देना चाहते हैं।



जनसभा में मौजूद समर्थकों की भीड़। अमृत विचार

किसी स्वाभिमानी भारतीय को ये स्वीकार नहीं है। अल्पसंख्यक को गोकशी करने की छूट देने वालो को सबक सिखा दो। कांग्रेस ने राम और कृष्ण के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा किया था। काशी और अयोध्या का काम हो चुका है। अब ब्रजभूमि की बारी है। कॉमन सिविल कोड बीजेपी लाएगी।

माफियाओं की कब्र पर फातिहा पढ़ने वाले क्या देंगे प्रदेश को। स्थिर सरकार के लिए डॉक्टर राम शंकर कठेरिया को जिता देना। अभी तक हुए 16 सीटों के चुनाव में बीजेपी जीत रही है। मुलायम सिंह जी के निधन पर पूरी भाजपा सैफई गई थी पर कल्याण सिंह जी की मृत्यु पर सपा ने कोई संवेदना व्यक्त नहीं की थी। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को विजई बनाने का नारा भी लगवाया। कहा कि सब लोग प्रत्याशी बन जाएं और भाजपा को जिताएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3.27 बजे जनसभा स्थल पर पहुंचे। इससे पहले हेलीपैड पर प्रशासनिक अधिकारियों व भाजपा प्रत्याशी रामशंकर कठेरिया, लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष, राज्यसभा सदस्य गीता शाक्य, पूर्व मंत्री लाखन सिंह, जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, रजनीश पांडेय समेत पार्टी पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। भाजपा पदाधिकारियों प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी कमलावती सिंह जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, आदि ने मुख्यमंत्री का प्रतीक चिह्न व गुलाब का पुष्प देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, अजीत पाल, सदर विधायिका गुड़िया कठेरिया, जिला प्रभारी आनद सिंह, इटावा सदर विधायिका सरिता भदौरिया, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष दिबियापुर राघव मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष चंद्रकांति मिश्रा, विधानसभा प्रभारी डॉ. शिववीर सिंह भदौरिया, ओपी गुप्ता, राहुल गुप्ता, दीक्षांत गुप्ता सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

### सपा को लगा झटका

समाजवादी पार्टी को झटका लगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता व छात्र सभा के जिलाध्यक्ष समेत कई पदों पर रह चुके अवधेश भदौरिया ने भी भगवा चोला ओढ़ लिया।



जनसभा में पोस्टर लिए योगी बाबा का नन्हा समर्थक। अमृत विचार

### कांग्रेस धार्मिक आधार पर आरक्षण करना चाहती है

**औरैया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत औरैया विधानसभा क्षेत्र के जनता महाविघालय अजीतमल में लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राम शंकर कठेरिया के पक्ष में चुनावी जनसभा में कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण करके कांग्रेस देश का विभाजन करना चाहती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दूसरा चरण संपन्न हो गए दोनों चरणों के रुझान बताते हैं कि भारतीय जनता पार्टी सभी सीटें जीत रही है। उन्होंने फिर एक बार मोदी सरकार का नारा लगाते हुए मोदी सरकार में 10 वर्ष की उपलब्धि बताते हुए कहा कि मोदी जी की सरकार विश्व स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है देश में मेट्रो, रेलवे, अस्पताल, आईआईटी, आईआईएम और सड़क का जाल जिस तरह से फैल रहा है वह देश को चतुर्मुखी विकास की ओर ले जा रही है। मुख्यमंत्री नक हा कि आज मैं कहने आया हूं कि एक तरफ मोदी जी की योजनाएं हैं वहीं दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जिसमें उनकी सरकारों में जाति धर्म मुझे पूछ कर लाभ देने का काम किया जा रहा था कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले यह लोग धर्म के नाम पर देश को बताते थे आज संपत्ति बांटने का कानून बनाने की बात कर रहे हैं कांग्रेस आस्था के साथ खिलवाड़ करना चाहती है आप लोग करने देंगे क्या उनकी मनसा को समझना होगा कांग्रेस सपा बसपा का हिडन एजेंडा कार्य कर रहा है।

# भाजपा पीट रही विकास का ढिंढोरा : अखिलेश

संवाददाता बिधूना, औरैया

- सपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ता सम्मेलन में वर्करों में भरा जोश

**अमृत विचार।** शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रोड शो के दौरान काफिले के साथ जगह-जगह कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उनका काफिला कानपुर देहात के गहरा से रसूलाबाद, याकूबपुर होते हुऐ बेला पहुंचा। इस दौरान अखिलेश यादव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि असली विकास केवल समाजवादी सरकार में हुआ था भाजपा तो बेवजह का ढिंढोरा पीट रही है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया युवाओं को लैपटॉप, डायल 100, 108 एंबुलेंस सेवा आदि जनहित में चलाई। कहा आज युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। जितनी भी अच्छी योजनाएं जनता के लिए हमने शुरू की थी, वह सब योजनाएं बंद कर दी। हवाई पट्टी बंद कर दी, किसानों के लिए मंडी बन रही थी, वह बंद हो गई। उन्होंने कहा कि पुलिस का अन्याय भी बढ़ा है। पुलिस के लिए 100 नंबर गाड़ी दी थी। भाजपा ने 100 नंबर से 112 कर दिया। नंबर तो बढ़ा दिया पर सुविधाएं नहीं बढ़ाईं। पुलिस को लगा कि नंबर बढ़ा तो वसूली बढ़ा देना चाहिए। पुलिस का अन्याय भी बढ़ा है। आज युवा, नौजवान नौकरी के लिए भटक रहा है। इस सरकार में 10 पेपर लीक हुए। नौजवान मेहनत करता रहा उसे निराशा हाथ लगी। सरकार ने जानबूझ कर पेपर लीक कराए, यह इसलिए करा रही है कि नौकरी न देनी पड़े।


सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का रोड शो में स्वागत करते सपाई।

# 40 बकायेदारों के काट दिए गए बिजली कनेक्शन

**अछल्दा, औरैया।** बिजली के बकायेदारों के खिलाफ अधिशासी अभियंता के निर्देश पर एसडीओ व जेई ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान अछल्दा उपखंड के 40 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए।

शनिवार को महेवा रोड में चेकिंग अभियान चला। विभाग के अधिशासी अभियंता के निर्देशन पर एसडीओ ऋषभ कुमार व जेई प्रभु दयाल ने कस्बे में टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। उपखंड अछल्दा में 40 से कनेक्शन काटे गए। 5 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा जब तक बिल जमा न कर दे तब तक काटे गए बिजली कनेक्शन को कोई उपभोक्ता अगर दोबारा अवैध रूप से जोड़ लेता है तो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। जेई प्रभु दयाल ने बताया कि चेकिंग के दौरान 40 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए है। कुछ लोगो ने मौके पर ही बिल जमा कर दिया। जिनके कनेक्शन दोबारा जोड़ गए। लाइनमैन आलोक कुमार, दीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने पोस्टर बनाकर जगाई मतदान की अलख

**फफूंद, औरैया।** ब्लॉक भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर के प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरुकता स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता हुई। बच्चों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तरह-तरह के पोस्टर बनाए। सर्वश्रेष्ठ 3 स्लोगन को ग्राम प्रधान अमरेश पांडे द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। प्रधानाचार्य राकेश राजपूत, सहायक अध्यापक वंदना पोरवाल, दीक्षा गुप्ता, रागनी शिक्षामित्र रुनम मिश्रा, राजेश सहित कई प्रशिक्षु मौजूद रहे।

### छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रा सम्मानित

**अछल्दा, औरैया।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में अछल्दा के कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा पलक सक्सेना को सफलता मिली है। शनिवार को छात्रा को सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य ओम पांडेय व शिक्षक अम्बरीष कुमार व सभासद संदीप सोनी व सभासद राजेश सोनी ने छात्रा को माला पहनाकर सम्मानित किया।

### मोबाइल, लैपटॉप व नकदी चोरी

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी अंकित पुत्र बलराज सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए पुलिस को बताया कि बीती रात लगभग साढ़े 11 बजे मकान के बाहर लेटा था व प्रार्थी की बहन व भतीजा अंदर कमरे में सो रहे थे। तभी चोरों ने घर में घुस कर एक मोबाइल, एक लैपटॉप व 3 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।


बहस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### विद्यार्थियों ने बहस प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**औरैया।** शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक के-12 स्कूल ने हाल ही में "मतदान" आगामी लोकसभा चुनावों के विषय पर केंद्रित एक जीवंत और आकर्षक बहस की मेजबानी की। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गहरी समझ को बढ़ावा देते हुए छात्रों के बीच महत्वपूर्ण सोच कौशल विकसित करना था। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने चुनावी प्रक्रियाओं, मतदाता शिक्षा और सक्रिय नागरिकता के महत्व से संबंधित विषयों पर अपने शोध और सार्वजनिक बोलने की क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। बहस ने छात्रों को अपनी राय व्यक्त करने, अपने दृष्टिकोण को स्पष्ट करने और राजनीतिक महत्व के मामलों पर रचनात्मक बातचीत में शामिल होने के लिए एक मंच प्रदान किया। इस आयोजन ने न केवल बौद्धिक चर्चा को सुविधाजनक बनाया बल्कि छात्रों को हमारे लोकतंत्र के भविष्य को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

### कंपोजिट विद्यालय दसरौरा में तोड़फोड़, रिपोर्ट दर्ज

**फफूंद, औरैया।** बीते बुधवार की रात क्षेत्र के एक विद्यालय में अज्ञात लोगों ने विद्यालय के अंदर घुसकर तोड़फोड़ की। तभाग्यनगर ब्लॉक क्षेत्र के गांव दसरौरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय (कंपोजिट) की प्रधानाध्यापिका नीलेश गुप्ता ने थाने मे तहरीर देकर बताया कि बीते बुधवार की रात्रि अज्ञात लोगों ने विद्यालय के अंदर घुसकर कक्ष के दरवाजे, ग्रीन बोर्ड, कक्ष के अंदर लगे पंखे, पुस्तकालय, विकलांग शौचालय की कमोड तथा नल की टोटियां और पाईप लाइन को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेधावियों का उत्साह बढ़ाया

**इटावा।** इंटरमीडिएट व हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में पास हुए मेधावी बच्चों का विद्यालय शिक्षकों ने सम्मान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। श्री गुलज़ारी लाल बालिका इंटर कॉलेज फफूंद में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया। इंटरमीडिएट में माधवी तिवारी 91 .2 प्रशितश, मारिया हाशमी 85 .6, शिखा 85 .2, हाईस्कूल में अंशिका 86 .86, मुस्कान 85, दीक्षा राजपूत 84 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य विपिन वर्मा ने समस्त स्टॉफ को मिठाई खिलाकर सफलता की बधाई दी। साथ ही शिक्षको के प्रयास की सराहना की।

# बहन व जीजा के साथ जा रहे बच्चे की हादसे में मौत

संवाददाता फफूंद, औरैया

- अछल्दा के अमेला पुलिया के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** अछल्दा क्षेत्र के गांव गणेश का पुरवा से अपनी बहन को विदा कराकर जीजा के साथ बाइक से आते वक्त बच्चे को एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार किशोर को गंभीर चोटें आईं। उसे सैफई रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई।

फफूंद थाना के गांव दौलतपुर निवासी सुरेंद्र सिंह की पुत्री अंजलि की शादी 18 अप्रैल को गणेश पुरवा निवासी रविंद्र कुमार से हुई थी। 22 अप्रैल को उसकी चौथी चलाने के लिए अंजलि का 10 वर्षीय भाई अंकित गणेश का पुरवा गया था जहां से वो दोपहर में अपने जीजा और बहन के साथ गांव दौलतपुर आ रहा था।


अंकित।

अछल्दा के अमेला पुलिया के पास पहुंचते ही एक चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे रविंद्र, अंजलि और अंकित घायल हो गए। अंकित की स्थिति काफी गंभीर देख उसे सैफई रेफर कर दिया गया। जहां शुक्रवार की शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार बहनों अंजलि रेशमा, लक्ष्मी और गुडिया के बीच इकलौता भाई था। किशोर की मां की भी पांच साल पहले मौत हो चुकी है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# मंदिर जा रहे बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर

**अजीतमल, औरैया।** क्षेत्र के भीखेपुर जुआ मार्ग पर सौहरी गढ़िया गांव के मोड़ पर कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मोटर साइकिल सवार बाइक समेत सड़क पर जा गिरा। इससेउसकी वह घायल हो गए और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद आपसी सुलह-समझौते के बाद दोनों गंतव्य को चले गए।

श्यामपूत पुत्र तिजौली महेवा रम्पुरा निवासी अपनी बाइक से नबलपुर काली माता मंदिर पर जा रहा था। उक्त गांव के सामने पहुंचा तभी मोड़ पर सामने से आ रहे चारपहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार की गाड़ी टूटने के साथ मुंह में चोट लगने से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों की मदद से प्राथमिक उपचार कराया और दोनों पक्षों में सुलह-समझौता कराया।

# औरैया मार्ग पर बने कूड़ा डंपिंग स्थल में लगी आग

संवाददाता फफूंद, औरैया

- दो माह में 10 से 12 बार लग चुकी है आग

**अमृत विचार।** नगर के मुरादगंज तिराह पर औरैया मार्ग पर बने कूड़ा डंपिंग स्थल पर बीती रात्रि अचानक आग लग गई आग की लपटें देख वहां से गुजर रहे राहगीरों ने जब देखा तो पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के वाद आग बुझाई।

नगर पंचायत फफूंद की तरफ से नगर का निकलने वाला कूड़ा डंप करने के लिए मुरादगंज तिराह से 100 मीटर दूर औरैया मार्ग पर कूड़ा डंपिंग स्थल बनाया गया है। कूड़ा डंपिंग स्थल पर शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे अचानक आग लग गई आग धीरे धीरे सुलगती रही और उसने विक्राल रूप धारण कर लिया आग की लपटें देख वहां से गुजर रहे राहगीरों के देखने पर उन्होंने तत्काल पुलिस व फायर ब्रिगेड एवम नगर पंचायत को सूचना दी।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा पाई। आग बुझने के लगभग एक घण्टे वाद नगर पंचायत का पानी का टैंकर आया। कूड़ा डंपिंग स्थल पर दो माह में 10 से 12 बार लग चुकी है आग। कूड़ा डंपिंग स्थल के पास ही किसानो की पकी गेंहू की फसल भी खेतो में खड़ी है, जिससे किसानो को चिन्ता सताने लगी है।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार का पैर टूटा

**औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव नगला चिंता निवासी कोतवाल कंजड ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि 24 मार्च को करीब 8 बजे उसका भाई सुनील पुत्र बैजनाथ सेऊपुर से दूध लेकर साइकिल से अछल्दा आ रहा था।

इसी दौरान मुक्खे की मड़ैया के करीब सड़क पर पहुंचा तभी अछल्दा की तरफ से मोटर साइकिल चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर उसके भाई की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे भाई सुनील का दाहिना पैर टूट गया और साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक मालिक अखलेश कुमार है तथा बाइक चालक महेन्द्र सिंह निवासी फकीरे का पुर्वा थाना फफूंद। थानाप्रभारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**लोकसभा चुनावा** | शिक्षित होने के साथ महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान देने वाला हो प्रत्याशी, सरकारी नौकरियों में हो बढ़ोतरी

# युवा वोटरों में उत्साह, बोले- रोजगार देने वालों के पक्ष में करेंगे मतदान

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** लोकतंत्र के महापर्व में पहली व दूसरी बार भागीदारी कर रहे युवाओं में मतदान को लेकर उत्साह है। युवा मतदाता जितना मतदान के लिए गंभीर हैं, उतना ही मुद्दों को लेकर भी संजीदा हैं।

मुद्दों में रोजगार पहले पायदान पर है। सस्ती शिक्षा और कानून व्यवस्था पर भी युवा सुधार चाहते हैं। वह चाहते हैं कि सरकारी नौकरियों में इजाफा होने के साथ ही खेलों का बुनियादी ढांचा भी मजबूत हो। स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली, पानी, सड़क, बस स्टैंड और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा के केंद्र भी युवाओं के अहम मुद्दों में शामिल हैं। साथ ही प्रतिदिन स्कूल व कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए सरकारी बस में उनका टिकट हाफ व कस्बे का चौमुखी विकास कार्य व सुंदरीकरण हो। यही वजह है कि युवा मतदाता चाहते हैं कि प्रत्याशी शिक्षित हो। शिक्षित व्यक्ति युवाओं के मुद्दों को प्राथमिकता से पूरा करता है। युवाओं का कहना है कि जनप्रतिनिधियों को युवाओं की अपेक्षाओं का ध्यान रखना चाहिए।


### युवाओं के एजेंडे में शामिल प्रमुख मुद्दे

- सस्ती शिक्षा व विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की व्यवस्था।
- शिक्षा व स्टार्टअप के लिए ब्याज मुक्त बैंक लोन।
- शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों की बुनियादी सुविधाएं।
- स्वास्थ्य, सड़क और सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं।
- करबे में चौमुखी विकास कार्य व सुंदरीकरण।


कस्बा के विशाल का कहना है कि हर पांच साल में चुनाव होते हैं। युवाओं को रोजगार, शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में बढ़ावा देने के लिए जो वादे किए जाते हैं वह पूरे नहीं हो पाते। जनप्रतिनिधि व सरकार युवाओं का भविष्य बनाने में जो भी घोषणाएं करें, उन्हें पूरा भी करें। इससे युवा प्रोत्साहित होंगे


कस्बा निवासी मोहम्मद जावेद का कहना है कि वह उस प्रत्याशी को वोट देंगे जिसके एजेंडे में शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दे शामिल हों। युवाओं को रोजगार, पारदर्शी ढंग से सरकारी नौकरियां मुहैया हो सकें यह प्रत्याशी की प्राथमिकता होनी चाहिए।


कस्बा निवासी राज ने कहा कि कि मतदान न सिर्फ हमारा अधिकार है, बल्कि लोकतंत्र के प्रति कर्तव्य भी है। मैं अपना वोट उसी को दूंगा जो रोजगार व विकास कार्य में हमेशा आगे रहे। युवाओं की परेशानी को समझे। उन्होंने कहा कि इस बार सोच समझकर मतदान किया जाएगा।कस्बा निवासी


भोले शर्मा पहली बार वोट डालने जा रहे हैं। वह पहली बार सरकार बनाने में अपनी भागीदारी निभायेंगे जिससे बहुत उत्साहित हैं।इनका कहना है कि वह ऐसे प्रत्याशी को वोट देना पसंद करेगे जो बेरोजगारी दूर करे। शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के साथ साथ कस्बे में विकास कार्य कराए।

## एक नजर

### बरेली में न्यायालय भवनों के लिए धनराशि जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बरेली जिला न्यायालय में 53 न्यायालय भवनों के कायाकल्प का कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। शासन ने प्रथम किस्त के रूप में 137.75 लाख की धनराशि कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड को अवमुक्त कर दी है। बता दें कि बरेली न्यायालय परिसर और भवन की मरम्मत कार्य होना तय था। 53 न्यायालय भवन की मरम्मत, जल निकासी, सीसी मार्ग के अलावा अनुरक्षण कार्य होने थे। कुल 275.50 लाख रुपये का स्टीमेट स्वीकृत हुआ था, जिसके सापेक्ष शासन ने प्रथम किस्त के रूप में 137.75 लाख रुपये अवमुक्त कर दिये हैं। बता दें कि न्यायालय भवन की मरम्मत और परिसर में जलभराव से मुक्ति को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही थी। आंतरिक सड़कें भी काफी जर्जर हो चुकी थीं।

### भाजपा ने दिया महिलाओं को सम्मान : बेबीरानी मौर्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** नारी शक्ति वंदन अभियान तभी सही साबित होगा जब एक-एक महिला अपने मताधिकार का प्रयोग करे। केंद्र एवं राज्य सरकार ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है और उनको केंद्र में रखकर ही योजनाएं बनाई जा रही हैं। काबीना मंत्री बेबीरानी मौर्या ने उक्त बात आईएमआरटी सभागार में आयोजित नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम में कही। 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं को बराबरी का अधिकार दिया है। महिलाएं अपने मतदान का प्रयोग करते हुए भाजपा को वोट देकर विजयी बनाएं। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि कोई राष्ट्र तभी विकसित बन सकता है, जब उसमें नारी की सहभागिता हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति अधिनियम लाकर महिलाओं को सम्मान देने का काम किया। महिलाओं को जिम्मेदारी का निवर्हन करते हुए परिवार के प्रत्येक व्यक्ति से मताधिकार का प्रयोग कराना है। भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ को मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाने के लिए प्रयासरत हैं। इस ध्येय को लेकर लखनऊ में उन्होंने विकास कार्य कराए हैं। कार्यक्रम में मेयर सुषमा खर्कवाल, समाजसेविका नर्मता पाठक, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीता नेगी आदि मौजूद रहे।

# चौथे चरण की 13 सीटों के लिए चुनावी महारथी तैयार

## लोकसभा चुनाव : 13 मई को होगा मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व शाहजहांपुर के ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के चुनावी महारथी तैयार हैं। हालांकि, प्रत्याशियों की नाम वापसी 29 अप्रैल को होगी, इसके बाद औपचारिक तौर पर प्रत्याशियों की स्थिति साफ होगी। इस चरण में 13 मई को मतदान होगा। इस बीच, सभी राजनीतिक दलों ने ताकत झोंक दी है। चुनावी सभाओं व जनसंपर्क के जरिये मतदाताओं को पक्ष में लाने की कवायद चल रही है। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने इटावा में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा की, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कानपुर देहात में चुनावी सभा की।

**ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए भी डाले जाएंगे वोट**

चौथे चरण में कुल लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में लोकसभा क्षेत्रों में 2.46 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.15 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 16334 मतदान केन्द्र व 26588 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। ददरौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.72 लाख मतदाता है, जिसमें 1.99 लाख पुरुष मतदाता व 1.72 लाख महिला मतदाता हैं।

**शाहजहांपुर (अजा) सीट**
भाजपा-अरुण कुमार सागर
सपा-ज्योत्सना गौड़
बसपा-दोद राम वर्मा

**सीतापुर सीट**
भाजपा-राजेश कुमार वर्मा
कांग्रेस-राकेश कुमार
बसपा-महेन्द्र सिंह
अपना दल (कमेरावादी)-मो. काशिफ

**उन्नाव सीट**
भाजपा-स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी
सपा-अन्नू टंडन
बसपा-अशोक कुमार

**फर्रूखाबाद सीट**
भाजपा-मुकेश राजपूत
बसपा- क्रांति पांडेय
सपा-नवल किशोर

**कन्नौज सीट**
सपा-अखिलेश यादव
भाजपा-सुब्रत
बसपा-इमरान बिन जफर

**कानपुर सीट**
भाजपा-रमेश अवस्थी
बसपा-कुलदीप भदौरिया
कांग्रेस-आलोक मिश्रा

**खीरी सीट**
भाजपा-अजय कुमार
सपा-उत्कर्ष वर्मा
बसपा-अंशय कालरा

**धौरहरा सीट**
भाजपा-रेखा वर्मा
सपा-आनंद भदौरिया
बसपा-श्याम किशोर अवस्थी

**हरदोई (अजा) सीट**
भाजपा-जय प्रकाश
सपा-ऊषा वर्मा
बसपा-भीमराव अम्बेडकर

**मिश्रिख (अजा)**
भाजपा-अशोक कुमार
बसपा- बीआर अहिरवार
सपा-संगीता राजवंशी

**इटावा (अजा) सीट**
भाजपा-प्रो. राम शंकर कठेरिया
सपा-जितेन्द्र कुमार
बसपा-सारिका सिंह

**बहराइच सीट**
भाजपा-आनंद कुमार
बसपा-बिरजेश कुमार
सपा-रमेश चन्द्र

**अकबरपुर सीट**
भाजपा-देवेन्द्र सिंह भोले
बसपा-राजेश कुमार द्विवेदी
सपा-राजाराम पाल

**ददरौल विधानसभा सीट**
भाजपा-अरविंद कुमार सिंह
बसपा-सर्वेश चन्द्र मिश्रा
सपा-अवधेश कुमार वर्मा

# योगी के बयान पर कांग्रेस करेगी कानूनी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस ने चुनावी सभाओं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से दिये गये भाषणों-बयानों को चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस कानूनी कार्रवाई करेगी। वह शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने धार्मिक भावनाओं को भड़काने के लिए ऐसा बयान दिया है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के घोषणा पत्र में खास धर्म को गाय काटने की आजादी की बात कही है। मुख्यमंत्री का यह बयान निरर्थक व निराधार होने के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन भी है।

**▸▸ मुख्यमंत्री का बयान व भाषण चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन : डॉ. सीपी राय**

उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में बीफ का कारोबार व विदेश व्यापार बढ़ गया है। यहां तक कि भाजपा के कुछ नेता भी इसमें प्रत्यक्ष रूप से शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की शक्ति से उजागर हुए चुनावी बांड की जानकारी से पता चला है कि भाजपा ने बीफ का कारोबार करने वाली कंपनियों से कितना चंदा वसूला है।

उन्होंने कहा कि मतदान में पता लग गया है कि पिछले चुनाव में भाजपा का समर्थन करने वाले लोग भाजपा के शासन से निराश होकर मतदान करने ही नहीं निकले तो दूसरी तरफ कांग्रेस के न्याय पत्र के वादे पर विश्वास करते हुए लोगों ने मतदान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का न्याय पत्र बेरोजगारों का सहारा है। गरीब महिलाओं को लखपति बनाने का संकल्प है। किसानों की कर्जमाफी व छात्रों के शैक्षणिक लोन माफी की गारंटी है।

## राजनाथ व कौशल कल करेंगे नामांकन


राजनाथ सिंह


कौशल किशोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री मंत्री कौशल किशोर सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार रात दस बजे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से रक्षा मंत्री कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। 29 अप्रैल को लगभग 12 बजे कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करेंगे। मंगलवार को सुबह 10:20 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे और इंदौर के लिए रवाना होंगे। रक्षा मंत्री के नामांकन जुलूस का सौ से अधिक स्थानों पर स्वागत होगा।

# बिजली कार्यों में लापरवाही पर पांच अधिकारियों को नोटिस

## पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने की कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कार्यों में शिथिलता पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के राजधानी में तैनात मुख्य अभियंता समेत पांच अफसरों पर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। अध्यक्ष ने शनिवार को शक्ति भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बिजली आपूर्ति व विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

अध्यक्ष ने कहा कि राजधानी की बिजली आपूर्ति हर हाल में बेहतर होनी चाहिए। यहां ब्रेकडाउन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर किसी कारण से बिजली व्यवधान आते भी हैं, तो उसे कम समय में दूर कर लिया जाय। बैठक में अध्यक्ष ने कार्य में शिथिलता पाये जाने पर मुख्य अभियंता गोमतीनगर, दो अधीक्षण अभियंता व दो अधिशासी अभियंताओं पर कार्रवाई के निर्देश दिये। अधिशासी अभियंता विश्वविद्यालय व बख्शी का तालाब को प्रतिकूल प्रविष्टि, अधीक्षण अभियंता नवम गोमतीनगर व जानकीपुरम और मुख्य अभियन्ता गोमतीनगर से स्पष्टीकरण के लिए तलब किया है। अध्यक्ष ने राजस्व वसूली तेज किये जाने, बिजली उपभोक्ताओं को समय से बिल भेजने, विद्युत कनेक्शन स्वीकृत करने, विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर की क्षतिग्रस्तता कम करने और विद्युत प्रणाली के सुधार व सुदृढ़ीकरण के लिए बिजनेस प्लान के तहत कार्य किये जाने के निर्देश दिये।

समीक्षा बैठक में प्रबध निदेशक पंकज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**उपभोक्ताओं को सही बिल उपलब्ध कराए जाएं**

अध्यक्ष ने प्रत्येक उपभोक्ता को सही रीडिंग का बिल समय दिये जाने का निर्देश दिया। इसमें किसी भी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने विद्युत बिल वसूलने के लिए भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बेहतर बिजली आपूर्ति के लिये यह आवश्यक है कि जितने की बिजली दें, उतना बिल वसूलें।

# अवैध सिम दुबई भेजने वाले रडार पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. स्पेशल टास्क फोर्स द्वारा अवैध सिम जारी कराकर दुबई भेजने के मामले में जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। एसटीएफ इस अवैध कारोबार को समूल खत्म करने में जुटी है। एक हफ्ते में दो बड़े मामले उजागर होने के बाद एसटीएफ को यह स्पष्ट हो चुका है कि इस काम में अभी और लोग भी सक्रिय है। इस तरह की सूचनाएं भी एसटीएफ को लगातार मिल रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में भी कई नाम सामने आए हैं।

गौरतलब हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में कम पढ़े लिखे लोगों से आधार कार्ड मांगकर उनके नाम सिम जारी कराकर दुबई भेजने के दो बड़े मामले सामने आए थे। जांच में पता चला कि 10 हजार से अधिक सिम दुबई पहुंच चुके हैं। उन्हीं सिमों से ऑनलाइन गेमिंग कराकर और सट्टा लगाकर धड़ल्ले से धोखाधड़ी की जा रही है। दुबई में बैठे सरगना एक सिम के बदले ढाई से तीन हजार रुपये दे रहे हैं। पैसों के लालच में कुछ युवकों ने यही धंधा शुरू कर दिया है। महादेव ऐप के इंडिया हेड अभय सिंह से पूछताछ में पता चला कि करीब 15 हजार लोग भारत से दुबई जाकर यह काम कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें भारत में लाखों रुपये मासिक वेतन भी मिलता है। कबूलनामा सुनकर एसटीएफ भी चौंक गई। उधर, पिछले हफ्ते गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि 10 से 15 हजार सिम सिर्फ उन्हीं के ग्रुप के माध्यम से दुबई भेजे जा चुके हैं। ऐसे में एसटीएफ इसे बड़ा घोटाला मानते हुए कार्रवाई करने में जुटी है। गिरफ्तार हुए आरोपियों से कई अन्य लोगों के नामों का भी खुलासा हुआ है, जो अभी भी इस कार्य के लिए सक्रिय हैं। ऐसे में एसटीएफ उनकी तलाश में भी जुट गई है। एसटीएफ मुख्यालय के एक अफसर ने बताया कि अवैध सिमकार्ड के मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू की गई है। जल्दी ही अन्य खुलासे भी होंगे।

**▸▸ एसटीएफ ने दो मामलों का खुलासा करने के बाद जांच का दायरा बढ़ाया**

# अब तक 535 शस्त्र जब्त 4683 लाइसेंस किए निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जांच के लिए 494 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1844 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 26 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4683 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए।

इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 25,77,725 लोगों को पाबन्द किए जाने के लिए नोटिस प्रेषित किए गए हैं, जिनमें से 21,49,679 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7897 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8039 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 426 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3342 केन्द्रों पर छापा मारा और 149 केन्द्रों को सीज किया गया। पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के छह लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 26,122 लोगों को पाबन्द किया गया।


## वर्ग पहेली-53

**बाएं से दाएं**

3. 1. मात्रा, परिणाम 2. तौल।
5. लानत, फटकार, धिक्कार।
6. 1. चरित्रहीन पुत्र, नालायक बेटा, बुरे चाल-चलन वाला पुत्र 2. कुल को कलंकित करने वाला पुत्र।
7. 1. एक प्रकार का पौधा जिसके चौड़े पत्तों पर कांटे होते हैं, थूहर 2. एक प्रकार का नेपाली बाजा 3. कान में पहनने का एक प्रकार का गहना।
11. खेत नापने की एक इकाई, ज़मीन के माप बिस्वांसी का बीसवां हिस्सा।

**ऊपर से नीचे**

1. एकत्र होना।
2. 1. कील के आधार पर घूमने वाला गोलाकार टुकड़ा, चकरघिन्नी 2. लकड़ी का एक खिलौना, चकई, फिरकी।
4. 1. जोतने का काम करवाना 2. ऐसा काम करना जिससे घोडे
8. 1. शोध-छात्र 2. शोध या अनुसंधान कार्य में लगा हुआ कोई व्यक्ति, (रिसर्चर)।
9. 1. भीतरी, आंतरिक 2. अंतर्मन का।
10. 1. फंसाने का फंदा, पाश 2. रस्सी का वह फंदा जिसमें गला फंसाने से दम घुटता है और आदमी मर जाता है 3. उक्त प्रकार से दिया जाने वाला प्राणदंड 4. कोई ऐसा संकटपूर्ण बंधन जिसमें प्राण जाने का भय हो या प्राण निकलने का-सा कष्ट हो 5. आफ़त, मुसीबत। (मु.) -चढ़ाना : (किसी को) मार देना, ख़तरे में झोंकना।



### वर्ग पहेली -52 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 हा | | 2 भू | | | 3 अ |
| 4 क | ला | वं | त | | | हि |
| ला | | | का | | | ना |
| मे | | | 5 ली | 6 क | | थ |
| पा | | 7 व | न | च | र | |
| क | | | | लो | | |
| | 8 पु | रा | त | न | पं | थी |

## सुडोकू-132

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 8 | | | 6 | 9 | | |
| | 1 | | | | 4 | 5 | 2 | |
| 7 | | 3 | | | | | | |
| | 5 | | 7 | | 8 | | | |
| | 9 | | | 2 | | 7 | | |
| | 4 | 9 | 6 | | | | 7 | |
| 6 | | 2 | 5 | | | 1 | | |
| | | | 8 | | 1 | | | |

### सुडोकू -131 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 | 8 | 4 | 5 |
| 7 | 4 | 2 | 5 | 8 | 1 | 3 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 7 | 9 | 4 | 3 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 | 8 |
| 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 |

# जमानत के बाद भी चुनाव नहीं लड़ सकेंगे धनंजय सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने से राहत तो मिल गई है, लेकिन वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। कोर्ट ने जमानत अर्जी मंजूर करते हुए उन्हें जेल से रिहा करने का आदेश दे दिया, लेकिन बाहुबली को मिली सात साल की सजा पर रोक नहीं लगाई। ऐसे में धनंजय सिंह चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। धनंजय सिंह यूपी की जौनपुर के जिस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं, वहां आज से ही नामांकन शुरू हो रहा है। छठवें चरण में मतदान है। चुनाव लड़ने के लिए धनंजय के पास अब सीमित विकल्प ही मौजूद हैं। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे सकते हैं अथवा यहीं पर अपील दाखिल कर सकते हैं। हालांकि दाखिल अर्जियों पर उन्हें जल्द सुनवाई के लिए गुहार लगानी होगी। गौरतलब हो कि नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर के अपहरण से जुड़े एक मामले में जौनपुर की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने इसी वर्ष छह मार्च को धनंजय सिंह को दोषी करार देते हुए उन्हें सात साल की सजा का ऐलान किया था। इसी कारण धनंजय सिंह के चुनाव लड़ने पर रोक लग गई थी। धनंजय सिंह ने जौनपुर की स्पेशल कोर्ट से मिली सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी।

## अंशू अवस्थी कांग्रेस मीडिया स्ट्रेटजी कमेटी के कोऑर्डिनेटर बने

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी को प्रदेश कांग्रेस मीडिया स्ट्रेटजी कमेटी का कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। उन्हें पार्टी के वक्तव्य के प्रचार-प्रसार साथ भाजपा की ओर से फैलाये जा रहे झूठ का पर्दाफाश करने की जिम्मेदारी दी गई है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 28 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.21 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष** - आज अपने सिद्धान्त को लेकर जड़ व्यवहार रखने से हानि हो सकती है। आप इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान खरीदने में धन खर्च कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कुछ कड़वाहट हो सकती है। नया कारोबार आज शुरू न करें। छात्र नए अनुभव और ज्ञान को सीखने में रुचि लेंगे।

**वृष** - आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों के प्रति अच्छा भाव रखना चाहिए। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी। हर कार्य में जल्दबाज़ी और लापरवाही से बचना चाहिए। फोन और इन्टरनेट पर कुछ समस्या हो सकती है। बुरी संगत से आपको बचना चाहिए।

**मिथुन** - आज व्यापार में आप बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। सहकर्मियों के साथ आपको काम करने में आसानी में होगी। ससुराल पक्ष से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आप घर की मरम्मत से जुड़े कार्य कर सकते हैं।

**कर्क** - आज किसी बड़े समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। समय रहते आप अपना काम पूर्ण करने का प्रयास करें। पिता के मार्गदर्शन से व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**सिंह** - आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। घर में अशान्ति का माहौल हो सकता है। बच्चों पर गुस्सा निकालने से बचें। आज आपको तनाव से बचने के लिये योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए।

**कन्या** - आज कारोबार में सावधानी पूर्वक निवेश करें। कड़वे वचन बोलने से बचें। स्वभाव में लचीलापन बनाए रखें। एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है। आज आपको संतान के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखना चाहिए। श्वास के रोग परेशान कर सकते हैं।

**तुला** - आज वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय रहेगा। महत्वपूर्ण काम आसानी से बनते जायेंगे। अधिकारियों की नजर में आपकी छवि मजबूत होगी। प्रेम संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। अपने करियर को लेकर नई योजना बनायेंगे।

**वृश्चिक** - आज आक्रामक भाषा शैली के कारण आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। किसी पर भी बहुत भरोसा न करें। रिश्तेदारों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। पूर्व में उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। भावुकता के बजाय बुद्धि से काम लें।


**धनु** - आज आपकी कार्यशैली में सुधार आयेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनायेंगे। अपनों से बड़ों का सम्मान करें। आप नया ज्ञान सीखने का प्रयास करेंगे। बाहरी विवादों का असर आपके पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है।

**मकर** - आज नया रोजगार शुरू करने के लिए दिन सही नहीं है। स्वजनों की अनदेखी के कारण आपको बुरा लगेगा। आपके मान-सम्मान में कमी आ सकती है। भाग्य आज आपका साथ नहीं दे रहा है। इसीलिए आज आपको जोखिम भरे कार्यों से दूर रहना चाहिए।

**कुंभ** - आज राजनीति से जुड़े जातकों को बड़ा राजनीतिक पद मिल सकता है। बच्चों के साथ आज बहुत अच्छा समय बितायेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। साझेदारी में चल रहे व्यवसाय में उच्च आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**मीन** - आज प्रेम संबंधों को लेकर विवाह में परिणित कर सकते हैं। बच्चों के जिद्दी व्यवहार से थोड़े परेशान रहेंगे। मित्रों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। अटके हुए काम समय पर पूर्ण होंगे। अचानक खर्चों में बढ़ोतरी होगी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मूल 29 अप्रैल 04.49 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | सिंबा | सुबह : 11.18 |
| B4U Movies | रूस्तम | रात : 09.11 |
| Sony Max | नमस्ते लंदन | सुबह : 09.37 |
| Sony Max | हिंदी मीडियम | शाम : 05.59 |
| Sony Pix | द मास्क | सुबह : 10.56 |
| Sony Pix | 2012 | शाम : 06.19 |
| Zee Cinema | सीक्रेट सुपरस्टार | दोपहर : 12.05 |
| Zee Cinema | मिशन रानीगंज | शाम : 06.00 |
| Colors Cineplex | डुप्लीकेट | सुबह : 10.49 |
| Colors Cineplex | दोस्ताना | रात : 08.35 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर शाम :05.59 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- चिंटू से परेशान थे,
टीचर- चिंटू अपने बैग से सारी किताबें निकालो...
चिंटू- निकाल लीं सर !टीचर-ये वाली किताब किसकी है?
चिंटू-कागज की है सर, टीचर- ये तो मुझे भी पता है कागज की है।
चिंटू- तो फिर क्यों पूछ रहे हैं?
टीचर बेहोश है...

पत्नी :- आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार?
पति :- मुझे तो तेरी ये मज़ाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है।
पति की बात सुनकर पत्नी हैरान रह गई।





# सपा का गढ़ है, चूड़ियों का शहर आसानी से नहीं टूटेगा




**फिरोजाबाद शहर चूड़ियों के निर्माण और कारोबार के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। इसी कारण इसे सुहागनगरी के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर कांच के रंग बिरंगे खूबसूरत बर्तन, गिलास, सजावटी सामान, झूमर और झाड़-फानूस आदि बनते हैं। यहां के कांच के सामान का सौ से अधिक देशों को निर्यात होता है।**

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** फिरोजाबाद लोकसभा सीट वर्ष 1957 में अस्तित्व में आई थी। उस समय यह सामान्य सीट थी। 1967 से यह सीट (एससी वर्ग) के लिए आरक्षित हो गई और लगातार चार दशक तक आरक्षित रही। वर्तमान में फिरोजाबाद लोकसभा सीट सपा का गढ़ मानी जाती है। यहां से मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव, डिंपल यादव और राजबब्बर चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार फिरोजाबाद सीट पर सात मई को मतदान होगा। चुनाव में सात प्रत्याशी मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी ने प्रो. राम गोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव को फिर से चुनाव मैदान में उतारा है। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व सांसद बृजराज सिंह के बेटे ठाकुर विश्वदीप सिंह और बसपा ने पूर्व मंत्री चौधरी वशीर को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार चाचा शिवपाल सिंह के यहां से चुनाव लड़ने के कारण अक्षय यादव हार गए थे। इस बार शिवपाल अक्षय की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं। शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां जनसभा करके मुकाबला दिलचस्प बना गए हैं।

उत्तर प्रदेश में मिशन -80 का लक्ष्य लेकर चल रही भारतीय जनता पार्टी ने हर सीट पर जातीय गणित, जीत की संभावना, सर्वेक्षण और विपक्षी दल के प्रत्याशी को ध्यान में रखते हुए दांव लगाए हैं। ऐसी ही महत्पूर्ण सीट फिरोजाबाद लोकसभा भी है, जहां इस बार पार्टी ने अपने सांसद चद्रसेन जादौन को दोबारा मौका नहीं देकर उनके स्थान पर उद्यमी एवं शिक्षाविद ठाकुर विश्वदीप सिंह को मैदान में उतारा है। ठाकुर विश्वदीप सिंह के पिता ठाकुर बृजराज सिंह 1957 में फिरोजाबाद सीट से सांसद रह चुके हैं। यही नहीं उनकी मां स्व सुशीला ब्रजराज सिंह भी जलेसर लोकसभा सीट से तीन बार चुनाव लड़ी थीं लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी थी। ठाकुर विश्वदीप सिंह भी वर्ष 2014 में लोकसभा का चुनाव बहुजन समाज पार्टी से लड़ चुके हैं, जिसमें वह तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्हें 1,18,909 वोट मिले थे। उस चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अक्षय यादव को जीत मिली थी। उन्हें पांच लाख से अधिक वोट मिले थे।

इस बार भी विश्वदीप सिंह के सामने सपा से अक्षय यादव ही प्रत्याशी हैं। इन दोनों प्रत्याशियों का मुकाबला करने के लिए बहुजन समाज पार्टी ने काफी सोच-समझकर पूर्व मंत्री चौधरी बशीर पर दांव लगाया है। बसपा ने पहले सतेंद्र जान सोली फिरोजाबाद से प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन उनका विरोध हो गया था।

### 2019 लोकसभा चुनाव : जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | डॉ. चन्द्र सेन जादौन | 4,95,819 |
| सपा | अक्षय यादव | 4,67,038 |
| पीएसपी(एल) | शिवपाल सिंह यादव | 91,869 |

### 2014 लोकसभा चुनाव का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | अक्षय यादव | 5,34,583 |
| भाजपा | प्रो. एसपी सिंह बघेल | 4,20,524 |
| बसपा | ठाकुर विश्वदीप सिंह | 1,18,909 |
| कांग्रेस | अतुल चतुर्वेदी | 7,447 |

### विधानसभा वार मतदाता संख्या

| | |
|---|---|
| टूंडला | 3,59,655, |
| जसराना | 3,50,462 |
| फिरोजाबाद | 3,88,825 |
| शिकोहाबाद | 3,35,037 |
| सिरसागंज | 3,11,189 |

**2014 - वोट प्रतिशत**

| भाजपा | सपा | बसपा |
|---|---|---|
| 36.90% | 48.50% | 10.80% |

**2019 वोट प्रतिशत**

| भाजपा | सपा |
|---|---|
| 46.10% | 43.50% |

- भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह 2014 में बसपा से लड़े शिक्षाविद ठाकुर विश्वदीप सिंह तो बसपा ने पूर्व मंत्री चौधरी वशीर पर लगाया हैं दांव
- 2014 में जीतने वाले सपा के अक्षय यादव पिछली बार परिवार में पड़ी फूट के कारण थोड़े अंतर से हार गए थे भाजपा से चुनाव

- **पौने छह लाख के आसपास यादव और मुस्लिम मतदाता सपा का वोट बैंक:** फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर यादव वोटरों की संख्या लगभग चार लाख और मुस्लिम वोटरों की संख्या पौने दो लाख के आसपास है। मुस्लिम और यादव वोटर सपा का वोट बैंक माना जाता हैं। अन्य जातियों में ठाकुर मतदाता दो लाख के करीब तो जाटव वोटर की संख्या भी पौने दो लाख है। दो लाख के आसपास लोधी वोटर और करीब डेढ़ लाख ब्राह्मण मतदाताओं के बाद एक लाख से अधिक निषाद हैं।
- **भाजपा 90 के दशक में राम लहर के दौरान लगा चुकी है जीत की हैट्रिक:** 1990 के दशक में रामलहर के चलते 1991 के बाद लगातार तीन चुनावों में यहां भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की। भाजपा के प्रभु दयाल कठेरिया ने यहां से जीत की हैट्रिक लगाई। 1991 में उन्होंने जनता दल के शिवनारायण गौतम को हराया। 1996 में सपा के रामजीलाल सुमन को शिकस्त दी तो 1998 में तीसरी बार जीत हासिल की।

## मुख्य समस्याएं


- फिरोजाबाद में सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है। पानी आता नहीं है, दूषित जलापूर्ति होती है। जनता आए दिन पानी की समस्या पर प्रदर्शन करती रहती है। हाल ही में शहर में जेडा झाल परियोजना के तहत गंगाजल की आपूर्ति शुरू की गई है। लेकिन अभी समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं हुआ है।
- मेडिकल निर्माणाधीन है। सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों का संकट रहता है। मौसमी बीमारियों के साथ संचारी रोग और वायरल फीवर की बीमारी हर चार-छह माह में फैलती रहती है।
- कांच उद्योग के चलते यहां ट्रांसपोर्ट नगर की मांग लंबे अरसे से की जा रही है, लेकिन ट्रांसपोर्ट नगर नहीं बन सका है।
- ग्लास एक्सपोर्ट हब का बनाने का प्रस्ताव सालों पुराना है, अक्सर इसे लेकर बातें होती हैं, लेकिन अब तक कुछ नहीं हो पाया है।
- रेलवे स्टेशन पर पहले 20 ट्रेनें रुकती थीं, लेकिन कोविड के बाद से सिर्फ 10 ट्रेनें ही रुकती हैं। इस कारण आवागमन की समस्या है।
- यहां के कुटीर उद्योग को गैस की सुविधा मिली है, लेकिन उसकी कीमतें काफी ज्यादा हैं।
- शिक्षा के लिए उच्च शिक्षण या प्रशिक्षण संस्थान नहीं हैं।

### दो बार निर्दलीय जीते, तीन-तीन बार रामजीलाल सुमन और प्रभु लाल कठेरिया

- 1957 में निर्दलीय बृजराज सिंह ने कांग्रेस के रघुवर सिंह को हराया। 1962 में कांग्रेस के शंभू नाथ चतुर्वेदी रिपब्लिक पार्टी के दाताराम गोरख से जीते। 1967 में संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के एससी लाल ने कांग्रेस के सी अंबेश को हरा दिया। 1971 में कांग्रेस के छत्रपति अंबेश ने भारतीय क्रांति दल के शिव चरन लाल को हराया। 1977 में भारतीय लोक दल के रामजी लाल सुमन कांग्रेस के राजा राम पीपल से जीते। 1980 में निर्दलीय राजेश कुमार सिंह ने कांग्रेस के आजाद कुमार कर्दम को पराजित किया। 1984 में कांग्रेस के गंगाराम ने लोकदल के राजेश कुमार सिंह को शिकस्त दी। 1989 में जनता दल के रामजीलाल सुमन ने कांग्रेस के गंगाराम को हराया। 1991 में भाजपा के प्रभु दयाल कठेरिया जनता दल के शिवनारायण गौतम से जीते। 1996 में भाजपा के प्रभु दयाल कठेरिया ने सपा के रामजीलाल सुमन को हराया। 1998 में भी प्रभु दयाल जीते। 1999 में सपा के रामजीलाल सुमन भाजपा के प्रभु दयाल कठेरिया को हराया। 2004 में सपा के रामजीलाल सुमन भाजपा के किशोरीलाल माहौल को हराकर जीते। 2009 में अखिलेश यादव ने जीत हासिल की थी।



सपा उम्मीदवार अक्षय यादव।



भाजपा उम्मीदवार विश्वदीप सिंह।

**2019** में पारिवारिक रार के कारण सपा को मिली थी इस सीट पर हार

**25** हजार मतों से चुनाव हार गए थे सपा प्रत्याशी अक्षय यादव

### सैफई कुनबे में फूट के चलते पिछली बार चाचा के कारण हारे थे अक्षय

- 2019 के चुनाव में सपा से फिरोजाबाद सीट भाजपा ने छीन ली थी। सपा की हार की वजह शिवपाल सिंह यादव थे। शिवपाल उस समय अपने भतीजे अखिलेश यादव से नाराज थे। इसलिए सपा प्रत्याशी अक्षय यादव के सामने अपनी खुद की पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) से चुनाव लड़ा था। इससे सपा का वोट बंट गया था। सपा की फूट से भाजपा का कमल खिल गया था। भाजपा के चंद्रसेन जादौन करीब 25 हजार मतों से चुनाव जीत गए थे। शिवपाल को 91 हजार से ज्यादा वोट मिले थे।



### तीन विधानसभा क्षेत्रों में सपा और दो पर भाजपा का कब्जा

- फिरोजाबाद लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र टूंडला, जसराना, फिरोजाबाद, शिकोहाबाद व सिरसागंज आते हैं। लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या 17लाख 45 हजार से ज्यादा है। शिकोहाबाद और सिरसागंज विधान सभा क्षेत्र यादव बाहुल्य हैं। इन दोनों सीटों पर 2022 के चुनाव में सपा ने जीत हासिल की थी। जसराना में यादव और लोधी ज्यादा वोटर हैं। यहां भी सपा ने विधानसभा चुनाव जीता था। फिरोजाबाद में मुस्लिम समुदाय के वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कमल खिला दिया था। टूंडला में जाटव मतदाता सबसे ज्यादा हैं। यहां भी भाजपा विधानसभा चुनाव में जीती थी।

### अखिलेश के सीट छोड़ने पर नाराज जनता ने डिंपल को नहीं दिया था जीतने का मौका

- लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इस सीट से मुलायम सिंह यादव और उनके पुत्र अखिलेश यादव चुनाव जीत चुके हैं। लेकिन सीट जीतने के बाद छोड़ने की नाराजगी में यहां की जनता मुलायम परिवार को सबक भी सिखा चुकी है। 2009 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव फिरोजबाद और कन्नौज दो सीटों से लड़कर चुनाव जीते थे। बाद में उन्होंने फिरोजाबाद सीट छोड़ दी थी। उपचुनाव में उनकी पत्नी डिंपल यादव मैदान में उतरी थीं। लेकिन सीट छोड़ने की नाराजगी ऐसी भारी पड़ी कि डिंपल को पूर्व सिने स्टार और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राज बब्बर के हाथों हार झेलनी पड़ी थी।



# अखिलेश के उतरने से उलट-पलट समीकरण

इरा अवस्थी, कन्नौज

- भाजपा को भारी पड़ सकती व्यापारियों की नाराजगी
- हाथी किसी का खेल बनाएगा तो किसी का बिगाड़ेगा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए कन्नौज में मतदान को अब 15 दिन शेष हैं। 29 अप्रैल को नाम वापसी व चुनाव चिन्ह आवंटन के बाद मैदान में डटे 'शूरवीरों' की तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। लेकिन लंबे इंतजार के बाद नामांकन के अंतिम दिन सपा अध्यक्ष के पर्चा भरने के बाद क्षेत्र में चुनावी समीकरणों में भारी उलट-पुलट हो गया है। बताया जा रहा है कि 'कमल' से खफा व्यापारियों तथा कई अन्य तबकों की नाराजगी भाजपा को भारी पड़ सकती है। यद्यपि मैदान में 'हाथी' भी है जो किसी का खेल बनाएगा तो किसी का बिगाड़ने का काम करेगा।

वर्ष 1999 में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कन्नौज से चुनाव लड़ा और जीता था। इसके बाद इस सीट से इस्तीफा देकर तब राजनीति का क ख ग सिखाने के लिए बेटे अखिलेश उर्फ टीपू को यहां की जनता के सुपुर्द किया था। जनता ने भी उन्हें हाथो हाथ लिया और भारी बहुमत से जीत दिलाकर संसद पहुंचा दिया। तब लड़कपन की आयु थी और राजनीति का नया नया मैदान था लेकिन अब वह मंझे हुए राजनीतिज्ञ हो चुके हैं। कहां नफा होगा कहां नुकसान और कौन सा दांव कब चलना है यह भी अच्छी तरह से जानते हैं। तभी तो तमाम गुणा-भाग लगाने के बाद अंतिम समय में अपनी 'प्राइमरी पाठशाला' से चौथी बार ताल ठोंककर 'धमाका' किया। वर्ष 2000 से लगातार तीन लोकसभा चुनाव में वे यहां से भारी बहुमत से सांसद चुने गए थे। गत चुनाव में सीट सपा के हाथ से जाने के बाद यह टीस साल ही रही थी तो दूसरी तरफ से भाजपा प्रत्याशी की लगातार चुनौतियां और ललकार भी सामने थी। शायद यही वजह रही कि ऊहापोह का दौर एक महीने से भी ज्यादा चला लेकिन तय रणनीति के तहत अगला कदम लिया।

अब सत्ता दल के सूत्र ही बता रहे हैं कि तेजप्रताप यदि प्रत्याशी होते तो भाजपा की राह खासी आसान थी। इसका कारण यह था कि लोगों के सामने कोई विकल्प ही नहीं बच रहा था। ऐसी खबरें भी सपा सुप्रीमो तक पहुंचीं थीं। यह भी कि यदि वे आते हैं तो टक्कर होगी और परिणाम सकारात्मक होने के आसार ज्यादा बनेंगे। अब जब भाजपा-सपा आमने-सामने के रण में डट चुके हैं तो सत्ताधारी दल का खेमा नई रणनीति बना रहा है। सत्ता दल के सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उठाए गए कुछ ऐसे कदम जिनसे व्यापार को धक्का पहुंचा है, से व्यापारियों का एक वर्ग नाराज है। इसके साथ ही मौजूदा सांसद व प्रत्याशी के प्रति भी गुस्सा भी है। ऐसे में मौन' वोट के दिन बड़ा जवाब दे सकता है। एक व्यापारी ने बातचीत में साफ कहा कि हम तो भाजपा के ही समर्थक रहे हैं लेकिन कारोबार में जीएसटी की विसंगति, ऑनलाइन खुदरा व्यापार ने तबाह कर दिया है।



**दिखाई ताकत** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शनिवार को कन्नौज लोकसभा क्षेत्र में रोड शो किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा।

# जालौन में सिंचाई की समस्या मुद्दा

**जालौन।** बीहड़ पट्टी में बसा जालौन बुंदेलखण्ड इलाके में आता है। यहां कभी डकैतों की तूती बोलती थी। यह लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। मौजूदा समय में भाजपा से लगातार दो बार से भानु प्रताप वर्मा सांसद हैं। इंडिया गठबंधन में यह सीट सपा के खाते में आई है। नारायण दास अहिरवार को सपा ने चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि बसपा ने सुरेश चंद्र गौतम पर दांव लगाया है।

बीते बीस सालों में जालौन जनपद में विकास हुआ है। फोरलेन बने और रेलवे लाइन का दोहरीकरण हुआ है। लेकिन यहां की प्रमुख समस्या सिंचाई है। पचनद बांध और रोजगार के साधनों की कमी है। विकास और स्थानीय मुद्दे हमेशा से जालौन में रहे हैं। चुनाव में ये समस्याएं बड़ा मुद्दा हैं। 2022 में प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी को 5 में से 4 सीटों पर जीत मिली थी।

कालपी सीट पर सपा के विनोद चतुर्वेदी को जीत मिली थी जबकि शेष चारों सीटें बीजेपी के खाते में आई थीं। अब देखना यह है कि यहां के मतदाता लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को हैट्रिक लगाने देंगे अथवा दूसरे दल के प्रत्याशी के सिर पर जीत का सेहरा बांधेंगे। 2019 में इस सीट से भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा को जीत हासिल हुई थी। उन्हें 581763 वोट हासिल हुए थे। इस चुनाव में भानु प्रताप सिंह वर्मा को लोकसभा सीट में मौजूद कुल मतदाताओं में से 30.09 प्रतिशत का समर्थन प्राप्त हुआ था, जबकि इस सीट पर डाले गए वोटों में से 51.45 प्रतिशत उन्हें मिले थे। लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान इस सीट पर बसपा प्रत्याशी अजय सिंह (पंकज) दूसरे स्थान पर रहे थे, जिन्हें 423386 वोट मिले थे। इस सीट पर आम चुनाव 2019 में जीत का अंतर 158377 रहा था।

# अबकी बार ... कम मतदान में स्थानीय और जातीय मुद्दों का उभार

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** अबकी बार400 पार के लिए उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी भाजपा को पहले दो चरणों में कम मतदान के बीच स्थानीय मुद्दों और जातीय समीकरणों के उभार ने चौकन्ना कर दिया है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जीत और हार का हिसाब-किताब लगाने के लिए हर सीट के बूथवार मतदान प्रतिशत आंकड़ों के साथ प्रत्याशी और संगठन दोनों स्तरों पर फीड बैक लेने में लगा है।

भाजपा चाहती है कि लोकसभा चुनाव में वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट पड़े तो फायदा हो सकता है। लेकिन विपक्ष ने जिस तरह पहले दो चरण की अधिकतर सीटों पर माहौल को स्थानीय बनाकर जातीय समीकरणों में जकड़ने का प्रयास किया है, उससे जानकार मान रहे हैं कि भाजपा को कुछ वोटों का नुकसान उठाना पड़ सकता है। मसलन, बसपा सुप्रीमो ने पश्चिम उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाने का मुद्दा उठा दिया था। इसके साथ ही मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर जैसी सीटों पर गन्ने की कीमत और समय पर भुगतान, आवारा जानवरों की समस्या, बंद फैक्ट्रियां, हाईकोर्ट की बेंच, हवाई अड्डा जैसे मुद्दे उठाए गए। इसी तरह मथुरा में यमुना की सफाई और धार्मिक पर्यटन के विकास तथा नये उद्योगों की स्थापना के मुद्दों को धार देने के प्रयास हुए। गाजियाबाद और गौतम बुद्ध नगर में फ्लैटों की रजिस्ट्री, भूमि अधिग्रहण और मुआवजा मिलने में देरी जैसे सवालों को हवा दी गई।

पहले चरण के मतदान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर 60 फीसदी वोटिंग पहले ही भाजपा के लिए चिंता का विषय थी। दूसरे चरण में मतदान प्रतिशत और नीचे खिसक गया है। प्रदेश में दूसरे चरण की आठ सीटों पर 54.85% मतदान हुआ है। यह पिछली बार 2019 के चुनाव की तुलना में करीब 9% कम रहा। दरअसल, पिछले कुछ चुनावों में भाजपा को बंपर वोटिंग के साथ बंपर जीत की आदत पड़ चुकी है, ऐसे में कम वोटिंग उसे परेशान करने वाली है। इसी कारण दूसरे चरण में हर बूथ पर सक्रियता बढ़ाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया गया था। पन्ना प्रमुखों को हर बूथ पर लक्ष्य देकर कहा गया था कि एक पन्ना प्रमुख 60 वोट घर से निकलने की जिम्मेदारी निभानी है। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों के साथ संगठन के पदाधिकारियों को हर जिले में जिम्मा दिया गया। लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात रहा। दरअसल कम मतदान में कांटे की टक्कर वाली सीटों पर भाजपा की परेशानी बढ़ सकती है, इस तथ्य से पार्टी के रणीतिकार भी नहीं इंकार कर रहे हैं। ऐसे में एक-एक वोट की कीमत है। इस बीच गर्मी है कि अगले चरणों के चुनाव में और बढ़ेगी।




### बसपा के प्रत्याशियों ने भी कई सीटों पर पेच फंसाकर बढ़ाई परेशानी

- 2019 के लोकसभा और 2022 के विधान सभा चुनावों में ऐसी आम धारणा देखने को मिली थी कि बसपा ने प्रदेश में भाजपा की मदद करने के लिए प्रत्याशी उतारे हैं। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में कई सीटों पर बसपा के प्रत्याशी भाजपा का नुकसान करते नजर आ रहे हैं। गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में राजपूतों की भाजपा से कथित नाराजगी के बीच बसपा ने दोनों सीटों पर राजपूत उम्मीदवार उतारकर भाजपा की परेशानी बढ़ा दी। हालांकि माना जा रहा है कि गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में भाजपा की मजबूत स्थिति के कारण बसपा के राजपूत प्रत्याशी ज्यादा प्रभावित नहीं कर सके हैं, लेकिन जिस तरह बसपा सुप्रीमो मायावती और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी सभा में राजपूतों के सम्मान का मुद्दा उठाया है, उससे जिन सीटों पर भाजपा थोड़ी कमजोर है, वहां जरूर असर पड़ सकता है। इसी तरह मेरठ लोकसभा सीट पर घमासान इसलिए ज्यादा नजर आया क्योंकि अरुण गोविल के सामने बसपा से देवव्रत त्यागी थे। यहां त्यागी प्रत्याशी के चलते भाजपा को दिक्कत उठानी पड़ी। अलीगढ में भाजपा के वर्तमान सांसद ब्राह्मण बिरादरी के सतीश गौतम के लिए बसपा के ब्राह्मण प्रत्याशी हितेंद्र कुमार उर्फ बंटी उपाध्याय मतदान के दिन तनाव का कारण बनते दिखे। मथुरा लोकसभा सीट पर भी मंजर कुछ ऐसा ही नजर आया। यहां लगातार दो बार से जीत रहीं फिल्म अभिनेत्री भाजपा सासंद हेमा मालिनी को भी बसपा के भी जाट बिरादरी से आने वाले पूर्व आईआरएस सुरेश सिंह के कारण जाट वोट संभालने में पसीना बहाना पड़ा।



# कांग्रेस के सामने भाजपा के किले को भेदने की चुनौती

**विधानसभा उप चुनावः लखनऊ पूर्वी** — दोनों ही नए चेहरे होने से हो सकता है कड़ा मुकाबला

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** विधानसभा लखनऊ पूर्व सीट पर करीब तीन दशक से भगवा परचम लहरा रहा है। तमाम प्रयास के बाद भी विरोधी दल भाजपा की इस सीट को फतह करने में नाकाम रहे हैं। ऐसे में इस बार भी उपचुनाव में इंडी गठबंधन प्रत्याशी के लिए जीत दर्ज कर पाना बेहद कठिन चुनौती होगी। फिलहाल भाजपा ने ओपी श्रीवास्तव और कांग्रेस ने मुकेश चौहान जैसे नए चेहरों पर विधानसभा उप चुनाव में दांव लगाया है। खास बात यह है कि दोनों प्रत्याशी पहली बार किसी बड़े चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। विधान सभा लखनऊ पूर्व में भाजपा ने 1991 से जीत का सिलसिला जारी रखा है और 2022 चुनाव में 59.40 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं। 32.7 प्रतिशत वोट हासिल कर सपा दूसरे नंबर पर रही थी। इससे पहले वर्ष 2017 के चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी को 24.71 प्रतिशत वोट मिले थे। बीते आंकड़े बता रहे हैं कि बीजेपी को हराने के लिए सपा और कांग्रेस को बड़ा उलटफेर करना होगा।


लखनऊ पूर्वी सीट पर बीजेपी के भगवती शुक्ला ने साल 1991 में पहली बार जीत दर्ज की थी। इसके बाद से बीजेपी यहां से कभी नहीं हारी। साल 2014 के विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी के आशुतोष टंडन ने सपा प्रत्याशी जूही सिंह को 26,495 वोटों से हराया था। साल 2017 के चुनाव में भी आशुतोष टंडन ने सपा-कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी अनुराग भदौरिया को 79,230 वोटों से करारी शिकस्त दी थी। साल 2022 में फिर सपा प्रत्याशी अनुराग भदौरिया को 68,731 वोटों से हराया। आशुतोष टंडन के निधन के बाद होने वाले उपचुनाव में बीजेपी ने ओपी श्रीवास्तव, जबकि कांग्रेस ने इस्माईलगंज प्रथम से दो बार के पार्षद मुकेश सिंह चौहान को टिकट दिया है। कांग्रेस प्रत्याशी लगातार सपा का समर्थन हासिल होने का दावा कर रहे हैं। लेकिन सपा की तरफ से अब तक तस्वीर साफ नहीं की गई है। नामांकन के दौरान भी सपा और गठबंधन के अन्य दलों के कोई नेता दिखाई नहीं दिए।

- **लखनऊ की इस विधान सभा सीट को विरोधी दल 1991 से जीतने में रहे हैं असफल**


ओपी श्रीवास्तव


मुकेश चौहान

### विधान सभा चुनाव 2022 में किसको मिले कितने वोट




### पिछले चुनाव में कांग्रेस को मिले थे 1.74 प्रतिशत वोट

लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस के लिए बीजेपी से लड़ना आसान नहीं होगा। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मनोज तिवारी को महज 1.74 प्रतिशत वोट मिले थे। जबकि बीजेपी प्रत्याशी को 59 .40 प्रतिशत वोट मिला था। ऐसे में कांग्रेस को सपा और अन्य दल का कितना समर्थन मिलता है। यह जीत और हार तय करेगी। ऐसा होने के बाद गठबंधन और बीजेपी के बीच टक्कर संभव है। क्योंकि दोनो की प्रत्याशी नए चेहरे है और जनता किसे चुनती है यह तो 20 मई की वोटिंग तय करेगी।

### 2012 में केवल पूर्वी सीट पर ही जीत हासिल की थी

परिसीमन के बाद 2012 के चुनाव में महोना सीट को खत्म करके बीकेटी व लखनऊ उत्तर नई सीट बनी थी। जिसके चलते लखनऊ पूर्व विधान सभा के क्षेत्र का भी परिवर्तन हुआ था। सपा में अखिलेश यादव की सक्रिय राजनीति की शुरुआत का यह पहला चुनाव था। ऐसे में प्रदेश में सपा का जोर तो था, लेकिन अटल का गढ़ रहे लखनऊ में भाजपा का दबदबा बना रहने के कयास लग रहे थे। वर्ष 2007 में आठ में से शहर की चार सीटों पर जीती भाजपा के लिए कहा जा रहा था कि 2012 में भी पार्टी को बहुत नुकसान नहीं होगा, लेकिन हुआ उल्टा। 2012 में नौ में से सात सीटों पर सपा ने जीत दर्ज कराई। सिर्फ लखनऊ पूर्व सीट पर भाजपा से वरिष्ठ नेता कलराज मिश्र और कैंट से कांग्रेस से रीता बहुगुणा जोशी ने जीत दर्ज कराई। वहीं, लखनऊ पश्चिम, मध्य की परंपरागत सीट भी भाजपा ने खो दी।

# काव्य गोष्ठी के बहाने स्मृति को किया प्रस्तुत

अमेठी/गौरीगंज

**अमृत विचारः** शनिवार की देर शाम नगरपालिका के माधवपुर वार्ड में काव्य गोष्ठी के बहाने केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की चुनावी सभा कराई गई। कार्यक्रम का आयोजन हाल ही में भाजपा ज्वाइन करने वाले विधायक राकेश प्रताप सिंह के भाई मुकेश प्रताप सिंह और विधायक के समर्थकों ने किया। विधायक राकेश प्रताप सिंह कार्यक्रम में पूरे समय मौजूद रहे और अपने समर्थकों के साथ केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की जीत सुनिश्चित करने के लिए एक जुट होकर मतदान का संदेश दिया।

भाजपा कार्यालय की ओर से शनिवार को माधवपुर में शाम सात बजे से काव्य गोष्ठी में स्मृति ईरानी के बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर काव्य गोष्ठी जैसा कुछ भी नहीं दिखा।कवि दूर दूर तक नहीं नजर आए। कार्यक्रम में विधायक राकेश प्रताप सिंह के समर्थक प्रधान,बीडीसी और नगर के अन्य नागरिक मौजूद रहे। राकेश प्रताप सिंह ने एक एक करके सबसे स्मृति ईरानी का स्वागत कराकर अपने जनाधार की ताकत दिखाई।

स्मृति ईरानी कार्यक्रम में लगभग 8.15 बजे पहुंची। उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र व अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक जंगबहादुर सिंह , अमरनाथ पासी,नवनीत मिश्र, जगदेव मौर्य, केशव सिंह आदि मौजूद रहे।

### गांधी परिवार पर बोला हमला

स्मृति ईरानी ने यहां भी कांग्रेस और गांधी परिवार को निशाने पर लिया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए कमल का बटन दबाकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील की ।कवि बुद्ध सेन शर्मा की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम को प्रगति शील किसान रणांजय सिंह,मो सुल्तान सिद्दीकी, राकेश मटियारी आदि ने संबोधित किया।

# नेहरू और इंदिरा की बराबरी कर सकते हैं मोदी

- लगातार तीसरी बार एक ही सीट से जीत का बना सकते हैं रिकॉर्ड
- सबकी नजर एक बार फिर वाराणसी लोक सभा सीट पर
- 2019 में प्रधानमंत्री मोदी ने 4,79,505 मतों के अंतर से जीता था चुनाव

चुनाव डेस्क, लखनऊ

**अमृत विचारः** दुनिया के सभी छोटे-बड़े देशों की नजर एक बार फिर भारत की सांस्कृतिक राजधानी बनारस पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इतिहास दोहराने के लिए वाराणसी लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में दावेदार हैं इस बार पीएम मोदी के निशाने पर तीन रिकॉर्ड हैं। पहला रिकॉर्ड है वाराणसी सीट से जीत की हैट्रिक। इससे पहले दो सांसद ही यहां से जीत की हैट्रिक लगा सके हैं। इसके अलावा मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की तरह यूपी के एक निर्वाचन क्षेत्र से तीन चुनाव जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं। बतौर प्रधानमंत्री नेहरू फूलपुर लोकसभा सीट से लगातार तीन चुनाव जीते थे, जबकि इंदिरा ने भी रायबरेली से यही रिकॉर्ड बनाया था।

वाराणसी शहर को मंदिरों का शहर, देश की धार्मिक राजधानी, 'दीपों का शहर, भगवान शिव की नगरी, 'ज्ञान नगरी' जैसे कई नामों से संबोधित किया जाता है। बाबा विश्वनाथ की धरती कहे जाने वाले वाराणसी संसदीय सीट के तहत 5 विधानसभा सीटें आती हैं, जिसमें रोहनियां, वाराणसी नॉर्थ, वाराणसी साउथ, वाराणसी कैंट और सेवापुरी सीट शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर बीजेपी गठबंधन को जीत मिली थी, 4 सीट बीजेपी के खाते में गई थी तो एक सीट अपना दल (एस) के पास गई थी। वाराणसी सीट से नरेंद्र मोदी के चुनाव लड़ने की वजह से देश की टॉप सीट है।

2019 के संसदीय चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट से नरेंद्र मोदी बीजेपी के टिकट पर चुनाव मैदान में उतरे थे, मोदी के सामने समाजवादी पार्टी की ओर से शालिनी यादव मैदान में थीं तो कांग्रेस ने अजय राय को मैदान में उतारा। चुनाव एकतरफा रहा था और पीएम मोदी ने 479,505 मतों के अंतर से यह चुनाव जीत लिया था। पीएम नरेंद्र मोदी को चुनाव में 674,664 वोट मिले थे जबकि शालिनी यादव को 195,159 वोट आए तो वहीं अजय राय को 152,548 वोट मिले। वाराणसी सीट पर कुल 1,060,829 वोट पड़े थे।

इससे पहले 2014 के चुनाव में भी नरेंद्र मोदी ने यहीं से चुनाव लड़ा था। वाराणसी सीट पर इस चुनाव में मोदी को 581, 022 वोट मिले थे जबकि उनके सामने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल मैदान में थे, केजरीवाल को 209,238 वोट मिले थे, मोदी ने यह चुनाव 371,784 मतों के अंतर से जीत लिया और इस जीत के बाद देश के प्रधानमंत्री भी बने। 2009 के चुनाव में बीजेपी के टिकट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी को जीत मिली थी। उन्होंने बसपा के उम्मीदवार और माफिया डॉन मुख्तार अंसारी को कड़े मुकाबले में 17,211 मतों से हराया था। चुनाव में अजय राय सपा के टिकट पर मैदान में थे और तीसरे स्थान पर रहे थे।



### सपा-बसपा का नहीं खुला खाता

- बनारस शहर संस्कृतियों के संगम के लिए जाना जाता है। देशभर की संस्कृतियां काशी में रच-बसी हैं। अलग सोच और अलग अंदाज में जीने वाले बनारसियों ने सबसे ज्यादा लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा कांग्रेस और भाजपा का साथ दिया है। यहां से सात-सात बार भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। बनारस यूपी की उन लोकसभा सीटों में एक है, जहां सपा या बसपा ने कभी जीत हासिल नहीं की।

### जनता लहर में कांग्रेस बुरी तरह हारी

1971 के चुनाव के बाद और अगले चुनाव से पहले देश ने आपातकाल का दौर देखा। आपातकाल खत्म हुआ तो 1977 में फिर से चुनाव हुए। जनता लहर में कांग्रेस बुरी तरह हारी। वाराणसी सीट भी पार्टी ने गंवा दी। यहां कांग्रेस के राजा राम को भारतीय लोक दल के चंद्रशेखर ने 1,71,854 वोट से करारी हार झेलनी पड़ी। 1980 के लोकसभा चुनाव एक बार फिर कांग्रेस ने वाराणसी सीट पर वापसी की। यहां कांग्रेस की तरफ से उतरे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी ने पार्टी को जीत दिलाई। उन्होंने जनता पार्टी ( सेक्युलर) के प्रत्याशी राज नारायण के खिलाफ 24,735 मतों से जीत दर्ज की।

### मुख्तार अंसारी ने भी लड़ा था चुनाव

28 मार्च को बांदा में मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उनके सियासत की भी चर्चा इन दिनों पूरे उत्तर प्रदेश में है . पांच बार विधायक रहे मुख्तार अंसारी ने भी 2009 लोकसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर वाराणसी से चुनाव लड़ा था। 2009 चुनावी परिणाम में मुरली मनोहर जोशी ने 17211 वोट से मुख्तार अंसारी को हराकर जीत हासिल की थी। ऐसे में कहा जाता है की इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए बीजेपी को काफी जोर लगाना पड़ा था।


### ये भी हैं मैदान में


2024 में वाराणसी लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की ओर से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एक बार फिर नरेंद्र मोदी के सामने चुनावी मैदान में है तो वहीं बसपा की और से सैयद नियाज अली अपना जोर अजमा रहे हैं। यहां मतदान सातवें चरण में होगा।


अजय राय


सैयद नियाज अली

### 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| नरेंद्र मोदी | 6,74,664 |
| शालिनी यादव | 1,95,159 |
| अजय राय | 1,52,548 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | नरेंद्र मोदी | 5,81,022 |
| एएपी | अरविंद केजरीवाल | 209,238 |
| कांग्रेस | अजय राय | 75,614 |
| बसपा | विजय प्रकाश जयसवाल | 60,579 |
| सपा | कैलाश चौरसिया | 45,291 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | रघुनाथ सिंह/त्रिभुवन नारायण | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957व 62 | रघुनाथ सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 | सत्य नारायण सिंह | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी |
| 1971 | राजाराम शास्त्री | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | चन्द्रशेखर | जनता पार्टी |
| 1980 | कमलापति त्रिपाठी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | श्यामलाल यादव | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | अनिल शास्त्री | जनता दल |
| 1991 | श्रीश चंद्र दीक्षित | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98 व 99 | शंकर प्रसाद जयसवाल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2004 | राजेश कुमार मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |

**2014 नोटा** 2,051


**2019 नोटा** 4,037

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | मुरली मनोहर जोशी | 203,122 |
| बसपा | मुख्तार अंसारी | 185,911 |
| सपा | अजय राय | 123,874 |
| कांग्रेस | राजेश कुमार मिश्र | 66,386 |

**2024**

| | | |
|---|---|---|
| कुल मतदाता | - | 19,62,948 |
| पुरुष | - | 10,65,485 |
| महिला | - | 8,97,328 |
| अन्य | - | 174 |




### अपनी ढपली अपना राग


पहले की सरकार आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थीं। अब देश में कोई भी पटाखा फूटता है तो पाकिस्तान भी सामने आकर सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं। - योगी आदित्यनाथ


राम के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले अब वोट मांगने के लिए राम मंदिर का दौरा कर रहे हैं, जो भगवान को धोखा देने के अलावा व कुछ नहीं है। -स्मृति ईरानी


जो-जो काम समाजवादी पार्टी ने शुरू किए थे, उन सभी कामों को भाजपा ने बंद करा दिया। आज युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। -अखिलेश यादव


सरकार ने चौ. चरण सिंह को भारत रत्न देकर जो सम्मान दिया है, उसके बाद अब किसानों की बारी है। ऐसा वोट डालिए कि लखनऊ व दिल्ली में सबको पता चल जाए। -चारू चौधरी

# चार बार के चैंपियन के सामने प्रशिक्षु राजनीतिक खिलाड़ी का दांव

## चुनावी अखाड़े में दोनों खिलाड़ियों पर मतदाताओं की नजर

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** गोंडा जिले के राजनीतिक पितामह कहे जाने वाले कुंवर आनंद सिंह का बेटा भी अब धोबी पछाड़ में चैंपियन बन चुका है। राजनीतिक दांवपेंच की बारीकी परख रखने वाले पिता की बराबरी कर चुके भाजपा के दिग्गज खिलाड़ी कीर्तिवर्धन सिंह चार बार के चैंपियन रह चुके हैं और पांचवीं बार मैदान मारने को लेकर चुनावी दंगल के हर दांव की परख रखते हैं। उनके सामने विरासत की राजनीति की निकली कोपल को दिग्गज खिलाड़ी का सामना करना पड़ा रहा है। इस प्रशिक्षु खिलाड़ी के पास कितने कारगर दांव हैं और अभी कितना सीखना है यह लड़ने वाले दिन पता चलेगा। लेकिन पीछे से शाबाशी देने वाले उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं।

जी हां हम बात कर रहे हैं 59-लोकसभा क्षेत्र गोंडा की। देश की 73 साल की राजनीति में गोंडा सीट पर 40 साल तक सिर्फ एक ही परिवार का बर्चस्व रहा है। मनकापुर कोट की खोक से जन्मी राजनीति को सीखने, जीने व उसी में सम्मिलित होने की कला राज परिवार में है। 1971 में जब कुंवर आनंद सिंह के राजमहल पर आकर इंदिरा गांधी ने चुनाव लड़ने के लिए आनंद सिंह की पीठ थपथपाई थी। तो आनंद सिंह ने भी इंदिरा गांधी की बात का मान रखा और गोंडा लोकसभा सीट जीत कर उनकी झोली में डाल दिया।

राष्ट्रीय आपात के कारण यह सीट 1977 में उनके हाथ से खिसक गई, लेकिन जिस राजनीति का जन्म किसी राजघराने से होता था उसी दांव को चलकर आनंद सिंह ने 1980 में दोबारा वह सीट जीत ली। इतना ही नहीं वह लगातार तीन कार्यकाल तक सांसद रहे और उनकी दखल राष्ट्रीय राजनीति में होने लगी। इसका असर यह रहा कि विधानसभा चुनावों में जिन पर उनका बरदहस्त होता था वह सीट जीत जाता था। 1989 में उन्हें राजनीतिक पितामह की संज्ञा दी जाने लगी। उसी राजनीति की कोख से उनके पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह का उदय हुआ। अपने पिता की राह पर चलते हुए कीर्तिवर्धन सिंह ने दो बार सपा तो दो बार भाजपा से चुनावी जंग जीत चुके हैं। सपा में रहकर भाजपा को हराया और भाजपा में रहकर सपा को मात दी। ऐसे में शह मात दोनों के पैंतरे उनके पास हैं और इन्हीं पैंतरों तथा पिता से सीखी पैंतरे को साथ लेकर वह पांचवीं बार चुनावी अखाड़े में हैं। उनके सामने राजनीति के पितामह बेनी प्रसाद वर्मा की पोती श्रेया वर्मा जिसने राजनीति में अभी अभी कदम रखा है और बिना प्रशिक्षण लिए ही चार बार के पहलवान के सामने लड़ने को भेज दिया गया है। राजनीतिक घराने से होने के नाते थोड़ी बहुत राजनीति की जानकार को स्वयं अखाड़े में मुकाबला करना है। घर वाले व चाहने वाले अखाड़े के बाहर रखकर शाबाश कहकर उत्साह तो अवश्य बढ़ा सकते हैं लेकिन लड़ाई तो खिलाड़ी को ही लड़नी होगी। इसके पहले श्रेया वर्मा न तो विधायक रहीं और न सांसद। पहली बार चुनाव लड़ रही हैं वह भी देश के सबसे बड़े सीट के लिए।



### सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा ने रामजस कालेज से किया है ग्रेजुएट

सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा समाजवादी पार्टी के खांटी नेता बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री हैं। उन्होंने शुरुआती पढ़ाई वेल्हम गर्ल्स स्कूल देहरादून से की है। इसके बाद अपने बाबा बेनी प्रसाद वर्मा जब कांग्रेस सरकार में केंद्रीय मंत्री थे उनके साथ रहकर दिल्ली विश्वविद्यालय के रामजस कालेज से अर्थशास्त्र से बीए आनर्स किया। युवा महिला नेता होने के साथ वह अपने पिता राकेश वर्मा के 2022 के चुनाव में कमान संभाल चुकी हैं।

### कीर्तिवर्धन सिंह ने लखनऊ विश्वविद्यालय से की है एमएससी

कीर्तिवर्धन सिंह भी उच्च कोटि की शिक्षा ग्रहण की है। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय से बीएससी व एमएससी की परीक्षा पास की है। वह चार बार सांसद रह चुके हैं। 1998 व 2004 में सपा से सांसद रह चुके हैं। 2014 व 2019 में भाजपा से भी वह दो बार सांसद रह चुके हैं। वह 2014 में अनुमान समिति, बाद में विज्ञान और प्रोद्योगिकी, पर्यावरण एवं वन संबंधी स्थाई समिति के सदस्य रहे हैं। रक्षा मंत्रालय सलाहकार समिति का सदस्य भी उन्हें बनाया गया था।

### सपा और भाजपा के उम्मीदवारों ने खरीदा नामांकन पत्र

पांचवें चरण में होने वाले गोंडा लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले ही दिन भाजपा उम्मीदवार ने दो तथा सपा उम्मीदवार ने चार सेटों में परचे भी खरीद लिए हैं। नामांकन व जांच के बाद दोनों अधिकृति प्रत्याशी घोषित होते ही टकराव के लिए मैदान में दिखेंगे।

## चुनावी चक्कर

- **सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो :**

वाराणसी में लोकतंत्र को मजबूत बनाने और मतदाताओं को जागरूक करने, स्वच्छता को संस्कार में शामिल करने के लिए नमामि गंगे काशी क्षेत्र के वेदपाठी बटुकों ने लोगों को जागरूक किया। वे हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे। सदस्यों ने शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो'। 'हम सबने यह ठाना है, शत-प्रतिशत मतदान कराना है'। 'सब मिलकर मतदान करेंगे स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करेंगे'। 'लोकतंत्र का यह आधार , वोट कोई न हो बेकार' आदि स्लोगन और नारों के साथ लोगों को जागरूक किया। नमामि गंगे काशी क्षेत्र के संयोजक ने कहा कि हमारे पास मतदान के रूप में सुअवसर है। भारत में समृद्धिशाली, आत्मनिर्भर व राष्ट्र को समर्पित सरकार बनाने का, आइए हम एक ऐसी सरकार का चयन करें जो राष्ट्रीय सुरक्षा को बल देने वाली हो। जो बिजली-सड़क-पानी की अच्छी व्यवस्था देने वाली हो। जिस पर माताओं बहनों को विश्वास हो सके। जो किसानों की चिंता कर सके , गरीबों की सुध ले सके। कहा कि हमें ऐसी सरकार चुननी है जो हमारी राष्ट्रीय, सांस्कृतिक ऐतिहासिक एवं धार्मिक विरासत का सम्मान करने व उसे आगे बढ़ाने वाली हो एवं जिसका नेतृत्व सक्षम, कर्मठ एवं इमानदार हो। मतदान करना सबका राष्ट्रीय कर्तव्य है। सभी को लोकतंत्र के इस पर्व का भागीदार बनना चाहिए। कितना भी जरूरी समय क्यों न हो . मतदान के लिए समय जरूर निकालें। इस दौरान काशी क्षेत्र के संयोजक, महर्षि योगी विद्यालय के वेदपाठी बटुक व क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।



# 'झारखंड झुकेगा नहीं' कमल भी खिलने से रुकेगा नहीं

**कब कहां मतदान**

13 मई– सिंहभूम, पलामू, लोहरदगा, खूंटी।
20 मई – हजारीबाग, कोडरमा, चतरा।
25 मई – रांची, जमशेदपुर, धनबाद, गिरीडीह।
01 जून– राजमहल, दुमका और गोड्डा।

**सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा 14 में 12 सीटें जीतने का पिछला इतिहास दोहरा सकती, लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो कई सीटें गंवा सकती**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार:** झारखंड में प्राकृतिक संसाधन और खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है, फिर भी इसे बेरोजगारी, गरीबी और बुनियादी ढांचे के विकास की कमी जैसे सवालों से जूझना पड़ता है। राज्य में सबसे बड़ी आबादी आदिवासियों की है, इस कारण यहां की कुल 14 लोकसभा सीटों में पांच एसटी वर्ग और एक सीट एससी उम्मीदवारों के लिए आरक्षित है। वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव यहां चार चरणों में हुआ था। इस बार भी राज्य में जमीनी जटिलताएं देखते हुए चार चरणों में 13 मई से पहली जून तक वोट डाले जाएंगे। पिछले एक दशक में भाजपा की लोकसभा चुनाव की सफलता छोड़ दें, तो यहां कोई भी राजनीतिक दल राजनीति में अपना दबदबा कायम नहीं कर पाया है। 2019 के चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन ने 12 सीटें जीती थीं।

लेकिन 2019 में ही विधानसभा चुनाव कांग्रेस, आरजेडी और झामुमो गठबंधन जीत गया था। इस तथ्य के साथ ही हाल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने की घटना ने 2024 के लोकसभा चुनाव को और जटिल तथा अप्रत्याशित बना दिया है। राज्य में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन में है। इक्का-दुक्का सीटों पर भाकपा, माकपा और एआईएमआईएम के उम्मीदवार तीसरा कोण बनाने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

**2019 का दलीय जनादेश**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 11 | 76,23,987 |
| कांग्रेस | 01 | 23,38,466 |
| झामुमो | 01 | 17,22,635 |
| आजसू | 01 | 6,48,277 |

**2014 में किसे कितने वोट**

| पार्टी | सीट | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | 12 | 52,07,439 |
| जेएमएम | 02 | 12,05,031 |
| कांग्रेस | 00 | 17,24,740 |
| आजसू | 00 | 4,81,667 |

**वोट शेयर – 2019**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 51% |
| कांग्रेस | 15.6% |
| झामुमो | 11.5% |
| आजसू | 4.3% |

**वोट शेयर – 2014**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 40.1% |
| कांग्रेस | 13.5% |
| झामुमो | 9.3% |
| आजसू | 3.7% |

**12** सीटें पिछली बार राज्य में एनडीए ने जीती थीं



## कल्पना सोरेन चुनाव जीतकर संभालेंगी राज्य की कमान?

- झारखंड में होने वाले गांडेय विधान सभा सीट के उप चुनाव में झामुमो ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को उतारने का फैसला लिया है। भाजपा ने गांडेय सीट के उपचुनाव में प्रदेश मंत्री दिलीप कुमार वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। वर्ष 2019 में गांडेय विधानसभा के चुनाव में झामुमो के डॉ. सरफराज अहमद ने जीते थे। लेकिन बदली राजनीतिक परिस्थितियों में उन्होंने चार माह पहले विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था।

## दुमका से आठ बार के सांसद शिबू सोरेन इस बार मैदान में नहीं

- लोकसभा चुनाव से दो माह पहले झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय ने भूमि घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग की जांच में पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था। इसके बाद झामुमो नेता चंपई सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री बने। लोकसभा चुनाव का मोर्चा पार्टी के साथ हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने संभाल रखा है। उनकी ही अगुवाई में 21 अप्रैल को रांची में इंडिया गठबंधन दलों की रैली हुई थी। हालांकि उनकी भाभी सीता सोरेन झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होकर दुमका सीट से चुनाव लड़ रही है। दुमका शिबू सोरेन की पारंपरिक सीट रही है। वे आठ बार यहां से सांसद रहे हैं। इस बार चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। सीता सोरेन का मुकाबला करने के लिए झामुमो ने अपने वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री नलिन सोरेन को दुमका में उतारा है।
- झामुमो ने 'झारखंड झुकेगा नहीं' का नारा देकर हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियों के साथ हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के मुद्दे पर चुनावी अभियान छेड़ दिया है। झामुमो नेता सभाओं में हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी नेताओं पर साजिश का आरोप लगा रहे हैं। इसके जवाब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी कह रहे हैं कि हेमंत सोरेन और उनके परिवार ने आदिवासियों की जमीनें हड़पी हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब कल्याण की योजनाएं लेकर आए हैं। इसके साथ ही वह मोदी सरकार की उलब्धियां गिनाते हैं।
- फिलहाल राज्य में चुनावी अभियान अभी 13 मई को मतदान वाली सीटें छोड़कर बाकी जगह बहुत गति नहीं पकड़ पाया है। लेकिन इतना स्पष्ट है कि पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए हेमंत सोरेन बड़ा मुद्दा बन चुके हैं। ऐसे में भाजपा अगर हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार के मुद्दे को जनता को समझा पाने में सफल हो भी जाती है तो उसकी चुनावी संभावनाओं पर कोई बड़ा फर्क नहीं आने वाला है। पार्टी 14 में 12 सीटें जीतने का पुराना इतिहास दोहरा सकती है। लेकिन झामुमो लोगों के दिल में उतरा तो भाजपा कई सीटें गंवा भी सकती है।

## भाजपा ने इस बार खेला है ओबीसी कार्ड

- इस बार भाजपा ने राज्य में ओबीसी वोटर को अपनी ओर करने की पूरी कोशिश की है। माना जा रहा है कि भाजपा के रणनीतिकारों ने अगड़े वोटों पर अपनी स्वभाविक हिस्सेदारी मान कर पिछड़ों को लुभाने के प्रयास किया है। यही वजह है कि सामान्य सीटों पर भी ओबीसी प्रत्याशी को प्राथमिकता दी है।

## धनबाद में भी नए प्रत्याशियों में संघर्ष

- धनबाद लोकसभा सीट पर भी दोनों नए चेहरे टकराएंगे। यहां कांग्रेस की अनुपमा सिंह और भाजपा के ढुल्लू महतो के बीच संघर्ष है। इस सीट पर भाजपा ने अपने सांसद पीएन सिंह का टिकट काटकर बाघमारा से विधायक ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, कांग्रेस ने पूर्व मंत्री और मजदूर नेता राजेन्द्र सिंह की बहू और विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को उतारा है।



## अर्जुन मुंडा के सामने फिर कालीचरण


खूंटी लोकसभा सीट पर रोचक चुनावी जंग हो रही है। यहां भाजपा ने केंद्रीय मंत्री और राज्य के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अर्जुन मुंडा को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में यह सीट 1,445 मतों के मामूली अंतर से जीती थी। उनको एक बार फिर भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा के भाई कालीचरण मुंडा कांग्रेस से टक्कर देंगे।

## हजारीबाग और चतरा सीट पर नए चेहरों के बीच मुकाबला

- हजारीबाग सीट जिसका प्रतिनिधित्व कभी पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा और बाद में उनके बेटे पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने किया। इस बार भाजपा ने सांसद जयंत सिन्हा की जगह स्थानीय विधायक मनीष जायसवाल को मैदान में उतारा है। जयंत सिन्हा ने 2019 में कांग्रेस के गोपाल साहू को 4.79 लाख वोटों के अंतर से हराकर ये सीट जीती थी। यहां कांग्रेस ने जय प्रकाश भाई पटेल को टिकट दिया है। इसी तरह चतरा सीट से भाजपा ने सांसद सुनील सिंह का टिकट काट कर कालीचरण सिंह को उतारा है। कांग्रेस ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी को इंडिया गठबंधन से उम्मीदवार बनाया है। वह पहली बार यहां से चुनाव लड़ रहे हैं।

## चंपई सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे मोहंती

- जमशेदपुर में भाजपा ने विद्युत वरन महतो को मैदान में उतारा है। उन्होंने 2019 में चंपई सोरेन को तीन लाख से ज्यादा मतों के अंतर से हराया था। इस बार झामुमो ने यहां से बहरागोड़ा से विधायक समीर मोहंती को मुकाबले में उतारा है। भाजपा ने लोहरदगा सीट से सांसद सुदर्शन भगत की जगह राज्यसभा सदस्य समीर ओरांव को उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा के लिए उनका कार्यकाल तीन मई को खत्म हो रहा है। कांग्रेस ने सुखदेव भगत को मैदान में उतारा है।





## रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय कांग्रेस से देंगी टक्कर

- रांची सीट पर भाजपा ने एक बार फिर सांसद संजय सेठ पर भरोसा जताया है, जिन्होंने पिछले चुनाव में कांग्रेस के सुबोध कांत सहाय को 2,82,780 मतों से हराया था। कांग्रेस ने इस बार रांची में सुबोध कांत सहाय की पुत्री यशश्विनी सहाय को मैदान में उतारा है।

## भाजपा 13, कांग्रेस सात और झामुमो लड़ रहा है पांच सीटों पर चुनाव

झारखंड में भाजपा 13 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (आजसू) के साथ हुई सीट शेयरिंग के अनुसार 14 में 13 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ेगी, जबकि आजसू एक ही सीट पर प्रत्याशी उतारेगी। उधर, झामुमो –कांग्रेस–आरजेडी और माले गठबंधन के बीच हुए सीट बंटवारे के मुताबिक 14 सीटों में से सात पर कांग्रेस, पांच पर झामुमो और एक–एक सीट पर माले तथा आरजेडी के उम्मीदवार उतरेंगे।

# एमपी में गर्मी से हुई कम वोटिंग निकालेगी किसकी गर्मी !

**वोटर की उदासीनता**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में भी पहले चरण की तरह मतदाताओं ने कम उत्साह दिखाया। पहले चरण में 7.48 प्रतिशत कम वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण की छह सीटों टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा, होशंगाबाद में 58.35% वोट पड़े जो 2019 की तुलना में 9.33% कम रहे। इस नौ प्रतिशत से कम वोटिंग में 11 प्रतिशत महिलाएं वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक नहीं पहुंचीं।

महिलाओं के बूथ पर कम संख्या में पहुंचने का यह आंकड़ा भाजपा के लिए परेशान करने वाला है। विधानसभा चुनावों में महिलाओं के बढ़-चढ़कर मतदान करने से भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। ऐसे में जिन सीटों पर महिलाओं ने कम मतदान किया है, वहां भाजपा जीत का अंतर घटने का अनुमान लगा रही है, जबकि कांग्रेस अपनी जीत की संभावनाएं तलाश रही है।



अगले चरण में शिवराज, ज्योतिरादित्य व दिग्विजय की किस्मत का फैसला।

**40** डिग्री से ऊपर पारा को निर्वाचन आयोग मान रहा लोगों के घर से बाहर नहीं आने की बड़ी वजह

**9%** कम मतदान में 11 प्रतिशत महिलाओं के वोट डालने के लिए नहीं पहुंचने के कारण भाजपा की बढ़ी परेशानी

एमपी में कम वोटिंग का कारण जहां राजनीतिक दल मतदाताओं की उदासीनता बता रहे हैं, वहीं निर्वाचन आयोग गर्मी के कारण मतदान कम होने की बात कह रहा है। विशेषज्ञ मतदान कम होने पर चिंता जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना कि राजनीतिक दलों की चुनावी मशीनरी वोटरों को घर से निकाल नहीं सकी जिससे मतदाता की उदासीनता नहीं टूटी।

निर्वाचन आयोग की मतदान गर्मी होने की बात बेवजह भी नहीं है। 26 अप्रैल को वोटिंग के दौरान सबसे ज्यादा तापमान रीवा में 42.2 डिग्री था। यहां सबसे कम वोटिंग हुई। रीवा में 48.67 फीसदी मत पड़े। हालांकि सतना में भी पारा 42.2 डिग्री था। लेकिन यहां 61.87 फीसदी लोगों ने मतदान किया। इसका कारण यहां कांटे का त्रिकोणीय संघर्ष माना गया। खजुराहो में 42 डिग्री तापमान के बीच 56.44% वोट पड़े। यहां इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी का पर्चा रद होने से विपक्ष के मतदाताओं की उदासीनता कम मतदान की वजह हो सकती है। दमोह में 41.2 डिग्री गर्मी में 56.18 मतदाता बूथ पर पहुंचे। टीकमगढ़ में 39 डिग्री पारा रहा। यहां 59.79 वोटिंग हुई, जबकि होशंगाबाद में 40.1 तापमान के बीच 67.16 मतदान हुआ।

दूसरे चरण के चुनाव में एमपी में सर्वाधिक 67.16 प्रतिशत मतदान होशंगाबाद और सबसे कम 49.44 प्रतिशत रीवा सीट पर हुआ।

## खजुराहो और रीवा में सबसे कम मतदान

- पिछले चुनाव से इस बार खजुराहो में सबसे ज्यादा मतदान में गिरावट आई। 2019 के मुकाबले इस बार 11.87 फीसदी कम वोटिंग हुई। रीवा में 11.74 प्रतिशत वोट कम डाले गए। इसके बाद दमोह में पिछली बार की अपेक्षा करीब 10 फीसदी कम मतदान हुआ।

## कांग्रेस ने उत्साह नहीं दिखाया, भाजपा ने विपक्ष की शून्यता का लाभ उठाया

मध्य प्रदेश में पहले चरण में कांग्रेस ने कोई उत्साह नहीं दिखाया, दूसरे चरण में भाजपा ने भी रुचि कम दिखाई। इससे मतदान में जोश नहीं आया। कांग्रेस का कोई बड़ा नेता ऐसा नहीं आया जो मोदी सरकार और प्रदेश सरकार से सवाल जवाब कर सके। जब ऐसा नहीं हुआ तो भाजपा ने विपक्ष की शून्यता जैसी स्थिति में चुनाव लड़ा।

## तीसरे चरण में ज्योतिरादित्य दिग्विजय के साथ शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

अब भाजपा सामने चुनौती है तीसरा चरण, जिसमें ग्वालियर चंबल के साथ मध्य की नौ सीटों पर मतदान होना है। गुना, मुरैना, भिंड और ग्वालियर सीटों के विदिशा, भोपाल, राजगढ़ और सागर लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में मतदान होना है। ये सभी प्रमुख सीटें हैं और कई हाईप्रोफाइल हैं। गुना सीट से ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव मैदान में है तो राजगढ़ से कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह हैं। भिंड, मुरैना, ग्वालियर में मुकाबले दिलचस्प तो विदिशा में चार बार के मुख्यमंत्री रहे पूर्व सीएम शिवराज सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर है।



**हम भी मैदान में** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव में प्रचार की कमान उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने संभालकर किया रोड शो।

# चुनाव लोकसभा का, बिसात विधान सभा की बिछी

**चंडीगढ़।** कहा जाता है कि राजनीति में आज का दुश्मन कल दोस्त और आज का दोस्त कल दुश्मन हो सकता है। हरियाणा में डबल इंजन की सरकार है। बीजेपी और जजपा मिलकर हरियाणा की सरकार चला रही हैं। लेकिन अब जजपा के बोल बदल गए हैं। जजपा राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है और राज्य में अपना अस्तित्व बचाने में जुटी है। यही वजह है कि उसके नेता बीजेपी को लेकर काफी हमलावर है। बीजेपी के खिलाफ मौन रहने वाले जजपा के नेता अब उसे जमकर कोस रहे हैं और विरोध भी कर रहे हैं। जजपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने पांच उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी है और बाकी पांच उम्मीदवारों की सूची भी जल्द ही जारी करेगी। ऐसे में जजपा अब खुद को बीजेपी से पूरी तरह अलग कर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। जजपा का असली लक्ष्य इस साल अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव पर है। जजपा अभी से ही उसके लिए माहौल बना रही है।



**हम नहीं कम** सीपीएम की नेता वृंदा करात ने कोलकता में रोड शो करके माकपा प्रत्याशी के लिए मांगे वोट। इस दौरान उन्होंने लाल झंडे के लिए मतदान का आह्वान किया।

# भाजपा– कांग्रेस की लड़ाई को बसपा बना रही त्रिकोणीय

**जांजगीर- चांपा संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित छत्तीसगढ़ की जांचगीर- चांपा लोकसभा सीट पर भाजपा लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज करने को बेकरार नजर आ रही है, जबकि इस संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा सीटों को जीतने वाली कांग्रेस हर हाल में इस सीट पर कब्जा करने को आतुर दिख रही है। प्रदेश की सत्ता में पूर्ण बहुमत से काबिज हुई भाजपा को इस क्षेत्र के मतदाताओं ने नकार दिया था इस वजह से भी कांग्रेस को लगता है कि मतदाता लोकसभा चुनाव में भी उसके साथ होंगे। हालांकि कांग्रेस नेताओं को बसपा से ज्यादा उम्मीदें हैं। उन्हें लगता है कि बसपा मुकाबले को त्रिकोणीय बनाएगी इससे कांग्रेस को यह सीट आसानी से मिल जाएगी। बसपा ने इस इस पर जीत तो कभी दर्ज नहीं की लेकिन पार्टी एक लाख से ज्यादा वोट हर चुनाव में पाती है।

भाजपा ने इस सीट पर पहली बार 1989 में जीत दर्ज की थी, जबकि 1991 के चुनाव में पार्टी हार गई थी। 1996 के चुनाव में भाजपा को फिर जीत मिली लेकिन 1998 और 1999 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने नकार दिया। 2004 के चुनाव में भाजपा को यहां के मतदाताओं ने अपनाया। 2009, 2014 और 2019 में भी भाजपा का कब्जा इस सीट पर हुआ लेकिन विधानसभा चुनाव में यहां के मतदाताओं ने भाजपा को आठ विधानसभा सीटों पर हराकर जोर का झटका दिया है। इससे पार्टी के रणनीतिकार परेशान हैं और उन्हें इस बात का डर सता रहा है कि कहीं विधानसभा चुनाव की तरह ही मतदाता इस बार भी कांग्रेस के साथ न चले जाएं। इस बार भाजपा ने कमलेश जांगड़े को मैदान में उतारा है तो कांग्रेस ने पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया पर दांव लगाया है। बसपा के महावत के रूप में डॉ. रोहित डहरिया मैदान में हैं।




## 42 फीसद से अधिक हैं पिछड़ी जाति के मतदाता

- इस क्षेत्र में 20 लाख 52 हजार मतदाता हैं। इनमें पिछड़ी जाति के मतदाताओं की संख्या 42 प्रतिशत से अधिक है। जबकि सामान्य वर्ग के मतदाता लगभग सात फीसद हैं। अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या 25 प्रतिशत है। अनुसूचित जनजाति के मतदाताओं की संख्या 11.6 प्रतिशत तो मुस्लिम एक प्रतिशत, ईसाई मतदाता 0.18 प्रतिशत और जैन धर्म के मतदाताओं की संख्या 0.06 प्रतिशत हैं।

## बेरोजगारी और महंगाई को मुद्दा बना रही कांग्रेस

- कांग्रेस ने इस सीट पर बेरोजगारी, महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश की है। पार्टी नेता और कार्यकर्ता लोगों को यह बताने में जुटे हैं कि उन्हें मुफ्त में अनाज देकर न सिर्फ बेरोजगार बनाया जा रहा है बल्कि रोजगार के अवसर भी खत्म किए जा रहे हैं। गैस सिलेंडर की कीमतों के साथ ही अनाज की बढ़ी कीमतों को भी कांग्रेस भुना रही है। जबकि भाजपा लगातार मोदी की गारंटी के बारे में बताकर किसानों, युवाओं और महिलाओं से वोट मांग रही है।

## एक नजर

### नक्सलियों ने की कांग्रेस नेता की हत्या

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों ने कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनपद पंचायत सदस्य की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोटाली गांव में संदिग्ध नक्सलियों ने जोगा पोड़ियाम की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार पोड़ियाम अपने घर पर थे तब शुक्रवार देर रात कुछ हथियारबंद लोग वहां पहुंचे और उन्होंने धारदार हथियार से पोड़ियाम की हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना हुआ। क्षेत्र में तलाश अभियान तेज कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार नक्सलियों ने 2018 में पोडियाम को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी और उनसे क्षेत्र में विकास कार्यों का समर्थन नहीं करने को कहा था। उन्होंने बताया कि लगभग 10 वर्ष पहले नक्सलियों ने पोडियाम के बेटे को जिंदा जला दिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शराब बरामदगी के मामले में दो भाई को सजा

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय के उत्पाद न्यायाधीश ने शनिवार को शराब बरामदगी के मामले में दो सगे भाई को सजा सुनायी। विशेष न्यायाधीश उत्पाद द्वितीय अतुलबीर सिंह ने मामले में सुनवाई की। अदालत ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर पछियारी टोला निवासी कृष्णा राय के दो पुत्र मुकेश राय और प्रमोद कुमार को पांच-पांच वर्ष सश्रम कैद एवे एक एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि अदा नहीं भरने पर दोषियों को एक-एक वर्ष की कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। सोनपुर थानाध्यक्ष अकील अहमद ने 14 अक्टूबर 2021 को सूचना के आधार पर आरोपितों के घर पर छापामारी की थी। पुलिस को देख तीनो भाई घर से फरार हो गये। पुलिस ने घर की तलाशी ली तो एक कमरा तथा खेत मे छिपा कर रखा गया 950 लीटर विदेशी शराब की पैक बोतल को बरामद किया गया।

### हिमाचल प्रदेश में फिर से हुआ दराट कांड एक ही परिवार के चार लोग घायल

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के जिला कांगड़ा के उप मंडल पालमपुर में दराट से हमला करने का एक और मामला सामने आया है। मामला पालमपुर के सिहर का बताया जा रहा है, जहां पर बेटे और पिता ने परिवार के चार सदस्यों पर शनिवार सुबह दराट से हमाला किया, जिसमें चारों घायल हो गये। बताया जा रहा है कि मामला जमीनी विवाद के चलते दूसरे पक्ष ने परिवार के चार सदस्यों पर दराट से हमला किया है। पिछले काफी समय से कोर्ट में केस चला हुआ था, लेकिन बीते दिन उसका निर्णय जब सामने आया तो हमला करने वाला पक्ष हार गया। इसमें घायल हुए मदन भाटिया ने बताया कि जमीनी का केस जीतने पर विरोधी पार्टी जो की केस हार गई थी, उसने उनके परिवार पर दराट से हमला कर उन्हें लहूलुहान किया। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह जब आरोपी के पिता और पुत्र आए तो उनकी पत्नी और पिता पर दरार से हमला कर दिया। इस दौरान मदन भाटिया अपने पत्नी और पिता को बचाने गए तो वह भी घायल हुए हैं। दराट से हमला करने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए हैं और परिवार के चार सदस्यों को बुरी तरह से जख्मी किया हुआ है।

### छत्तीसगढ़ में ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में चार लोगों की गई जान

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के मुलमुला थाना क्षेत्र में शनिवार को ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार हादसे में पिता-पुत्र और मां-बेटी की जान गई है। पूरा मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के अरसमेटा मोड़ का है। मुलमुला थाना के अनुसार घायल महिला को बिलासपुर के सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जहां महिला ने दम तोड़ दिया। वहीं हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने और पीड़ितों के परिजन और ग्रामीण ने मौके पर पहुंचकर चक्का जाम कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान रामकुमार कश्यप (47), पत्नी शतरूपा बाई (42), बेटा चंद्र प्रकाश कश्यप (19) और तीन साल की छोटी बेटी के रूप में हुई है। सभी पीड़ित कोनारगढ गांव से जन्मदिन मानने के लिए परसदा गांव जा रहे थे। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक फरार हो गया।

# कांग्रेस नीत इंडी गठबंधन की योजना पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने की: मोदी

## कांग्रेस कर्नाटक मॉडल देश में लागू करना चाहती है, जिससे मुसलमानों को ओबीसी के 27% कोटे में शामिल कर सके

**कोल्हापुर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडी' गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि वह सत्ता में आने की स्थिति में पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाने पर विचार कर रहा है। मोदी ने पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में चुनावी रैली में कहा कि विपक्षी गठबंधन तीन अंकों के आंकड़े या सरकार बनाने के दरवाजे तक भी नहीं पहुंच सकता, लेकिन अगर उसे मौका मिला तो उसकी योजना हर साल एक प्रधानमंत्री बनाने की है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने बारी-बारी से मुख्यमंत्री का पद 2.5 साल के बाद उपमुख्यमंत्री को सौंपने की योजना बनाई है। उसके पास छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी यह व्यवस्था थी। कांग्रेस कर्नाटक मॉडल को देश में लागू करना चाहती है, जिसमें मुसलमानों को ओबीसी के 27 प्रतिशत कोटे में शामिल किया गया है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन ने सामाजिक न्याय की हत्या करने की कसम खा रखी है। कांग्रेस तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए इतना नीचे गिर गई है। कांग्रेस संविधान को बदलना



• पश्चिमी महाराष्ट्र के कोल्हापुर में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री ने गठबंधन पर जमकर किया हमला

चाहती है और धर्म आधारित आरक्षण के लिए दलितों, ओबीसी से आरक्षण का लाभ छीनना चाहती है।मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने न केवल अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया, बल्कि इसकी प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण को भी अस्वीकार कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2-0 से आगे चल रहा है। उन्होंने कहा कि कोल्हापुर को फुटबॉल हब के रूप में जाना जाता है। दूसरे चरण का मतदान पूरा होने के साथ, मैं कहूंगा कि राजग 2-0 से आगे चल रहा है, जबकि भारत विरोधी नीतियों और नफरत की राजनीति में लगे कांग्रेस गठबंधन ने दो सेल्फ-गोल किए हैं।

मोदी ने कहा कि मुझे यकीन है कि मतदाता तीसरे चरण में ऐसा गोल करेंगे कि इंडी गठबंधन परास्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बाद के चरणों में भी इंडी गठबंधन को करारी शिकस्त दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में कहा गया है कि अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाएगा और सीएए को निरस्त किया जाएगा। क्या कोई मोदी के फैसले को बदल सकता है? और यदि वे ऐसा करते हैं, तो क्या उन्हें पता है कि इसका क्या परिणाम होगा?

### कांग्रेस विरासत कर लगाकर लोगों से उनकी विरासत छीनना चाहती है

संपत्ति बंटवारे को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे आपकी संपत्ति तलाश कर उन लोगों को बांटना चाहते हैं, जिनका पार्टी ने देश के संसाधनों पर पहला हक बताया था। कांग्रेस विरासत कर लगाना चाहती है और लोगों से उनकी विरासत छीनना चाहती है। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का थोड़ा सा भी मौका नहीं मिलना चाहिए।

# संदेशखालि में हथियार बरामदगी का कोई सबूत नहीं : ममता

**कुल्टी (प. बंगाल), एजेंसी**



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि सीबीआई ने राज्य पुलिस को सूचित किए बिना संदेशखालि में छापेमारी की और हथियार बरामदगी का कोई सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि बरामद वस्तुएं केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा लाई गई होंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर बंगाल में पटाखा भी फूटता है, तो एनआईए, सीबीआई, एनएसजी जांच करने आ जाती हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कोई युद्ध चल रहा हो। राज्य पुलिस को सूचित नहीं किया गया। क्या मिला पता नहीं। कोई सबूत नहीं है। बरामद की गई चीजें संभवतः सीबीआई द्वारा कार में लाई गई होंगी। बनर्जी आसनसोल सीट से टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के लिए रैली को संबोधित कर रही थीं।

अधिकारियों ने कहा कि सीबीआई ने शुक्रवार को संदेशखालि में टीएमसी नेता रहे शाहजहां शेख के सहयोगी के दो परिसरों पर छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया था। शेख के समर्थकों द्वारा 29 फरवरी को ईडी की टीम पर हमला की घटना के सिलसिले में यह छापेमारी की गई। सीबीआई, बम निरोधक दस्ते, एनएसजी, केंद्रीय अर्द्धसैन्य बलों और पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में सुंदरबन के किनारे गांव में कार्रवाई की।

### सीबीआई छापे की निर्वाचन अधिकारी से शिकायत

**कोलकाता।** टीएमसी ने प. बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की कि सीबीआई ने राज्य में दूसरे चरण के मतदान के दौरान संदेशखालि में खाली स्थान पर जानबूझकर अनैतिक तरीके से छापेमारी की थी। जब शुक्रवार को दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर मतदान हो रहा था तो केंद्रीय एजेंसी ने संदेशखालि में छापेमारी की।

# आबकारी नीति मामले में मनमाने ढंग से ईडी ने किया काम : केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में बेहद मनमाने ढंग से काम किया। अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका के संबंध में ईडी के हलफनामे पर जवाब में केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने हमेशा जांच में सहयोग किया है।

आप के नेता ने कहा कि ईडी ने शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा है कि उनकी गिरफ्तारी की एक वजह यह थी कि वह नौ बार तलब किए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं हुए थे। ऐसे मामले में जांच अधिकारी का यह राय बनाना उचित था कि हिरासत में पूछताछ से आरोपी से ठोस पूछताछ हो पाएगी। उन्होंने कहा कि जवाब के आशय, पाठ और सामग्री से कोई संदेह नहीं रह जाता है कि ईडी ने कानून की उचित प्रक्रिया का अपमान करते हुए बहुत ही मनमाने तरीके से काम किया है।

केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी के जवाब में उसके रुख को समग्र रूप से देखने से उसकी कार्यवाही में साफ झूठ उजागर हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड से पता चलेगा कि महत्वपूर्ण



• गिरफ्तारी को चुनौती वाली याचिका पर ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में रखा अपना पक्ष

विवरण और जानकारी मांगने के दौरान उन्हें जारी किए गए प्रत्येक समन का विधिवत जवाब दिया गया था, जिसे किसी भी परिस्थिति में ईडी द्वारा गोपनीय होने का दावा नहीं किया जा सकता है।

केजरीवाल ने दावा किया कि ईडी ने कभी भी उनके द्वारा जांच में असहयोग का खुलासा नहीं किया। केजरीवाल को किसी अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से न बुलाने या उनसे लिखित में या डिजिटल माध्यम से दस्तावेज न मांगने और व्यक्तिगत रूप से उनकी उपस्थिति पर जोर देने की क्या जरूरत थी, यह पता नहीं चल पा रहा है। उनकी याचिका स्वीकार किये जाने योग्य है और वह तुरंत रिहा किए जाने के हकदार हैं। अदालत में दाखिल हलफनामे में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल आबकारी नीति घोटाले के सरगना और साजिशकर्ता हैं और सबूत के आधार पर अपराध के लिए किसी की गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन नहीं करती है।

# मतदान प्रतिशत कम करने को चुनावी तंत्र पर माकपा का कब्जा

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

• कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने दूसरे चरण के मतदान के बाद केरल सरकार पर साधा निशाना

केरल की 20 सीट पर मतदान के एक दिन बाद कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य में मतदाताओं को परेशान किया गया और सत्तारूढ़ माकपा ने चुनावी तंत्र को कब्जे में ले लिया ताकि मतदान प्रतिशत कम रहे। कांग्रेस ने 13 राज्यों की 88 सीट के लिए हुए दूसरे चरण के चुनाव में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा जताते हुए दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भाजपा समर्थक लहर का बनाया गया फर्जी माहौल ध्वस्त हो गया है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देश में पहले दो चरण के मतदान के बाद उन सभी राज्यों में कांग्रेस कार्यकर्ता अच्छे नतीजों को लेकर आश्वस्त हैं, जहां चुनाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि यहां तक कि केरल में भी हम सभी 20 लोकसभा सीट जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि माकपा द्वारा चुनावी तंत्र को कब्जे में लिया जाना 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में इस साल मतदान प्रतिशत कम रहने का एक कारण है।

### राहुल पर टिप्पणी को लेकर अनवर पर केस

**पलक्कड (केरल)।** राहुल गांधी को चौथे दर्जे का नागरिक बताने और उनके डीएनए की जांच कराने संबंधी टिप्पणियों को लेकर वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के विधायक पी वी अनवर पर केस दर्ज हुआ है। अनवर ने 22 अप्रैल को केरल के पलक्कड जिले में चुनावी सभा में यह भी कहा था कि कांग्रेस नेता गांधी उपनाम से बुलाए जाने के लायक नहीं हैं। प्राथमिकी के अनुसार, इस घटना के बाद मजिस्ट्रेट अदालत के निर्देश पर 26 अप्रैल को विधायक के खिलाफ नट्टुकल पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया। वकील बैजू नोएल रोसारिया की शिकायत पर मजिस्ट्रेट अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था।

# संभाला बिरनपुर हत्याकांड की जांच राज्य सरकार ने सीबीआई को सौंपा

**रायपुर, एजेंसी**

सीबीआई ने छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में पिछले वर्ष हुई 22 वर्षीय युवक भुवनेश्वर साहू की हत्या मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। घटना के बाद पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। नई सरकार के गठन के बाद केंद्रीय एजेंसी से जांच करने का अनुरोध किया था।

सरकार द्वारा जारी अधिसूचना पर सीबीआई ने बेमेतरा जिले में युवक की हत्या के संबंध में 12 आरोपियों के खिलाफ शुक्रवार को फिर से मामला दर्ज किया है। साथ ही सीबीआई ने बेमेतरा जिले के साजा पुलिस थाने में 12 लोगों के खिलाफ दर्ज मामले की जांच हाथ में ले ली है। मामले के अनुसार गांव बीरनपुर के सातवीं-आठवीं कक्षा के बच्चे स्कूल से लौट रहे थे तब एक समुदाय के लड़कों ने उनकी पिटाई कर दी, जिस पर गांव में बैठक हुई। जब भुनेश्वर साहू दोस्तों के साथ दोपहर में उस समुदाय के मोहल्ले में गया जहां छत से पथराव किया, जिससे पीड़ित को सिर में चोटें आई। इसके बाद 12 आरोपियों और अन्य ने कथित तौर पर तेज चाकू और घातक हथियारों से उसकी हत्या कर दी।

# थाईलैंड से लाए गए रवि काना को कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

**नोएडा (उप्र)।** थाईलैंड में पकड़े गए कुख्यात अपराधी रवि काना और उसकी सहयोगी काजल झा को भारत वापस भेजे जाने के बाद नोएडा पुलिस ने शनिवार को अदालत में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाईलैंड से प्रत्यर्पण कर लाए गए रवि काना और काजल को शुक्रवार दोपहर को नोएडा पुलिस ने दिल्ली हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया था। रवि के खिलाफ सामूहिक बलात्कार और गैंगस्टर अधिनियम समेत अन्य मामले दर्ज हैं। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने रवि और काजल की गिरफ्तारी पर 50- 50 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था।



### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग-1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165
**चन्दौसी :** शिवालिक- 1000 फ्लैग-1105 बोल्ड- 1145 डीएमओ- 905

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83250 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74300 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 55350-55550 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 74,150 |
| सोना रवा | 74,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 83,600 |
| चांदी (999) | 83,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 82,200 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72600 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71600 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |

### कानपुर मंडी

गेहूं दड़ा 2350-2500, आर. आर.21 2550-2600, गेहूं फारम 2600-2700, जौ 2000 -2100, ज्वार 2000 -4000, बाजरा 2100-2150, मकाई 2200 -2400, चना 5800 -5900, अरहर 9000 -10000, मसूर 5500 -5600, मटर 3700 -4000, उड़द हरा 11000 -11800, उड़द काला 6000 -8000, मूंग 8500 -8800, अरहर फूल 15700-15800, अरहर स्पेशल 13800-14000, चना दाल 7200-7300, मटर दाल 4950-5050, मसूर मलका 7100-7150, मसूर दाल 7300-7350, उड़द दाल 9500- 13000, उड़द धोवा 10700- 13250, मूंग दाल 9500 10500, मूंग धोवा 10000-11500, अरवा 2000 - 2300, बासमती न01. 8500-10000, सेला 2500- 3000, बासमती न 02. 6500 - 7500, आटा1380-1430, मैदा 1350-1400, सूजी 1410-1430, शाहपसंद 1325-1350, लाही 4900-5000, अलसी 4500 -4600

# छह देशों को 99,150 टन प्याज निर्यात करने की अनुमति

## घरेलू उपलब्धता और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने पर लगा था प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने बंगलादेश और पश्चिम एशिया के कुछ देशों सहित छह पड़ोसी देशों को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों कम अनुमान के मद्देनजर पर्याप्त घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मांग बढ़ने पर प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को जारी बयान में बताया कि पड़ोसी छह देश बंगलादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस



और श्रीलंका को 99,150 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी गई है। इन देशों को केंद्रीय एजेंसी नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्याज का निर्यात कराएगी। साथ ही सरकार ने मध्य-पूर्व और कुछ यूरोपीय देशों के निर्यात बाजारों के लिए विशेष रूप से उगाए गए 2000 टन सफेद प्याज का निर्यात करने की भी अनुमति दी है।

केंद्रीय एजेंसियां एनसीसीएफ और नफेड स्टोर-योग्य प्याज की खरीद शुरू करने के लिए खरीद, भंडारण और किसानों के पंजीकरण का समर्थन करने के लिए एफपीओ/एफपीसी/पीएसी जैसी एजेंसियों को जोड़ रही हैं। मंत्रालय के मुताबिक एनसीईएल द्वारा निर्यात की जाने वाली प्याज मुख्यतः महाराष्ट्र से आती है जो देश में प्याज का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है। सरकार ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की मूल्य स्थिरीकरण कोष योजना के तहत रबी सीजन में प्याज के बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने का लक्ष्य तय किया है।

# इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माता सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करें: आईटी सचिव

**चेन्नई।** इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माताओं को नई परियोजनाएं शुरू करते समय देश के सुरक्षा हितों को सुनिश्चित करना चाहिए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने शनिवार को कहा कि सरकार इस विषय पर खुलकर बात कर रही है और कंपनियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया जा रहा है कि किसी परियोजना को तैयार करते समय देश के सुरक्षा हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

कृष्णन ने कहा कि हमने इस बारे में पहले संक्षेप में बात की थी और बताया था कि कैसे साइबर सुरक्षा अधिक से अधिक महत्वपूर्ण होती जा रही है। यह एक ऐसी चीज है जिसके बारे में मैं विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों से कहना चाहूंगा कि हमें हर दिन इस बारे में अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है। वह मद्रास स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और द सदर्न इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसआईसीसीआई) द्वारा आयोजित 10वें जी रामचंद्रन व्याख्यान में बोल रहे थे। साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण होने के साथ राष्ट्रीय जोखिम भी बड़े हैं। यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण है। सरकार कोशिश कर रही है कि इलेक्ट्रॉनिक घटक विनिर्माता किसी उत्पाद को डिजाइन करते समय ही देश के सुरक्षा हितों का ध्यान रखें।

# आईसीआईसीआई बैंक को मार्च तिमाही में 18.5% बढ़कर 11,672 करोड़ का लाभ

**मुंबई, एजेंसी**

निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) में 18.5 प्रतिशत बढ़कर 11,672 करोड़ रुपये रहा है। बैंक के लाभ में इतनी वृद्धि कम प्रावधानों से हुई। 2022-23 की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 9,853 करोड़ रुपये था।

कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एकल आधार पर बैंक का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 17.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10,708 करोड़ रुपये रहा था, जबकि





मार्च, 2023 तिमाही में यह 9,122 करोड़ रुपये था। कंपनी की मूल शुद्ध ब्याज आमदनी 8.1 प्रतिशत बढ़कर 19,093 करोड़ रुपये रही। इसमें कर्ज में 16.8 प्रतिशत वृद्धि और शुद्ध ब्याज मार्जिन 4.90 प्रतिशत से घटकर 4.40 प्रतिशत रह गया। पूरे पिछले वित्त वर्ष के लिए बैंक का एकल आधार पर शुद्ध लाभ 40,888 करोड़ रहा, जो 2022-23 में 31,896 करोड़ रुपये था। बैंक की गैर-ब्याज आय 15.7 प्रतिशत बढ़कर 5,930 करोड़ हो गई। बैंक का प्रावधान मार्च तिमाही में आधे से ज्यादा घटकर 718 करोड़ रुपये रह गया। भारी प्रतिस्पर्धा के बीच बैंक की जमा में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। असुरक्षित कर्ज पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चिंता जताने के कुछ महीनों बाद आईसीआईसीआई बैंक के कार्यकारी निदेशक संदीप बत्रा ने कहा कि इसने व्यक्तिगत ऋण वृद्धि को घटाकर 32.5 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 37 प्रतिशत था, जबकि क्रेडिट कार्ड बकाया में वृद्धि 35.6 प्रतिशत रही।

# आईसीटी विवाद पर फैसला 26 जुलाई तक टालने का डब्ल्यूटीओ से आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

• भारत और चीनी ताइपे आयात शुल्क मामले को सुलझाने में लगे

भारत और चीनी ताइपे ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय से 26 जुलाई तक कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर नई दिल्ली के आयात शुल्क के खिलाफ कोई फैसला नहीं लेने को कहा है क्योंकि दोनों पक्ष मामले को सुलझाने में लगे हुए हैं।

यह मुद्दा 26 अप्रैल को जिनेवा में विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) की बैठक के दौरान उठा। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने विवादों के समाधान को सुविधाजनक बनाने में मदद के लिए डीएसबी को 26 जुलाई तक विवाद पैनल की रिपोर्टों पर विचार करने में देरी करने को कहा है। निकाय इस पर सहमत हो गया है। इससे पहले भी डीएसबी ने रिपोर्टों पर विचार करने में देरी के लिए भारत और चीनी ताइपे के तीन पिछले अनुरोधों पर सहमति व्यक्त की थी। डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, आदेश जारी होने के 60 दिनों के भीतर पैनल के फैसले को डीएसबी द्वारा कार्यान्वयन के लिए अपनाना होगा। दोनों देश परस्पर निर्णय को अपनाने में देरी के लिए डीएसबी से अनुरोध कर सकते हैं।

# पपीता की बेहतर उपज के लिए पूसा की नई तकनीक

पपीता की लाभकारी उपज के लिए अखिल भारतीय फल अनुसंधान परियोजना, डॉ राजेंद्र प्रसाद सेंट्रल एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, पूसा समस्तीपुर, बिहार के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है। इससे आप बेहतर उपज के साथ लाभ कमा सकते हैं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एसके सिंह के अनुसार पपीता की फसल को विषाणुजनित बीमारी पपाया रिंग स्पॉट विषाणु रोग से बचाने के लिए 2 प्रतिशत नीम के तेल, जिसमे 0.5 मिली प्रति लीटर स्टीकर मिला कर एक-एक महीने पर छिड़काव आठवें महीने तक करना चाहिए। उच्च क्वालिटी के फल एवं पपीता के पौधों में रोगरोधी गुण पैदावार के लिए यूरिया 4 ग्राम+जिंक सल्फेट 4 ग्राम+बोरान 4 ग्राम/लीटर पानी में घोलकर एक एक महीने पर छिड़काव आठवे महीने तक करना चाहिए।



पपीता का वैज्ञानिक नाम कैरिका पपाया है, जिसका भारत, ब्राजील, इंडोनेशिया, नाइजीरिया और मैक्सिको बड़ा उत्पादक है। पपीते में मुख्यतः तीन प्रकार के पौधे होते हैं, नर पौधे केवल पराग का उत्पादन करते हैं, इस पर फल नहीं लगता है। मादा पौधे एवं उभयलिंगी (हेर्मैफ्रोडाइट) पौधे, जिसमें फल होते है। पपीता में परागण हवा एवं कीटों से होता है। उभयलिंगी पौधों में स्व-परागण होता हैं। सभी वाणिज्यिक पपीता की किस्मों में केवल उभयलिंगी पौधे होते हैं। भारत में उगाई जाने वाली किस्म रेड लेडी भी उभयलिंगी है। कुछ किसान सोलो टाइप पपीते की भी खेती कर रहे हैं, जिसमे नर एवं मादा पुष्प अलग अलग पौधों पर होते है। पपीता के लिए आदर्श तापमान 21 से 36 डिग्री सेंटीग्रेट सर्वोत्तम है। पपीता की फसल गर्म मौसम में नमी और ठंडे में शुष्क प्रकृति के साथ अच्छा फूल आता है। इसके लिए मिट्टी का पीएच 6 से 7 के बीच में अच्छा होता हैं। इसकी खेती के लिए पर्याप्त जल निकासी वाली मिट्टी का होना अनिवार्य है, क्योकि यदि खेत में 24 घंटे से ज्यादा पानी रुका तो पपीता को बचाना असंभव है। पपीते के बीजों को पॉलीथिन बैग में अच्छी जड़ वाले मीडिया के साथ भी बोया जा सकता है। प्रतिकूल वातावरण, कीटों और बीमारियों से नर्सरी की रक्षा के लिए सुरक्षात्मक संरचना में (लो कास्ट पाली टनल) उगाने की जरूरत होती है। 30 से 45 दिन के पौधों को मुख्य क्षेत्र में रोपाई कर सकते है।

उचित फलन के लिए संतुलित कार्बन नाइट्रोजन अनुपात होना आवश्यक है। 25-30 किग्रा गोबर की खाद जिसमे बायोफर्टिलाइज़र मिश्रण मिला हो, फसल की वृद्धि और रोग प्रतिरोधक को बढ़ाने में सहायक होते है। पपीता की खेती में प्रति वर्ष 1-2 किग्रा प्रति पौधा नीम केक/जैव उर्वरक/वर्मी कम्पोस्ट में से कोई एक या तीनों का मिश्रण तीन से चार बार प्रयोग करते है, उसी समय से अच्छी उपज प्राप्त होती है। अकार्बनिक उर्वरक यथा नाइट्रोजन-200-250 ग्राम, फास्फोरस-200-250 ग्राम, पोटेशियम 200-250 ग्राम प्रति वर्ष प्रति पौधा में दो दो महीने पर चार बार या तीन तीन महीने पर तीन बार उर्वरकों के प्रयोग से अधिकतम लाभ मिलता है।

(प्रोफेसर डॉ. एसके सिंह)

## एक नजर

### फिलिस्तीन का समर्थन तेज, एक दर्जन अमेरिकी विवि में प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिका में इजराइल विरोधी आंदोलन तेज होते जा रहे हैं। यह प्रदर्शन अब तक अमेरिका की 12 से ज्यादा यूनिवर्सिटी में फैल चुका है। इसमें 543 से ज्यादा छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है। लॉस एंजिलिस पुलिस डिपार्टमेंट ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलिना में प्रदर्शन कर रहे 93 लोगों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए यूनिवर्सिटी ने अपनी ग्रेजुएशन सेरेमनी को रद्द कर दिया है। इमोरी, ओहियो स्टेट, मिनेसोया और कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी में भी प्रदर्शन जारी हैं

### नगालैंड में व्यापारिक प्रतिष्ठानें अनिश्चितकालीन तक बंद रहेंगी

**कोहिमा।** नगालैंड में भूमिगत समूह की ओर से जबरन वसूली किए जाने के विरोध में व्यापारिक प्रतिष्ठानों का अनिश्चितकालीन बंद शनिवार को शुरू हो गया, जिसके कारण बाजार और निजी कार्यालय बंद रहे। सबसे पहले शुक्रवार को राज्य की वाणिज्यिक राजधानी दीमापुर में व्यापारिक प्रतिष्ठानों का बंद शुरू हुआ था, जिसके बाद 'कन्फेडरेशन ऑफ नगालैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (सीएनसीसीआई) के आह्वान पर अन्य जिले भी इसमें शामिल हो गए। सीएनसीआई ने कहा कि बैंक, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों को इस बंद के दायरे से बाहर रखा गया है।

### चीन ने पाकिस्तान के लिए निर्मित हैंगर श्रेणी की पनडुब्बी की लांच

**इस्लामाबाद।** चीन ने पाकिस्तान को अत्याधुनिक युद्धपोत उपलब्ध कराने के लिए आठ हैंगर श्रेणी की पनडुब्बियों में से पहली लांच की है। वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप (डब्ल्यूएसआइजी) शुआंगलिउ बेस पर शुक्रवार को आयोजित लांच समारोह में पाकिस्तान नौसेना प्रमुख एडमिरल नवीद अशरफ ने भाग लिया। डब्ल्यूएसआइजी द्वारा किया जाना है, जबकि शेष चार का निर्माण प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) समझौते के तहत केएस एंड ईडब्ल्यू (कराची शिपयार्ड एंड इंजीनियरिंग वर्क्स) में किया जा रहा है। उन्नत तकनीक से लैस इन पनडुब्बियों को खतरनाक वातावरण में संचालित करने के लिए अत्याधुनिक हथियारों और सेंसरों से सुसज्जित किया जाना है।

### रूस ने यूक्रेन के चार ताप विद्युत संयत्र पर किया मिसाइल हमला

**कीव।** रूस ने रात भर यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के चार ताप विद्युत संयंत्र (टीपीपी) पर मिसाइल हमले किए। कंपनी के अनुसार रूसी हवाई हमलों से टीपीपी में विद्युत उपकरणों को काफी क्षति पहुंची है। ऊर्जा मंत्रालय ने टेलीग्राम पोस्ट में जानकारी दी है कि, रूस ने यूक्रेन के पश्चिमी ल्वीव और इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्रों और सेंट्रल निप्रॉपेट्रोव्स्क क्षेत्र में हमल कर ऊर्जा बुनियादी ढांचे की सुविधाएं को नुकसान पहुंचाया है। कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि रूसी हमलों के कारण डीटीईके की 80 प्रतिशत उत्पादन क्षमता खत्म हो गई है।

## लंबे छक्के मारने के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को सैनिक प्रशिक्षण केंद्र भेजा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में फौज को हर मर्ज की दवा माना जाता है। पड़ोसी देश के क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सुपर लीग के दौरान खिलाड़ियों को लंबे छक्के नहीं मार पाने पर फटकार लगाई। ड्रेसिंग रूम में उन्होंने खिलाड़ियों को कहा, 'मैं आप लोगों की फिटनेस दुरुस्त करूंगा। इसके बाद नकवी ने सुपर लीग खत्म होते ही क्रिकेटरों को काकुल की पाकिस्तान मिलिट्री एकेडमी में 14 दिन की ट्रेनिंग के लिए भेज दिया। ट्रेनिंग में खिलाड़ियों ने पहाड़ों की चढ़ाई और पत्थरों को उठाया। इससे पाकिस्तान के स्टार बैटर मोहम्मद रिजवान, इरफान नियाजी व आजम खान चोटिल हो गए। जिससे रिजवान व इरफान को न्यूजीलैंड सीरीज अधूरी छोड़नी पड़ी। जबकि आजम कोई मैच ही नहीं खेल पाए। इन तीनों के 2 जून से होने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से आयरलैंड व इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज खेलने पर भी सवाल खड़ा हो गया है। ट्रेनिंग में क्रिकेटरों को फिजिकल हर्डल, बर्मा ब्रिज कराई गई। खिलाड़ियों को एक-दूसरे की पीठ पर लादकर दौड़ाया गया। जैसा कि युद्ध में फौजी चोटिल साथी को पीठ पर लादकर ले जाते हैं।



## क्या है ईवीएम... भारत में सबसे पहले कहां हुआ इस्तेमाल, आइए जानें

*लोकसभा और प्रदेश विधानसभा चुनावों में ईवीएम के उपयोग से मतदान से लेकर मतगणना तक चीजें आसान हो गई हैं। इतना ही नहीं, ईवीएम ने चुनाव करवाने का खर्च भी बहुत हद तक कम कर दिया है। हमारे देश में सालोंभर कहीं ना कहीं चुनाव होते ही रहते हैं, इस कारण भी ईवीएम का महत्व काफी बढ़ गया है। अभी हमारे देश में ईवीएम के दूसरे संस्करण का उपयोग हो रहा है जिसकी क्षमता पहले संस्करण के मुकाबले काफी ज्यादा है। आइए जानते हैं ईवीएम के बारे में महत्वपूर्ण सवालों के जवाब...*

### एक मशीन में होती हैं दो इकाइयां

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) वोट रिकॉर्ड करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। एक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में दो इकाइयां होती हैं- एक नियंत्रण इकाई और दूसरी मतदान इकाई जो पांच मीटर की केबल से जुड़ी होती है। कंट्रोल यूनिट को पीठासीन अधिकारी या मतदान अधिकारी के पास रखा जाता है जबकि वोटिंग यूनिट को वोटिंग कंपार्टमेंट के अंदर रखा जाता है।



### क्या है वीवीपैट

वीवीपैट एक तरह की मशीन होती है, जिसे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ जोड़ा जाता है। इस व्यवस्था के तहत मतदाता द्वारा वोट डालने के तुरंत बाद कागज की एक पर्ची बनती है। इस पर जिस उम्मीदवार को वोट दिया गया है, उनका नाम और चुनाव चिह्न छपा होता है। यह व्यवस्था इसलिए है ताकि किसी तरह का विवाद होने पर ईवीएम में पड़े वोटों के साथ पर्ची का मिलान किया जा सके। ईवीएम में लगे शीशे के एक स्क्रीन पर यह पर्ची सात सेकेंड तक दिखाई देती है। इसे डिजायन करने का श्रेय भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने को जाता है। जिन्होंने साल 2013 में इसे तैयार किया था।



### ईवीएम में कितने उम्मीदवारों के नाम हो सकते हैं रिकॉर्ड

वर्ष 2006 से 2010 तक एम 2 ईवीएम उपयोग किए जाते थे। उस ईवीएम में नोटा सहित अधिकतम 64 उम्मीदवारों के नाम डाले जा सकते थे। एक बैलेटिंग यूनिट में 16 उम्मीदवारों के नाम डाले जाने की सीमा है। यदि उम्मीदवारों की कुल संख्या 16 से अधिक है, तो एक बैलॉटिंग यूनिट जोड़ दिया जाता था। इस तरह एम 2 ईवीएम में अधिकतम 4 बैलॉटिंग यूनिट जोड़कर ज्यादा से ज्यादा 64 उम्मीदवारों के नाम दर्ज किए जा सकते थे। हालांकि, वर्ष 2013 से एम 3 ईवीएम का उपयोग होने लगा जिसमें चार की जगह अधिकतम 24 बैलॉटिंग यूनिट जोड़े जा सकते हैं। यानी अब 384 उम्मीदवारों तक के नाम दर्ज किए जा सकते हैं।

### इस्तेमाल कब और कहां हुआ था

भारत में ईवीएम का उपयोग पहली बार वर्ष 1982 में केरल के (70) परूर विधानसभा क्षेत्र में किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा उपयोग की जा रही एक ईवीएम अधिकतम 2,000 वोट रिकॉर्ड कर सकती है।

**क्या है खासियत-** यदि कोई शख्स चुनाव के दौरान वीवीपैट की पर्ची में अपने द्वारा किसी अलग उम्मीदवार का नाम आने की बात करता है, तो चुनाव अधिकारी उस मतदाता से पहले एक हलफनामा भरवाते हैं। इसके तहत मतदाता को बताया जाता है कि सूचना के गलत होने उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने का प्रावधान है।

### सऊदी-चीन की शर्तों के आगे झुकी सत्ता, इमरान की सेना को दो टूक

# पाकिस्तान को गुलाम बनाने वालों से समझौता नहीं... जेल में ही रहूंगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बार फिर देश की सेना और सरकार पर निशाना साधा। साथ ही उन अटकलों को दूर कर दिया, जिसमें कहा जा रहा था कि वह मौजूदा हालातों को सुधारने के लिए सत्ताधारियों से बात करने को तैयार हैं। खान ने देश को गुलाम बनाने वालों के साथ समझौता करने से इनकार करते हुए कहा कि वह नौ साल और जेल में रहने के लिए तैयार हैं, लेकिन उनके साथ कभी कोई समझौता नहीं करेंगे।



पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 28वें स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जारी एक संदेश में खान ने कहा कि देश पर सबसे खराब तानाशाही थोपी गई है जो अर्थव्यवस्था, सरकारी शासन, लोकतंत्र और न्यायपालिका की बर्बादी का आधार बन रही है। उन्होंने देश को बर्बादी की ओर बढ़ने से रोकने में हर व्यक्ति से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह मेरा राष्ट्र के लिए संदेश है कि मैं देश की वास्तविक स्वतंत्रतता के लिए कोई भी बलिदान दूंगा, लेकिन कभी भी अपने या अपने देश की स्वतंत्रता से समझौता नहीं करूंगा। गौरतलब है, अप्रैल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव में सत्ता से हटने के बाद से, 71 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने को कम से कम चार मामलों में दोषी ठहराया गया है।

### जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान से सुलह चाहती है सेना


पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान से अब पाकिस्तानी सेना सुलह चाहती है क्योंकि चीन और सऊदी अरब निवेश के लिए सियासी शांति का माहौल तैयार करने की शर्त रख दी है। हाल में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने पाक यात्रा के दौरान कहा कि देश राजनीतिक तनाव खत्म कर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाए। पिछले साल चीनी विदेश मंत्री ने भी तत्कालीन पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर से राजनीतिक अनिश्चितता को खत्म करने के लिए कहा था। इसी बीच, पाकिस्तान ने सऊदी अरब को आश्वासन दिया है कि निकट भविष्य में राजनीतिक माहौल में सुधार होगा क्योंकि सेना और इमरान के बीच बातचीत चल रही है। सेना और इमरान के बीच जेल में सीक्रेट मीटिंगों का दौर चल रहा है।

### मई के दंगों की जिम्मेदारी लें इमरान

जेल में मीटिंग के दौरान पाकिस्तानी सेना की तरफ से इमरान से कहा गया कि या तो वह 9 मई के दंगों की जिम्मेदारी लें या कड़ी कार्रवाई का सामना करें। इमरान ने जिम्मेदारी लेने से इनकार करने के साथ-साथ अदियाला जेल में मीडिया से बात करते हुए अपनी पत्नी बुशरा बीबी को कथित तौर पर जहर देने के लिए जनरल असीम मुनीर को जिम्मेदार ठहरा दिया।

### अब्बासी कर रहे हैं मध्यस्थता

इमरान और सेना के बीच सुलह के लिए दो तटस्थ राजनेता और एक से. लेफ्टिनेंट जनरल मध्यस्थता कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक नवाज के करीबी रहे शाहिद खाकन अब्बासी मध्यस्थता कर रहे हैं। मरियम को पीएमएलएन का वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाने के बाद अब्बासी ने पार्टी छोड़ दी और आम चुनाव नहीं लड़ा था।



### अमेरिका में भीषण तूफान से इमारतें ढहीं

**ओमाहा (अमेरिका)।** मध्यपश्चिमी अमेरिका में शुक्रवार को भीषण तूफान ने जमकर कहर बरपाया जिससे नेब्रास्का राज्य के ओमाहा में कई इमारतें ढह गई जिसके मलबे में कई लोग दब गए हैं और सैकड़ों मकान क्षतिग्रस्त हो गए। दबे लोगों की तलाशी अभियान चलाया है। तूफान से शुक्रवार रात तक कई लोगों के घायल और अधिक जनमाल का नुकसान हुआ है। प्राधिकारियों ने बताया कि इमारत के मलबे में कई लोग फंस गए लेकिन सभी को बचा लिया गया और उन्हें जानलेवा चोटें नहीं आयी हैं। कई हिस्सों में तूफान की चेतावनी जारी की है।

## आंतरिक कलह के बाद नवाज संभालेंगे पार्टी की कमान

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



- **आयोग्य ठहराए जाने के 7 साल बाद पूर्व पीएम ने छोड़ा था पद**

पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ अगले महीने से सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की कमान फिर से संभालने के लिए तैयार हैं।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोग्य ठहराए जाने के सात साल बाद उन्होंने अपना पद छोड़ा था। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि 11 मई को पार्टी की बैठक में 74 वर्षीय नवाज शरीफ को पीएमएल-एन का अध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। पार्टी में जारी आंतरिक तनाव को देखते हुए नवाज शरीफ को फिर एक बार पार्टी का अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया। 2017 में पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री और पार्टी के अध्यक्ष के तौर पर अयोग्य घोषित कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने शरीफ पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को देखते हुए ही यह फैसला सुनाया था। पीएमएल-एन पंजाब के अध्यक्ष राणा सनाउल्लाह ने बताया कि शुक्रवार को पार्टी की बैठक में नवाज शरीफ को फिर से पार्टी का अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया था।

### बर्फ से ढका गांव



**लाहौल :** हिमाचल प्रदेश में पहाड़ों ने एक बार फिर बर्फ की चादर ओढ़ ली है। पिछले कई दिनों से रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है, लेकिन क्रम जारी है। शनिवार को लाहौल स्पीति के कोकसर गांव ने बर्फ की सफेद चादर ओढ ली। जबकि घाटी के शिशु और अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल में अधिक बर्फबारी हुई। ● एजेंसी

## हादसे में 3 भारतीय महिलाओं की मौत

**न्यूयार्क, एजेंसी**

- **गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं तीनों, घटना की जांच में जुटी अमेरिकी पुलिस**

अमेरिका के साउथ कैरोलिना प्रांत में एक सड़क हादसे में तीन भारतीय महिलाओं की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि तेज रफ्तार कार नियंत्रण से बाहर हो गई। कार करीब 20 फीट हवा में उछलकर पेड़ों से टकरा गई। कार ड्राइवर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दुर्घटना में मरने वाली तीनों महिलाएं गुजरात के आणंद जिले की रहने वाली थीं। उनकी पहचान रेखाबेन पटेल, संगीताबेन पटेल और मनीषाबेन पटेल के रूप में की गई। साउथ कैरोलिना हाईवे पेट्रोल के अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना शुक्रवार दोपहर के समय हुई। तीनों महिलाएं भारतीय थीं, जो एसयूवी से तेज गति से जा रही थीं। एसयूवी इतनी तेज गति से चल रही थी कि चार लेन के ट्रैफिक को पार करके दूसरी ओर चली गई और लगभग 20 फीट ऊंचाई तक उछलकर पेड़ों से टकरा गई।



तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जांच चल रही है। हादसे के शिकार लोग जार्जिया में रहते थे। ग्रीनविल काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुख्य उप कोरोनर माइक एलिस ने कहा, 'यह बात साफ है कि वे निर्धारित गति सीमा से ऊपर कार चला रहे थे। यह भी स्पष्ट लग रहा है कि इस सड़क दुर्घटना में कोई अन्य कार शामिल नहीं थी।

### पेड़ में फंसी मिली कार

ग्रीनविल काउंटी कोरोनर कार्यालय के मुख्य उप कोरोनर माइक एलिस ने बताया कि कार दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पर साउथ कैरोलिना हाईवे पेट्रोलिंग, गंट फायर एंड रेस्क्यू और कई ग्रीनविले काउंटी ईएमएस इकाइयों सहित आपातकालीन सेवाएं तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। इस दौरान कार एक पेड़ में फंसी मिली, जो टुकड़ों में टूटी थी। दुर्घटना में बचे एक व्यक्ति को काफी चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जंगली हाथी का आतंक, 2 वनरक्षक समेत 3 को कुचला

**तेजपुर।** असम के सोनितपुर जिले में शनिवार को एक जंगली हाथी के हमले में दो वनरक्षकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। एक वन अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पश्चिम तेजपुर प्रभागीय वन अधिकारी निपेन कलिता ने कहा कि जब वनकर्मी इलाके में गश्त कर रहे थे, तब एक जंगली हाथी पास के ढेकियाजुली जंगल से भटककर धीराई माजुली गांव में घुस गया और तीन लोगों को कुचलकर मौके पर ही मार डाला, जबकि वन विभाग के एक अन्य कर्मचारी को घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान वनरक्षक कोलेश्वर बोरो और बीरेन रावा और स्थानीय व्यक्ति की पहचान जतिन तांती के रूप में की गई है।

## रूस से भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर पर हूती विद्रोहियों का हमला

**काहिरा/लॉस एंजिलिस, एजेंसी**

- **लाल सागर में हुए हमले की ली जिम्मेदारी, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दी जानकारी**

रूस से भारत के लिए निकले एक ब्रिटिश तेल टैंकर जहाज पर लाल सागर में यमन के हूती विद्राहियों ने बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला कर दिया। ईरान समर्थित उग्रवादी संगठन ने शनिवार को इसकी जिम्मेदारी ली। एंड्रोमेडा स्टार तेल टैंकर के मालिक ने जहाज के क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी है। उक्त जहाज रूसी व्यापार में शामिल है, जो रूस के प्रिमोर्स्क से भारत के वाडिनार के लिए निकला था। यूएस सेंट्रल कमांड ने एक्स हैंडल के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि एक मिसाइल दूसरे जहाज एमवी मैशा के पास गिरी, लेकिन उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। बताया कि हूती विद्राहियों ने यमन से लाल सागर में तीन एंटी-शिप बैलिस्टिक मिसाइलें लॉन्च की थी, जिससे एंड्रोमेडा स्टार को हल्का नुकसान हुआ।

हूती प्रवक्ता याह्या सारेया ने कहा कि पनामा झंडा लगा एंड्रोमेडा स्टार ब्रिटिश स्वामित्व वाला था, लेकिन एलएसईजी डेटा और एंब्रे के अनुसार, शिपिंग डेटा से पता चलता है कि इसे हाल ही में बेचा गया था। इसका वर्तमान मालिक सेशेल्स-पंजीकृत है। जहाज पर हमला इजराइल, यूएस और ब्रिटेन से जुड़े जहाजों को निशाना बनाने के हूती विद्रोहियों के अभियान में रुकावट के बाद हुआ है।

**विज्ञान** नासा के वैज्ञानियों ने की घोषणा, वेधशाला बनाने को लेकर कई वर्षों से चल रही है तैयारी

# चांद पर बनेगी गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** चंद्रमा हमारा एक ऐसा उपयोगी स्थान है, जहां से ब्रह्मांडीय अध्ययन पृथ्वी से अधिक कारगर साबित हो सकते हैं। जिसके चलते नासा चांद पर गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला स्थापित करने की तैयारी में जुटने लगा है। योजना सफल रही तो चांद पर वेधशालाओं का भविष्य होगा।

पृथ्वी पर खगोलीय अध्ययन की संभावनाएं दिनोंदिन कम होने लगी है। इसकी वजह प्रकाश प्रदूषण है। साथ ही पृथ्वी के भीतर होने वाली भूकंपीय हलचल के कारण गुरुत्वाकर्षण तरंग जैसी शक्तियों को यहां से पकड़ पाना आसान नही है। जिस कारण वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में वेधशालाएं स्थापित करनी पड़ रही है। मगर यह एक बेहद खर्चीली योजना होती है। जिस कारण चांद पर वेधशालाओं को स्थापित करना कुछ कम खर्चीला हो सकता है। चांद की धरती पर वेधशाला बनाने को लेकर वैज्ञानिकों के बीच मनन पिछले कई वर्षों से चल रहा है। इसकी बड़ी वजह मंगल ग्रह का मार्ग आसान करना है। साथ ही मंगल को अंतरिक्ष के सफर का केंद (डिपो) बनाना वैज्ञानिकों की योजना में शामिल है। अब लगता है कि इसकी शुरुआत गुरुत्वाकर्षण तरंग वेधशाला से हो सकती है। इस योजना को लेकर वैज्ञानिक उत्सुक हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा से गुरुत्वाकर्षण तरंग को आसानी डिटेक्ट करना, पृथ्वी की तुलना में अधिक आसान हैं। पृथ्वी की तुलना में चंद्रमा ठंडा है, बेहद शांत है और भूकंपीय रूप से शोरमुक्त है और हवा के दबाव से भी दूर है। जिस कारण चांद पर गुरुत्वाकर्षण लहर वेधशाला बनाये जाने की तैयारी चल रही है।



चन्द्रमा

### संभव है जल्द इस योजना को मूर्तरूप दिया जाएगा

महत्वकांक्षी इस योजना को नासा समेत कुछ अन्य देश अमली जामा पहनाएंगे। इस योजना को दृष्टि प्रदान करने वाला अमेरिकी लूनर ग्रेविटेशनल-वेव एंटीना (एलजीडब्ल्यूए) है। गुरुत्वाकर्षण शक्ति से हर कोई वाकिफ है। भविष्य में इस शक्ति का उपयोग मानव जीवन के लिए भी किया जा सकता है। इस संभावना को लेकर गुरुत्वाकर्षण वेब पर अध्ययन किए जा रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### फिल्म इंडस्ट्री में चलता है फेवरेटिज्म : परिणीति



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में नेपोटिज्म वास्तविक हो भी सकता है और नहीं भी, लेकिन यहां फेवरेटिज्म जरूर चलता है। परिणीति ने नेपोटिज्म और फेवरेटिज्म पर खुलकर बात की है। उन्होंने कहा कि लोग नेपोटिज्म की बात करते हैं लेकिन उन लोगों पर और ज्यादा दबाव होता है जिसका कोई इंडस्ट्री में होता है। उनकी वजह से आपको पहला मौका मिल जाता है लेकिन लोग स्टार का बच्चा सुपरस्टार की बहन कहते हैं। यदि आप काम अच्छा नहीं करेंगे तो दर्शक रिजेक्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि यदि मेरी बहन (प्रियंका चोपड़ा) उस दिन यशराज फिल्म्स में शूटिंग न कर रही होती, जिस दिन मैं वहां मार्केटिंग की नौकरी पाने के लिए गई थी, तो वह मुझे नहीं मिलती। मेरे घर से कोई एक्टर हैं, इसलिए मैं किसी फिल्म के सेट पर जा पाई, लेकिन बहन के स्टार होने से मुझे कोई फायदा नहीं हुआ, नहीं तो मेरी भी फिल्में चलती। दस सालों में मैंने बहुत बुरा वक्त देखा है।

### अक्षय की फिल्म खेल खेल में 6 सितंबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म खेल खेल में 06 सितंबर को रिलीज होगी। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित ' खेल खेल में ' ' में अक्षय कुमार, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, एमी विर्क, आदित्य सील, प्रज्ञा जयसवाल और फरदीन खान की मुख्य भूमिका है। यह फिल्म 06 सितंबर 2024 को स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, विपुल डी शाह, अश्विन वर्दे, राजेश बहल, शशिकांत सिन्हा और अजय राय द्वारा निर्मित, खेल खेल में, गुलशन कुमार, टी-सीरीज़ और वाकाऊ फिल्म्स और केकेएम फिल्म प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत है। यह फिल्म 06 सितंबर 2024 को देशभर में रिलीज होगी।

